वर्ष-07 - अंक 308
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार ,14 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

उर्वरक वितरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई ................................ 3
शादी विवाह अनुदान योजना से पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवारों को मिला...... 4
भाकियू टिकैत गुट ने निकाला तिरंगा ट्रैक्टर मार्च.................... 11

# कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में भारत का ऐतिहासिक दबदबा

## 13 स्वर्ण समेत 35 पदक जीते, पहली बार भारत ने अपने नाम की विल्किंसन स्वॉर्ड ट्रॉफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तलवारबाजी दल ने कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। चार दिन तक चली प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-23 और सीनियर वर्ग को मिलाकर कुल 35 पदक जीते। इनमें 13 स्वर्ण, आठ रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने प्रतिष्ठित विल्किंसन स्वॉर्ड ट्रॉफी पर भी पहली बार कब्जा जमाया। विल्किंसन स्वॉर्ड ट्रॉफी वर्ष 1982 से कॉमनवेल्थ फेंसिंग फेडरेशन की ओर से उस देश को प्रदान की जाती है, जिसका प्रतियोगिता में ओवरऑल प्रदर्शन सबसे बेहतर रहता है। भारत की यह उपलब्धि देश में तलवारबाजी के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा क्षमता को दर्शाती है। भारतीय फेंसर्स ने सीनियर टीम स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह में से पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारत ने पुरुष साबरे, महिला साबरे, पुरुष एपी, महिला एपी और महिला फॉयल टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते।



पुरुष फॉयल टीम को कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों के इस दबदबे ने पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत कर दी और इसी के साथ टीम ने पहली बार कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप का ओवरऑल खिताब जीत लिया। भारतीय दल ने प्रतियोगिता की शुरुआत ही शानदार अंदाज में की। पहले दिन अंडर-23 व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 17 पदक अपने नाम किए। इनमें चार स्वर्ण, चार रजत और नौ कांस्य पदक शामिल रहे। पुरुष साबरे स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर क्लीन स्वीप किया। निखिल वाघ ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता मजबूत किया। महिला फॉयल में जॉयस अशिता, महिला एपी में प्राची लोहान और महिला साबरे में जेफरलिन ने स्वर्ण पदक हासिल किए। पहले दिन के प्रदर्शन से ही भारतीय दल ने स्पष्ट कर दिया था कि इस बार उसका लक्ष्य केवल पदक जीतना नहीं, बल्कि ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा करना है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीनियर खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय दल ने सीनियर व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कुल सात पदक जीते, जिनमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल रहे। महिला सीनियर एपी स्पर्धा में तनिष्का खत्री ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि खुशी दाभाड़े ने रजत पदक जीतकर भारत का दबदबा कायम रखा। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने भारतीय दल की पदक तालिका को और मजबूत किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी भारतीय फेंसर्स का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। भारत ने इस दिन तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते। सीनियर महिला फॉयल में कनागलक्ष्मी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। सीनियर पुरुष एपी में राजेंद्रन शांतिमोल शेरजिन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सीनियर पुरुष साबरे में सिंह करण सिंह ने शीर्ष स्थान हासिल कर भारत के खाते में एक और स्वर्ण जोड़ा। इन सफलताओं के साथ भारत की पदक तालिका लगातार मजबूत होती गई और ओवरऑल खिताब की दावेदारी पुख्ता होती गई। भारतीय तलवारबाजी की सबसे बड़ी ताकत टीम स्पर्धाओं में देखने को मिली। सीनियर वर्ग में छह टीम स्पर्धाओं में से पांच में भारत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुष और महिला साबरे, पुरुष और महिला एपी तथा महिला फॉयल में भारतीय टीमों ने स्वर्ण पदक जीते।

# स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलों में बनेगी 'वंदे मातरम् वाटिका'

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर योगी सरकार प्रदेश के सभी 75 जिलों में 'वंदे मातरम् वाटिका' स्थापित करेगी। वन विभाग की ओर से शुरू की जा रही इस विशेष पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ राष्ट्रभक्ति और जनसहभागिता का संदेश देना है। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रत्येक जिले में 150 पौधों का रोपण किया जाएगा। यह पौधरोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया जाएगा। प्रदेश में पिछले दिनों वन विभाग की ओर से कई विशिष्ट वनों की स्थापना की गई है। इसी क्रम में अब स्वतंत्रता दिवस पर सभी जनपदों में चयनित स्थानों पर 'वंदे मातरम् वाटिका' विकसित की जाएगी। वन विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। वाटिका में स्थानीय जलवायु और परिस्थितियों के अनुरूप छायादार, फलदार तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग के अनुसार प्रत्येक जनपद में एक स्थान का चयन कर वहां 150 पौधे लगाए जाएंगे। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा यह पौधरोपण प्रकृति संरक्षण और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक होगा। वाटिका की स्थापना केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी स्थानीय स्तर पर तय की जाएगी। इसका



उद्देश्य इन वाटिकाओं को भविष्य में स्थायी हरित धरोहर के रूप में विकसित करना है। लखनऊ में अवध वन प्रभाग की ओर से कुकरैल पिकनिक स्पॉट में 'वंदे मातरम् वाटिका' को विस्तार दिया जाएगा। प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने बताया कि यहां अशोक चक्र का स्वरूप तैयार किया गया है। अशोक चक्र की 24 तीलियों के बाहर के क्षेत्र में अशोक के पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए वाटिका के चारों ओर बाड़ लगाई जाएगी। यहां भारतीय वन सेवा के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से भी पौधरोपण कराया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ देश की एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सामाजिक वानिकी) दीपक कुमार ने बताया कि 'वंदे मातरम् वाटिका' 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अभियान में आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पौधरोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, वंदे मातरम् फाउंडेशन और ट्रस्ट, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों, एनसीसी, एनएसएस, युवक एवं महिला मंगल दल तथा भारतीय वन सेवा के वर्तमान और पूर्व अधिकारियों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। वन विभाग का मानना है कि 'वंदे मातरम् वाटिका' आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रप्रेम का जीवंत संदेश बनेगी। एक ओर पौधरोपण के माध्यम से हरित क्षेत्र बढ़ाने का प्रयास होगा, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने का अवसर भी प्रकृति संरक्षण से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार जनसहभागिता से विकसित की जाने वाली इन वाटिकाओं की नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रहें और आने वाले वर्षों में ये स्थान घने हरित क्षेत्र के रूप में विकसित हो सकें। वन विभाग की इस पहल के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस पर पूरे प्रदेश में एक साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रप्रेम और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कच्चातिवु के पास श्रीलंकाई नौसेना ने 10 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**रामेश्वरम।** तमिलनाडु के रामेश्वरम और आसपास के क्षेत्रों के 10 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने कच्चातिवु के पास हिरासत में लिया है। श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों पर समुद्री सीमा पार कर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप लगाया है। इस कार्रवाई के बाद रामनाथपुरम जिले के मछुआरा समुदाय में चिंता और नाराजगी बढ़ गई है। मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बुधवार सुबह रामेश्वरम मछली पकड़ने के बंदरगाह से 297 मशीनीकृत नौकाएं जरूरी अनुमति लेकर समुद्र में गई थीं। देर रात थंगाचीमडम के राजन नगर निवासी वेलिंगटन की मशीनीकृत नौका कच्चातिवु के पास श्रीलंकाई नौसेना की निगरानी टीम के सामने आ गई। नौसेना के जवानों ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद नौका को रोक लिया और उसमें सवार 10 सदस्यीय दल को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए मछुआरों में जनथन (45), एंटनी पिचाई (38), प्रभु (43), डॉन बॉस्को (55), अरोकिया डेविन (31), वेलुचामी (51), सुब्बियाह (52), अरोकिया जेनिसटन (25) और स्टीविन (30) शामिल हैं। दसवें मछुआरे की पहचान तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी। सभी मछुआरे रामेश्वरम, पंबन, विरुधुनगर और थंगाचीमडम क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं।

### ओवैसी पर जानलेवा हमला मामले में सांसद की गवाही पूरी

**हापुड़।** एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में बृहस्पतिवार को हापुड़ की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) शेष बहादुर की अदालत में उनकी गवाही की प्रक्रिया पूरी हुई। ओवैसी के न्यायालय पहुंचने को देखते हुए कचहरी परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कई थानों की पुलिस के साथ अधिकारियों को तैनात किया गया और छतों पर भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। असदुद्दीन ओवैसी बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कचहरी पहुंचे। उनकी सुरक्षा को लेकर एएसपी विनीत भटनागर, सीओ अनीता चौहान समेत पुलिस के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कचहरी परिसर में प्रवेश और आवाजाही पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रही। सांसद की गवाही के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई।

# पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अधिक चीनी, नमक और संतृप्त वसा वाले पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर सामने की ओर स्पष्ट चेतावनी लेबल लगाने में हो रही देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को कड़ी फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। अदालत ने केंद्र से पूछा कि उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों में मौजूद अधिक चीनी, नमक और वसा के बारे में स्पष्ट जानकारी देने वाली व्यवस्था लागू करने में इतनी देरी क्यों हो



रही है। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को पूर्व में दिए गए अदालत के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। पीठ ने सरकार से अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत ब्योरा भी मांगा और एफएसएसएआई से सवाल किया कि क्या वह देश के नागरिकों, खासकर बढ़ते बच्चों, के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आम उपभोक्ता को यह जानकारी होती है कि पैकेज्ड खाद्य पदार्थों में चीनी, वसा और कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्व मौजूद होते हैं, लेकिन केवल पीछे की ओर दी गई पोषण संबंधी जानकारी पर्याप्त नहीं है। अदालत का कहना था कि यदि किसी उत्पाद में अधिक मात्रा में चीनी, नमक या संतृप्त वसा है तो पैकेट के सामने स्पष्ट चेतावनी दी जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ता उत्पाद खरीदने से पहले उसके बारे में आसानी से समझ सके और सोच-समझकर निर्णय ले सके। पीठ ने स्पष्ट किया कि सामने की ओर चेतावनी लेबल लगाने का उद्देश्य किसी विशेष खाद्य उत्पाद या निर्माता को निशाना बनाना नहीं है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को यह जानकारी देना है कि वे जो खाद्य पदार्थ खरीद रहे हैं, उसमें स्वास्थ्य के लिए चिंता पैदा करने वाले पोषक तत्व कितनी मात्रा में मौजूद हैं। सुनवाई के दौरान खाद्य उत्पाद निर्माताओं के कारोबार पर चेतावनी लेबल के संभावित प्रभाव से संबंधित दलीलों का भी उल्लेख हुआ। इस पर अदालत ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि किसी उत्पाद को खरीदना है या नहीं, इसका अंतिम निर्णय उपभोक्ता का होता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर बदलेगी दिल्ली मेट्रो की व्यवस्था, सुबह चार बजे से दौड़ेंगी ट्रेनें

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने मेट्रो सेवाओं के समय में बदलाव किया है। 15 अगस्त को सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से मेट्रो की पहली सेवा सुबह चार बजे शुरू होगी। सुबह चार बजे से नियमित सेवा शुरू होने तक ट्रेनों का संचालन 30-30 मिनट के अंतराल पर किया जाएगा। डीएमआरसी के अनुसार, सामान्य दिनों में मेट्रो सेवाएं सुबह करीब छह बजे से नियमित रूप से शुरू होती हैं, लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर यात्रियों और लाल किले के समारोह में पहुंचने वाले विशेष आमंत्रितों को सुविधा देने के लिए दो घंटे पहले ही सेवा शुरू कर दी जाएगी। 15 अगस्त की सुबह चार बजे से नियमित मेट्रो सेवा शुरू होने तक सभी मेट्रो लाइनों पर ट्रेनें 30 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। नियमित सेवा शुरू होने के बाद मेट्रो का संचालन सामान्य समय सारिणी के अनुसार किया जाएगा। डीएमआरसी की इस विशेष व्यवस्था का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले लोगों को सुबह के समय सुगम और समयबद्ध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे लोगों को सड़क मार्ग पर संभावित यातायात दबाव से बचने में भी मदद मिलेगी।

# नांदेड़ में सुखबीर बादल पर निहंग का हमला, पीएम मोदी ने जाना हाल

**नांदेड़(एजेंसी)।** शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर महाराष्ट्र के नांदेड़ में हमला किए जाने की घटना सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब परिसर स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर के पास एक निहंग ने सुखबीर बादल पर कृपाण से हमला किया। हमले में उनके हाथ में चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में उनकी सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ है। घटना के तत्काल बाद सुरक्षा कर्मियों ने हमलावर को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमले के पीछे की वजह और आरोपी की मंशा का पता लगाने



में जुटी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुखबीर सिंह बादल की पत्नी और अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल से फोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने सुखबीर बादल के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। घटना के बाद सुखबीर बादल की सुरक्षा और अस्पताल में उपचार की व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सक्रिय हो गया है। पुलिस के अनुसार, हमला नांदेड़ स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर के परिसर में हुआ। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि हमलावर ने कृपाण से सुखबीर बादल पर हमला किया। इस दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संतोष केंद्रे ने हमलावर को रोकने का प्रयास किया, जिसमें वह भी घायल हो गए। घटना के बाद परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। हमले से पहले सुखबीर सिंह बादल अपनी पत्नी हरसिमरत कौर बादल के साथ तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब पहुंचे थे। दोनों ने गुरुद्वारे में माथा टेका और अरदास की। इसके कुछ समय बाद ही गुरुद्वारा परिसर में हमले की घटना सामने आई। घटना से संबंधित कुछ वीडियो भी सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित हुए हैं, जिनमें सुखबीर बादल को एक इमारत की ओर जाते हुए देखा जा सकता है।

# आबकारी नीति मामला: केजरीवाल-सिसोदिया ने सीबीआई की याचिका खारिज करने की मांग की

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति मामले में उन्हें निचली अदालत से मिली राहत को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका का विरोध किया है। दोनों नेताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय में आवेदन दाखिल कर सीबीआई की पुनरीक्षण याचिका खारिज करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने याचिका की सुनवाई योग्य होने को लेकर प्रारंभिक आपत्तियां भी उठाई हैं। दोनों नेताओं की ओर से दाखिल आवेदनों में कहा गया है कि सीबीआई ने निचली अदालत के 27 फरवरी 2026 के आदेश के खिलाफ महज कुछ घंटे के भीतर पुनरीक्षण याचिका



दायर कर दी। उनके अनुसार, जांच एजेंसी की याचिका में निचली अदालत के आदेश में किसी विशिष्ट कानूनी त्रुटि, अवैधता या न्यायिक विवेक के गलत इस्तेमाल को स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है। मनीष सिसोदिया ने अपने आवेदन में कहा है कि सीबीआई ने निचली अदालत के फैसले के करीब चार घंटे के भीतर ही पुनरीक्षण याचिका दाखिल कर दी। उनका कहना है कि इतनी जल्दबाजी में दायर की गई याचिका में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि निचली अदालत ने किस आरोपी के मामले में किस आधार पर गलत निर्णय लिया। आवेदन में यह भी कहा गया है कि सीबीआई यह स्पष्ट करने में विफल रही है कि आरोपियों को आरोपमुक्त करने का आदेश किस तरह साक्ष्यों के अभाव में या कानून के विपरीत पारित हुआ। जांच एजेंसी ने यह भी नहीं बताया कि निचली अदालत ने किस महत्वपूर्ण साक्ष्य की अनदेखी की। सिसोदिया की ओर से दायर आवेदन में कहा गया है कि सीबीआई की याचिका व्यापक आरोपों पर आधारित है। इसमें प्रत्येक आरोपी के संबंध में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि आरोपमुक्त करने का आदेश किस तरह गलत था।

# हंगामे के बीच अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई संसद की कार्यवाही

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध बना रहा। हंगामे के कारण लोकसभा में कोई विधायी कामकाज नहीं हो सका। लोकसभा अध्यक्ष के सदन में पहुंचते ही सदस्यों से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सम्मान में खड़े होने की अपील की गई। इसके बाद सदन में वंदे मातरम् का गायन हुआ और लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में भी विपक्ष के हंगामे का असर देखने को मिला। हालांकि शोर-शराबे के बीच सरकार ने खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक को पारित करा लिया। इसके साथ ही मानसून सत्र की कार्यवाही समाप्त हो गई। लोकसभा स्थगित होने के बाद विपक्षी सांसदों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।



समाजवादी पार्टी के सांसदों ने राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ सांसदों ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब भगवान हनुमान ही भगवान राम के चंदे की सुरक्षा कर सकते हैं। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने सरकार पर सदन चलाने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सदन तभी सुचारु रूप से चलता है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में बातचीत कर गतिरोध दूर करने का रास्ता निकालें। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री पूरे सत्र के दौरान सदन में उपस्थित नहीं रहे। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हल्द्वानी दौरे से जुड़े बयान को लेकर भी हंगामा हुआ। खरगे ने आरोप लगाया कि उनके हल्द्वानी में जनसभा करने के बाद भाजपा नेताओं ने वहां शुद्धिकरण हवन किया। उन्होंने इसे लोकतंत्र और देश के लिए उचित नहीं बताया तथा कहा कि ऐसी घटनाओं से देश के विभाजित होने का खतरा है। इस पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी घटना की निंदा की और मामले की जांच कराने की बात कही। इस मुद्दे को लेकर राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में कुल 37 घंटे 49 मिनट ही कामकाज हो सका। इस दौरान 12 विधेयकों पर चर्चा कर उन्हें पारित किया गया। अंतिम दिन भी खान एवं खनिज संशोधन विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी मिल गई।

# आरएसएस की अभिव्यक्ति दबाने की कोशिश हुई तो मैं उनकी रक्षा करूंगा' : राहुल गांधी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी संगठन या व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाया नहीं जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि यदि कभी आरएसएस की अभिव्यक्ति को देश से बाहर करने या उसे दबाने की कोशिश की गई तो वह स्वयं उसकी रक्षा करेंगे, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी का अधिकार है। रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य किसी की आवाज दबाना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर देना है। उन्होंने कहा



कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, जैन या किसी भी धर्म और समुदाय से जुड़ा व्यक्ति अपनी बात खुलकर रख सकता है। जब देश के लोगों की आवाज सामने आएगी, तभी भारत की वास्तविक शक्ति दुनिया के सामने दिखाई देगी। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों का विरोध किया जा सकता है, लेकिन किसी की अभिव्यक्ति को समाप्त करने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस दिन आरएसएस की अभिव्यक्ति को देश से खत्म करने की बात होगी, उस दिन वह आरएसएस की अभिव्यक्ति की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक संघर्ष को केवल दलों के बीच की लड़ाई के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थानांतरण आदेश के बाद भी कई चौकी प्रभारी महीनों से जमे, उठ रहे सवाल

**बस्ती।** जनपद बस्ती में डीआईजी स्तर से कई चौकी प्रभारियों का गैर जनपद स्थानांतरण किए जाने के बावजूद उनके महीनों बाद भी कार्यमुक्त न होने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आमजन के बीच चर्चा है कि जब स्थानांतरण आदेश जारी हो चुका है, तो संबंधित अधिकारियों को समय से कार्यमुक्त क्यों नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि स्थानांतरण के बाद भी अधिकारी लंबे समय तक पूर्व तैनाती स्थल पर बने रहते हैं, तो स्थानांतरण प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। नागरिकों ने मांग की है कि जिन अधिकारियों का स्थानांतरण हो चुका है, उन्हें नियमानुसार शीघ्र कार्यमुक्त कर नई तैनाती पर भेजा जाए, ताकि शासन के आदेशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित हो सके। हरैया सहित स्थान पर कई सालों से जमे पड़े हैं दीवान जो भ्रष्टाचार का बढ़ावा दे रहे हालांकि, इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है। यदि विभाग का कोई पक्ष या स्पष्टीकरण प्राप्त होता है, तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

### अंगदान की शपथ लेने वाले महादानियों का सम्मान

**उन्नाव।** विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर लाइफ सेवर्स एवं श्री सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल सभागार में अंगदान की शपथ लेने वाले महादानियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि अंगदान केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि मृत्यु के बाद भी किसी जरूरतमंद को जीवन देने का महान कार्य है। एक व्यक्ति का अंगदान कई लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगा सकता है। इसके लिए समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विजय लक्ष्मी, अर्पिता शुक्ला, प्रिया शुक्ला, गीता देवी, रेनू शुक्ला, पिंकी त्रिवेदी, रश्मि सिंह, वेद प्रकाश साहू और मुकेश वाजपेयी ने अंगदान की शपथ लेकर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। सभी महादानियों को सम्मानित कर उनके निर्णय की सराहना की गई। इस मौके पर मनीष सिंह सेंगर, स्मृति गुप्ता, अनुराग सिंह राठौर, प्रथम श्रीवास्तव, निर्भय निगम, राम तनेजा और हर्ष तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।5.

### सोहरामऊ पुलिस ने चोरी की घटना का 24 घंटे में किया खुलासा




**उन्नाव।** 24 घंटे के भीतर सोहरामऊ पुलिस ने एक चोरी का खुलासा कर दिया। 4 हजार की नकदी और पीतल का बर्तन बरामद थानाध्यक्ष अरविन्द पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चिलौली गांव निवासी रोशन उर्फ श्रीकान्त पुत्र स्व. शिवकमल और शिवकुमार उर्फ टिन्ने पाल पुत्र प्यारेलाल को दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से चोरी का एक पीतल का बटुआ और दो पारदर्शी डिब्बों में रखे 4 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के अनुसार 12 अगस्त 2026 को चिलौली निवासी अमित पाण्डेय पुत्र रमाकान्त ने थाने में तहरीर देकर चोरी की शिकायत की थी। तहरीर के आधार पर थाना सोहरामऊ में मुकदमा संख्या 194/2026 दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी कर दी। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

**अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज**

इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद, हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, कांस्टेबल विकास सिंह और कांस्टेबल अवधेश सिंह की अहम भूमिका रही। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इसी तरह अभियान जारी रहेगा।

# जिलाधिकारी द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर देश को दिया संदेशहर हरघर तिरंगा अभियान

## ‘हर घर तिरंगा अभियान-2026’ के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की जिलाधिकारी द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर देश को दिया संदेशहर घर तिरंगा अभियान यात्रा-2026 के अंतर्गत गुरुवार को जनपद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ‘वंदे भारत’ की भावना को समर्पित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज से हुआ। यात्रा की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने की। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में वंदे मातरम् गीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ। राष्ट्रगान के उपरांत उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लेते हुए तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के साथ पूरे उत्साह से यात्रा में भाग लिया।

तिरंगा यात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर गांधी नगर होते हुए कंपनी बाग पहुंची, जहां यात्रा का विधिवत समापन हुआ। यात्रा के मार्ग में देशभक्ति का वातावरण बना रहा। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में शामिल प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की भावना और मजबूत होती है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को स्मरण करने का भी अवसर है।

तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों की विशेष उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

यात्रा के माध्यम से नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, प्रधानाचार्य जीआईसी डा. विजय वर्मा, डीएसटीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव, जिला बचत अधिकारी अजय गुप्ता, सरदार जगवीर सिंह, शिक्षिका मानवी सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, राष्ट्रभक्ति के जयघोष से गूंजा गौरीगंज





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी द्वारा गौरीगंज में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ फल मंडी तिराहा से हुआ जो सड़क मार्ग से होते हुए गौरीगंज ब्लॉक स्थित शहीद स्मारक पर पहुंची। हाथों में तिरंगा लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रभक्त नागरिकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने किया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री एवं अमेठी जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल करता है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ,उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, जिलामंत्री आशा बाजपेई सहित जनपद के सभी जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

**राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी, जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में हजारों राष्ट्रभक्तों ने निकाली तिरंगा यात्रा**

## पेड़ से ही प्राण है अभियान के तहत बेलसर ब्लॉक परिसर में जिलाधिकारी ने किया पौधरोपण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा:** पेड़ से प्राण है बेलसर ब्लॉक परिसर में पर्यावरण द्वारा संचालित पेड़ से ही प्राण है पेड़ लगाए पेड़ बचाए अभियान के अंतर्गत 21000 हजार पौधे के क्रम में जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे व दयानंद प्रसाद मुख्य विकास अधिकारी जिला परियोजना अधिकारी सुशील पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह जिला प्रवेशन अधिकारी खंड विकास अधिकारी बेलसर रवि गुप्ता सहायक विकास अधिकारी पंचायत बेलसर रवि मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सहित सभी अधिकारियों ने आम व अमरूद व कटहल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने पेड़ बचाने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्षों रक्षति रक्षितः हम वृक्ष की रक्षा करेंगे तो वृक्ष हमारी रक्षा करेंगे प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को अपना नैतिक दायित्व के अंतर्गत जनपद गोंडा में 21000 हजार पौधारोपण किये जा रहे हैं पर्यावरण बैंक गोंडा के संयोजक जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ राघवेंद्र तिवारी ने सभी कर्मचारी व जनपदवासियों से इस जन-अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल होगा पर्यावरण बैंक के विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडेय जी ने कहा कि वृक्ष अनमोल है वृक्ष ही प्राणवायु छाया और जीवन का आधार हैं यदि पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो पेड़ लगाए पेड़ बचाए पर्यावरण बैंक पेड़ से ही प्राण है जिला परियोजना अधिकारी सुशील पांडेय ने कहा कि यदि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित भविष्य का अमूल्य उपहार देना चाहते हैं। खंड विकास अधिकारी बेलसर ने कहा आज से ही पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना होगा प्रत्येक व्यक्ति का एक पौधा भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक नई आशा है सहायक विकास अधिकारी पंचायत रवि मिश्रा ने कहा कि वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है इस अवसर पर संकल्पः गोंडा की धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार।

### हैदराबाद में युवती ने पिया फिनायल, हालत गंभीर से स्थिर




**समय पर मिला उपचार, डॉक्टरों ने बचाई जान**

**आसीवन, उन्नाव।** नगर पंचायत हैदराबाद में गुरुवार को एक 30 वर्षीय युवती द्वारा फिनायल पीकर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में युवती को मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की तत्परता से उसकी जान बच गई। आसीवन थाना क्षेत्र के हैदराबाद निवासी शबनम पत्नी आमिर किसी बात को लेकर काफी दिनों से परेशान चल रही थी। गुरुवार को घर में अकेला मौका पाकर उसने घर में रखा फिनायल पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत सीएचसी मियागंज पहुंचाया। सीएचसी में तैनात डॉ. जावेद सिद्दीकी ने बताया कि युवती को लाने में देरी नहीं हुई, इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद अब उसकी हालत स्थिर है। समय पर उपचार मिलने के कारण बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी कर रही है। युवती के बयान के बाद ही आत्महत्या के प्रयास का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## अवैध सागौन कटान मामले में मुकदमा दर्ज, वाल्टरगंज थाने में कार्रवाई में देरी पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केवन रेंज रामनगर क्षेत्र के विकासखंड गौर अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकरौली में सागौन के पेड़ों की कटान के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। मामले में जमीन मालिक सर्वजीत चौधरी और लकड़ी ठेकेदार अशोक कुमार सिंह के खिलाफ वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के तहत केस दर्ज किया गया है। वन विभाग के अनुसार कुल 33 सागौन के पेड़ों की कटान हुई थी, जिसमें 21 पेड़ों के लिए परमिट जारी था, जबकि शेष 12 पेड़ों की कटान अवैध पाई गई। अवैध कटान के मामले में जमीन मालिक सर्वजीत चौधरी पुत्र श्री राम आसरे और ठेकेदार अशोक कुमार सिंह पुत्र सीता राम सिंह के विरुद्ध केस संख्या 25/2026-27 दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

रेंजर सोनल वर्मा ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल अभी जारी है। हल्का वन दरोगा अजय कुमार भारती की मिलीभगत से सागौन के पेड़ों की कटान हुई थी और कुछ सागौन के पेड़ खड़े हैं। सागौन के पेड़ों की कटान की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी सोशल मीडिया पर वायरल खबर का संज्ञान लेकर राम नगर रेंजर सोनल वर्मा ने कार्यवाही की है और लकड़ी ठेकेदार ने कटी सागौन की लकड़ी को दुबौला के पास एक भट्टे पर रखा है। मीडिया टीम के पड़ताल में ट्रेक्टर ट्राली पर लदी लकड़ी को भट्टे पर ले जाते समय देखा गया। वहीं, इस प्रकरण में वाल्टरगंज थाने में चोरी से सागौन के पेड़ों की कटान मामले में अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है अर्थात् वाल्टरगंज पुलिस लेन देन कर मामले को रफा दफा करने की फिराक में है।

**» 33 सागौन के पेड़ों की हुई है कटान जिसमें 21 पेड़ों का था परमिट, 12 पेड़ों पर हुई है कार्यवाही- रेंजर सोनल वर्मा**

**» पेड़ मालिक सर्वजीत चौधरी व लकड़ी ठेकेदार अशोक कुमार सिंह के खिलाफ दर्ज हुआ है मुकदमा**

## गंगा में मछली पकड़ने वाले जाल में फंसा मगरमच्छ, वीडियो वायरल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** शुक्लागंज क्षेत्र में आनंद घाट के पास गंगा नदी में मछली पकड़ते समय मछुआरों के जाल में एक मगरमच्छ फंस गया। यह घटना गुरुवार को हुई। 3 युवक जाल को बाहर खींचते दिखे। मछुआरे आनंद घाट के पास जाल लगा रहे थे। जब उन्होंने जाल खींचा तो उन्हें लगा कि कोई बड़ी चीज फंसी है। बाहर निकालने पर उसमें मगरमच्छ मिला। मगरमच्छ को देखकर मछुआरे तुरंत दूर हट गए और आसपास के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने दूर से मगरमच्छ का वीडियो बना लिया, जो गुरुवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद आसपास के अन्य घाटों पर भी मगरमच्छ की मौजूदगी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

**लोगों और मछुआरों में डर का माहौल**

गंगा में मगरमच्छ मिलने से मछुआरों और नदी किनारे रहने वाले लोगों में डर है। मछुआरों का कहना है कि अब मछली पकड़ते समय ज्यादा सावधानी बरतनी पड़ रही है।

**लोगों की मांग**

स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि:

1. नदी और घाटों पर निगरानी बढ़ाई जाए
2. सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए
3. मगरमच्छ की पुष्टि होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए

स्थानीय निवासियों के अनुसार गंगा में जलस्तर बढ़ने-घटने पर जलीय जीव किनारे आ जाते हैं। इसलिए घाटों पर स्नान करने और नदी में उतरने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

आप कानपुर में हैं तो शुक्लागंज पास ही पड़ता है। नदी किनारे जाएं तो फिलहाल सावधानी रखें।

क्या आप इस घटना का पूरा वीडियो देखना चाहते हैं या वन विभाग का कोई अपडेट चाहिए?

### परियर-चकलवंशी से उन्नाव तक रोडवेज बस चलाने की मांग

**उन्नाव।** परियर, पावा वाया चकलवंशी से जनपद मुख्यालय उन्नाव तक रोडवेज बस सेवा शुरू कराने की मांग को लेकर बाबा बलखडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के मंत्री अंजनी कुमार पाठक ने जिलाधिकारी को प्रत्यावेदन सौंपा है। प्रत्यावेदन में कहा गया है कि परियर, पावा, चकलवंशी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों का प्रतिदिन जिला मुख्यालय आना-जाना रहता है। रोडवेज बस सेवा उपलब्ध न होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को निजी वाहनों अथवा डग्गामार वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है। समिति के मंत्री अंजनी कुमार पाठक ने परियर-पावा-चकलवंशी मार्ग से उन्नाव तक नियमित रोडवेज बसों का संचालन शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस बस सेवा से ग्रामीणों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को काफी सुविधा मिलेगी। मांग का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही इस मार्ग पर रोडवेज बसों का संचालन शुरू होगा।

## आजादी के पूर्व शहर हुआ तिरंगामय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**उन्नाव।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जिले में देशभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ा। गुरुवार सुबह ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत निकाली गई विशाल तिरंगा रैली में हजारों की भीड़ ने शहर को तिरंगामय कर दिया। गांधी चौराहे से शुरू होकर शास्त्री पार्क तक पहुंची इस रैली में स्कूली बच्चे, युवा, महिलाएं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**डीएम-एसपी ने थामा तिरंगा** रैली का नेतृत्व जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने किया। उनके साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी भी पैदल चले। रैली में एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासित मार्च करते हुए लोगों का ध्यान खींचा। वहीं एक विशाल तिरंगा हाथों-हाथ लेकर चलने का नजारा खास आकर्षण रहा।

**4 से 5 हजार लोग शामिल** डीएम घनश्याम मीणा ने बताया कि रैली में लगभग 4 से 5 हजार लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा, ‘प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से चल रहे तिरंगा महोत्सव में जनपदवासी पूरे उत्साह से जुटे हैं। मेरा सभी से अनुरोध है कि 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान और समर्पण का संदेश दें।’ डीएम ने बताया कि जिले में अब तक करीब साढ़े चार लाख तिरंगे एकत्र कर वितरित किए जा चुके हैं। विभिन्न क्षेत्रों में लोग अपने-अपने तरीके से तिरंगा महोत्सव मना रहे हैं। बच्चों और आम लोगों द्वारा किए जा रहे नवाचार भी देखने को मिल रहे हैं।

**जगह-जगह हुआ स्वागत** रैली के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने तिरंगा लहराकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दुकानों और मकानों की छतों से भी लोग रैली को देखकर ‘भारत माता की जय’ के नारे लगाते नजर आए। इससे स्पष्ट था कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में कितना उत्साह है।

**उद्देश्यः राष्ट्रप्रेम को मजबूत करना** अधिकारियों ने बताया कि तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। रैली के माध्यम से लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगा अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया। गांधी चौराहे से शास्त्री पार्क तक उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया कि उन्नाव के लोग तिरंगा महोत्सव में पूरे जोश के साथ भाग ले रहे हैं और देश के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं।

## समाज कल्याण योजनाओं में बड़ा बदलाव, परिवार रजिस्टर की अनिवार्यता खत्म

**उन्नाव।** समाज कल्याण विभाग की पारिवारिक लाभ योजना का लाभ लेने वाले शहरी क्षेत्र के आवेदकों को बड़ी राहत मिली है। शासन ने आयु प्रमाण के लिए परिवार रजिस्टर की नकल की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अब आवेदक पांच वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक के जरिए मृतक की आयु प्रमाणित कर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से 18 से 59 वर्ष की आयु के बीच परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। पहले मृतक की आयु के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को आधार माना जाता था। बाद में शासन ने परिवार रजिस्टर की नकल को अनिवार्य कर दिया था। इस व्यवस्था से नगरीय क्षेत्र के आवेदकों को परेशानी हो रही थी, क्योंकि नगर निकायों में परिवार रजिस्टर की नकल जारी नहीं होती है। लगातार शिकायतें मिलने के बाद शासन ने संशोधन करते हुए शहरी आवेदकों के लिए परिवार रजिस्टर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अब मृतक की आयु प्रमाणित करने के लिए राशन कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट में से किसी दस्तावेज को मान्य किया जाएगा। इसके साथ ही आवेदक को शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर स्वघोषणापत्र भी देना होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय ने बताया कि नए प्रावधान से नगरीय क्षेत्र के करीब आठ हजार पारिवारिक लाभ योजना के आवेदकों को राहत मिलेगी। अब आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने पर आवेदन प्रक्रिया में अनावश्यक परेशानी नहीं होगी।

### 5 हजार लोगों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**देवरिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को देवरिया शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। ‘भारत माता की जय’ और ‘वंदे मातरम्’ के जयघोष के बीच 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं,जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों-कर्मचारियों और प्रबुद्धजनों ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। विशाल तिरंगे के साथ निकली यात्रा ने शहर में देशभक्ति का जोश भर दिया। राजकीय इंटर कॉलेज से जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेडियम पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ। करीब 100 फीट लंबा तिरंगा यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसे छात्र-छात्राएं लेकर चल रहे थे। यात्रा में शामिल विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आम लोगों ने देशभक्ति के नारों से माहौल को जोश से भर दिया।

## ओम फार्मा पर एंटी नारकोटिक्स की छापेमारी पूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**उन्नाव।** नेहरूबाग इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित ओम फार्मा पर बुधवार दोपहर एंटी नारकोटिक्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। कंपनी में नशीले पदार्थों से संबंधित सामग्री के उत्पादन की शिकायत मिलने के बाद लखनऊ एटीएफ यूनिट की 8 सदस्यीय टीम ने परिसर में धावा बोला। करीब 8 घंटे तक चली इस छापेमारी के दौरान उत्पादन प्रक्रिया से लेकर दस्तावेजों तक की बारीकी से पड़ताल की गई। टीम ने मौके से कुछ सैंपल भी लिए हैं जिन्हें गुरुवार को जांच के लिए भेज दिया गया है।

विजयावटी यानी भांग बनाए जाने की भी मिली जानकारी

लखनऊ एटीएफ यूनिट के इंस्पेक्टर सूरज के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कंपनी परिसर में उत्पादन प्रक्रिया, स्टॉक, कच्चे माल और तैयार माल से जुड़े अभिलेखों की जांच की। पूछताछ में कंपनी में विजयावटी यानी भांग बनाए जाने की जानकारी भी सामने आई। टीम ने कंपनी प्रबंधन और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल, तैयार उत्पाद और उनके रखरखाव से संबंधित दस्तावेजों को खंगाला गया। अधिकारियों का कहना है कि सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

**पुलिस बल रहा तैनात, औद्योगिक क्षेत्र में मचा हड़कंप**

छापेमारी के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मगरवारा चौकी प्रभारी रवि पांडे के साथ भारी पुलिस बल भी कंपनी परिसर में मौजूद रहा। अचानक हुई इस कार्रवाई से नेहरूबाग औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास की अन्य इकाइयों में भी हलचल बढ़ गई।

**अभी नहीं हुई किसी प्रतिबंधित पदार्थ की बरामदगी**

8 घंटे तक चली कार्रवाई के बाद भी किसी प्रतिबंधित पदार्थ की बरामदगी या शिकायत की पुष्टि को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जांच और सैंपल रिपोर्ट के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कंपनी में नियमों के अनुरूप उत्पादन और भंडारण किया जा रहा था या किसी नशीले पदार्थ से संबंधित सामग्री में अनियमितता पाई गई है। फिलहाल पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टीम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**नशीले पदार्थ बनाने की शिकायत पर 8 घंटे चली जांच, सैंपल लैब भेजे**

# उर्वरक वितरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मुख्य सचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ सीजन में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण, आर्द्रभूमि अधिसूचना, रामसर स्थलों तथा प्रदेश में बाढ़ की स्थिति और राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। खरीफ सीजन में उर्वरक की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि सभी समितियों एवं वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रहना चाहिए। जिन समितियों में उर्वरक का भंडार शून्य अथवा बहुत कम है, उनकी विशेष निगरानी करते हुए आवश्यकता के अनुसार तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक जनपद में अपर जिलाधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी से अनिम्न स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर उन्हें नजदीकी समिति से जोड़ने की वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। मुख्य सचिव ने मुख्य विकास अधिकारियों को प्रतिदिन तथा जिलाधिकारियों को साप्ताहिक स्तर पर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उर्वरक की अधिक कीमत वसूलने अथवा अनधिकृत रूप से किसी अन्य वस्तु के साथ जोड़कर बिक्री करने की शिकायत किसी भी स्थिति में नहीं मिलनी चाहिए। ऐसी शिकायत सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आर्द्रभूमि को अधिसूचित किए जाने की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि झांसी, गौतमबुद्ध नगर, गोंडा और बलिया से अभी तक आर्द्रभूमि अधिसूचना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर मुख्य सचिव ने संबंधित जिलाधिकारियों को जिला स्तरीय आर्द्रभूमि समिति की बैठक तत्काल आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित जिले प्रस्ताव इसी माह के अंत तक विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही रामसर स्थलों के लिए पात्र स्थलों को चिह्नित कर उनके प्रस्ताव भी शीघ्र विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 26 जनपदों में अब तक कुल 101 आर्द्रभूमियां अधिसूचित की जा चुकी हैं, जबकि 45 जनपदों से 53 नए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्य सचिव ने शेष जिलों में भी प्रक्रिया में तेजी लाने और पात्र स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव भेजने को कहा। समीक्षा के दौरान प्रदेश में अधिसूचित रामसर स्थलों की जानकारी भी दी गई। प्रदेश में अब तक 13 रामसर स्थल अधिसूचित किए जा चुके हैं। इनमें बुलंदशहर का अपर गंगा रिवर, इटावा की सरसई नावर झील, उन्नाव का नवाबगंज पक्षी विहार, हरदोई का साण्डी पक्षी विहार, रायबरेली का समसपुर पक्षी विहार, गोंडा का पार्वती अरगा पक्षी विहार, मैनपुरी का समान पक्षी विहार, आगरा का सूरसरोवर पक्षी विहार, मुजफ्फरनगर का हैदरपुर वेटलैंड, संतकबीरनगर का बखीरा पक्षी विहार, एटा का पटना पक्षी विहार, अलीगढ़ की शेखा झील तथा बलिया का सुरहाताल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आठ अन्य रामसर स्थलों के प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जा चुके हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पात्र स्थलों से संबंधित प्रस्तावों की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जाए और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहे तथा राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को समय से चिकित्सा सुविधाएं, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव दल सक्रिय रहें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रशासन की तत्परता सबसे महत्वपूर्ण है। प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिलाधिकारी स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित समीक्षा करें और स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कराएं।

# सरस्वती बालिका विद्यालय में छात्र परिषद का किया गया गठन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर।** सरस्वती बालिका विद्यालय में छात्र परिषद का गठन किया गया जिसमें स्कूल के सभी हाउस (अरावली, शिवालिक , हिमाद्री , नीलगिरी )के हाउस कैप्टनो का चुनाव किया गया तथा विद्या लय के दो कैप्टन नियुक्त किए गए 1- अरावली हाउस में छात्रा सहज प्रीत (कक्षा 11), शिवन्या (कक्षा 11-C) एवं पूर्णिमा (कक्षा 11-C) को कैप्टन नियुक्त किया गया 2- शिवालिक हाउस में छात्रा साम्भवी, अनुग्या एवं रुपांशी को कैप्टन के पद पर नियुक्त किया गया। 3- हिमाद्री हाउस में छात्रा हर्षी रस्तोगी (कक्षा 9), चहक (कक्षा 9) एवं ज़ोया (कक्षा 9) को हाउस कैप्टन चुना गया। को कैप्टन के पद पर चयनित किया गया। 5- विद्यालय कप्तान छात्रा शौर्या तिवारी एवं जानवी को विद्यालय कैप्टन के पद पर नियुक्त किया गया। जबकि अविका श्रीवास्तव (कक्षा 12) को विद्यालय वाइस कैप्टन के पद पर नियुक्त किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी जी एवं सभी हाउस के कैप्टन टीचर द्वारा सभी हाउस के कप्तानों को पटका पहनाकर तथा उनके दायित्वों को सौंपा तथा उनको आगामी सत्र में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया ,तथा सभी नियुक्त कप्तानों को बधाई दी। इस अवसर पर सभी हाउस के प्रधान शिक्षकों ने अपने-अपने हाउस के कप्तानों को बधाई दी तथा साथ ही में उन्होंने यह भी बताया कि इससे छात्र-छात्राओं को बहुत कुछ नया सीखने को मिलेगा। हर एक्टिविटी में प्रतियोगिता की भावना का विकास होगा जिससे सभी छात्र छात्राएं अपने अपने हाउस को जिताने का प्रयास करेंगे वह सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता का प्रतिशत बढ़ेगा। साथ ही बच्चों में सहयोग की भावना का विकास होगा।

# रंग रंगीली सावन की तीज' में महिलाओं ने बिखेरी सावन की रंगत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** सावन की हरियाली, भारतीय लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित 'रंग रंगीली सावन की तीज-सेलिब्रेशन 2026' समारोह का आयोजन गुरुवार को सेक्टर-एम, आशियाना कॉलोनी स्थित सेलेस्टियल कासा में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती पीयूष श्रीवास्तव एवं उनकी टीम की ओर से किया गया। समारोह में श्रीमती नम्रता पाठक, पत्नी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। समारोह में महिलाओं ने हरे और रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में पहुंचकर सावन की पारंपरिक छटा को जीवंत कर दिया। परिसर में हरियाली, झूले, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव का माहौल बनाया। महिलाओं ने पारंपरिक तीज गीतों की प्रस्तुति के साथ सावन के उल्लास को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत, झूला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पारंपरिक श्रृंगार और रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने कार्यक्रम में सावन की लोक संस्कृति और परंपरा की खूबसूरत झलक प्रस्तुत की। आयोजकों ने कहा कि सावन की तीज भारतीय लोक संस्कृति में महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। हरियाली, झूले, लोकगीत, पारंपरिक श्रृंगार और सामूहिक उत्सव इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य इन लोक परंपराओं को आधुनिक परिवेश में भी जीवंत बनाए रखना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना रहा। समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पांच 'क्वीन' खिताब प्रदान किए गए। खिताब मिलने पर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान महिलाओं ने जमकर उत्साह दिखाया। समारोह का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। उपस्थित महिलाओं ने सावन की तीज के पारंपरिक उत्सव का आनंद लेने के साथ भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया।

# अतिक्रमण और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**लखनऊ।** अतिक्रमण, यातायात अवरोध, गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-5, जोन-7 और जोन-8 में एक साथ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क, नाले-नालियों की पटरियों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों पर जुर्माना लगाया गया। जोन-8 में आशियाना सेक्टर-आई से बंगला बाजार और अर्जुनगंज तक प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलीथीन, कैरीबैग, डिस्पोजल तथा थर्माकोल से बने गिलास-प्लेट के इस्तेमाल, बिक्री, भंडारण और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 30 से अधिक दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान गंदगी मिलने पर 17 हजार रुपये तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक पाए जाने पर 12 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। अभियान में तीन किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की गई। कुल 29 हजार रुपये का अर्थदंड नगर निगम कोष में जमा कराया गया। अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेन्द्र कुमार गांधी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मो. नईम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक वीरभद्र सिंह, सत्येन्द्रनाथ और मीरा राव सहित प्रवर्तन दल एवं 296 टीम के सदस्य मौजूद रहे। जोन-5 में लंगड़ा फाटक चौराहे से आलमबाग थाने होते हुए आलमबाग चौराहे की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाए गए पांच ठेले, चार गुमटी और चार काउंटर हटाए गए। इसके अलावा एक लोहे की जाली और चार लोहे के बोर्ड भी जब्त किए गए। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों को दोबारा सार्वजनिक स्थान पर कब्जा न करने की चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण के मामले में दो हजार रुपये शमन शुल्क तथा गंदगी और पॉलीथीन के इस्तेमाल पर छह हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। जोन-5 में अभियान जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। कार्रवाई में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक रुचि यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चौधरी, प्रवर्तन दल और पुलिस बल के सदस्य शामिल रहे। जोन-7 में नाले, नालियों और सड़कों की दोनों पटरियों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में नौबस्ता कला तिराहे के आसपास कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान चार लोहे के काउंटर, तीन ठेले, चार ठेलिया और पांच गुमटियां हटाई गईं। नगर निगम की टीम ने अतिक्रमणकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी। जोन-7 की कार्रवाई में कर अधीक्षक विनय मौर्या, प्रवर्तन दल तथा 296 टीम के सदस्य मौजूद रहे। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नशा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिधौली/सीतापुर।** नशा उन्मूलन अभियान के अंतर्गत श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा के नेतृत्व तथा महाविद्यालय के प्राचार्य अजय शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। बीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों मोनिस, धीरज, लवकुश, ऋतु, पूजा विश्वकर्मा और नैन्सी ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान को बताया गया तथा युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ. गोपाल सिंह एवं इतिहास विभागाध्यक्ष रविंद्र सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, एनएसएस स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# बाबू भगवती सिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** बाबू भगवती सिंह स्मृति ट्रस्ट एवं आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम देवरी रूखारा के प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर नीरज सोनी एवं डॉ किरण लता रावत के द्वारा आयुर्वेद को बढ़ावा देने तथा मरीज को आयुर्वेद की विधिवत जानकारी दी। विभाग के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक समाज सेवी वरिष्ठ कवि योगेश चौहान ने बताया कि अपनी प्राचीन चिकित्सा पद्धति के द्वारा ट्रस्ट के माध्यम से समाज को निरोग रखना तथा आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर करना है। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्या कवित्री संध्या त्रिपाठी ने लोगों को जड़ी बूटी की ओर अग्रसर होने का सुझाव दिया । समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह एवं रघुराज सिंह के सहयोग से कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आज के समय में आयुर्वेद औषधीया ही सभी बीमारियों में प्रभावी है आयुर्वेद की तरफ सभी को बढ़ाना चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाजसेवी बलबीर सिंह राठौड़ ने चिकित्सक दल, सहयोगियों, एवं सभी स्वयं सेवकों के प्रति आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। लगभग 250 से अधिक रोगियों को मुफ्त दवाई और उन्हें उचित सलाह दी गई।

# स्टैंड पंखे में उतरे करंट की चपेट में आई महिला की मौत

**.......हादसे के बाद इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम, डेढ़ साल के बेटे के सिर से उठा मां का साया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के राजाखेड़ा गांव में गुरुवार दोपहर स्टैंड वाले पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन गंभीर हालत में महिला को इलाज के लिए लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि राजाखेड़ा गांव में स्टैंड वाले पंखे से करंट लगने के कारण एक महिला की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों व परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतका की पहचान गीतारानी पत्नी प्रमोद कुमार, निवासी राजाखेड़ा, के रूप में हुई है। बताया गया कि गुरुवार दोपहर घर में स्टैंड वाले पंखे के संपर्क में आने से गीतारानी को करंट लग गया। करंट की चपेट में आने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे



मृतका फाइल फोटो - गीता रानी

तत्काल इलाज के लिए लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, गीतारानी की शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी। उसका करीब डेढ़ वर्ष का पुत्र प्रिंस है। मां की अचानक मौत से मासूम बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**हादसे के बाद परिजन गंभीर हालत में महिला को इलाज के लिए लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि राजाखेड़ा गांव में स्टैंड वाले पंखे से करंट लगने के कारण एक महिला की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों व परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतका की पहचान गीतारानी पत्नी प्रमोद कुमार, निवासी राजाखेड़ा, के रूप में हुई है। बताया गया कि गुरुवार दोपहर घर में स्टैंड वाले पंखे के संपर्क में आने से गीतारानी को करंट लग गया। करंट की चपेट में आने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई।**

## लाठी-डंडों और लोहे के कड़े से हमला, बचाने पहुंची महिलाओं से भी अभद्रता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर तीन लोगों ने युवक और उसके बेटे पर लाठी-डंडों व लोहे के कड़े से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंची महिलाओं के साथ भी आरोपियों द्वारा गाली-गलौज और अभद्रता किए जाने का आरोप है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अजीत कुमार शुक्ला पुत्र स्वर्गीय जयकरन नाथ शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उमेश पुत्र सुदर्शन रावत, हिमांशू रावत पुत्र संजय रावत और अभिषेक पुत्र राम खिलावन रावत ने उनके और उनके बेटे दिव्यांशु शुक्ला के साथ लाठी-डंडों और लोहे के कड़े से मारपीट की। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों को जमकर पीटा, जिससे वे घायल हो गए। शोर सुनकर अजीत की पत्नी और भतीजी मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने महिलाओं के साथ भी गाली-गलौज और अभद्रता की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगराम पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचा, 16 लाख का गांजा बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगराम पुलिस ने अंतरजनपदीय गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से छह बोरियों में रखा कुल 78.330 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ईको स्पोर्ट कार, दो आईफोन और 12,500 रुपये नकद भी बरामद कर जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी बहराइच से गांजा लाकर लखनऊ सहित आसपास के जिलों में अपने साथियों के माध्यम से ऊंचे दामों पर सप्लाई करते थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देश पर अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 अगस्त 2026 को नगराम पुलिस टीम नगराम-गंगागंज मार्ग स्थित हुसैनाबाद तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक काले रंग की ईको स्पोर्ट कार को संदिग्ध अवस्था में आते देखा। पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें रखी छह बोरियों से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। गांजे का वजन करने पर कुल 78.330 किलोग्राम निकला। पुलिस ने कार में सवार दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम प्रिंस जायसवाल पुत्र रामप्रकाश जायसवाल, निवासी ग्राम समेसी तथा अभिजीत पटेल उर्फ सेना पुत्र काशीप्रसाद, निवासी भाटन टोला, कस्बा नगराम बताया। पुलिस के अनुसार दोनों की उम्र क्रमशः 25 और 26 वर्ष है तथा दोनों 12वीं तक शिक्षित हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे एक संगठित गिरोह के माध्यम से गांजा तस्करी करते हैं और बहराइच से कम कीमत पर गांजा खरीदकर लखनऊ, रायबरेली, बाराबंकी समेत आसपास के जिलों में अपने साथियों के जरिए ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने यह भी बताया कि गांजा तस्करी से होने वाले मुनाफे से उन्होंने ऐशो-आराम की वस्तुएं खरीदी थीं। आरोपियों के पास से बरामद दो आईफोन भी इसी कमाई से खरीदे जाने की बात सामने आई है। वहीं आरोपी प्रिंस जायसवाल ने कथित तौर पर बताया कि उसने गांजा तस्करी और उसकी सप्लाई के लिए ही ईको स्पोर्ट कार खरीदी थी और इसी वाहन से गांजे की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जाती थी। नगराम पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 122/2026, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# देशभक्ति के रंग में रंगा पॉलीटेक्निक निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महमूदाबाद, सीतापुर।** पं0जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक, महमूदाबाद में बुधवार को प्रात: 10 बजे देशभक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत वातावरण में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व संस्थान के प्रधानाचार्य सी.पी. त्रिपाठी ने समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ हाथों में राष्ट्रध्वज थामकर किया। इस दौरान उन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने का आह्वान किया।यात्रा पॉलीटेक्निक परिसर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोतवाली एवं रामकुंड चौराहा पहुंची और पुन: पॉलीटेक्निक परिसर में आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र राष्ट्रप्रेम की भावना से गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा में पॉलीटेक्निक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सी.पी. त्रिपाठी के साथ चंद्रभान, अजय सिंह, ज्योति कुमार, विजय शंकर, अपेक्षित राज, ब्रज भूषण पाण्डेय, मेराज फातिमा, अंजुम फातिमा, असरा रिजवी, रेशमा, किरण, कमल वर्मा, विनोद मिश्रा, हशमत अली, अंगद त्रिपाठी, राम नारायण, ज्योति वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह सहित संस्थान के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# संपादकीय

## क्या वास्तविक स्वतंत्रता पा ली है हमने?

15 अगस्त 1947 को भारत ने विदेशी शासन की बेड़ियां तोड़ी थीं। वह दिन केवल सत्ता हस्तांतरण का दिन नहीं था, बल्कि करोड़ों भारतीयों के लिए एक ऐसे भविष्य का सपना था जिसमें देश का शासन जनता की इच्छा से चलेगा, नागरिकों को समान अधिकार मिलेंगे और हर व्यक्ति सम्मान के साथ जीवन जी सकेगा। आज स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूरे होने के अवसर पर तिरंगा पहले से अधिक ऊंचा है, भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना चुका है और विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, डिजिटल व्यवस्था तथा आधारभूत ढांचे में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। लेकिन इस उपलब्धि के बीच एक असहज सवाल खड़ा होता है—क्या हमने वास्तविक स्वतंत्रता भी हासिल कर ली है? इस प्रश्न का उत्तर न तो केवल उत्सव में छिपा है और न ही केवल आलोचना में। स्वतंत्रता का मूल्यांकन भावनाओं से नहीं, बल्कि उस आम नागरिक की जिंदगी से होना चाहिए जिसके नाम पर लोकतंत्र और गणराज्य की पूरी व्यवस्था खड़ी है। भारत सरकार के राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार संविधान के चार प्रमुख लोकतांत्रिक मूल्य—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—हमारे लोकतंत्र के आधार हैं। इसलिए वास्तविक स्वतंत्रता का अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं, बल्कि नागरिक को भय, भेदभाव, अभाव और अन्याय से मुक्त वातावरण देना भी है। विदेशी शासन गया, लेकिन क्या हर तरह की गुलामी गई? 1947 में राजनीतिक स्वतंत्रता मिली। आज भारत अपने फैसले स्वयं करता है। हमारी संसद है, निर्वाचित सरकारें हैं, स्वतंत्र न्यायपालिका है, संविधान है और नागरिकों को मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। यह किसी भी दृष्टि से छोटी उपलब्धि नहीं है। लेकिन स्वतंत्रता की अगली सीढ़ी सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता है। जिस व्यक्ति के पास शिक्षा का अवसर नहीं है, उसके लिए स्वतंत्रता अधूरी है। जिस युवा के सामने योग्यता होने के बावजूद रोजगार का संकट है, उसकी स्वतंत्रता सीमित है। जिस किसान को अपनी मेहनत का उचित मूल्य पाने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ता है, उसके लिए स्वतंत्रता का अर्थ अलग है। जिस गरीब परिवार के लिए बीमारी पूरे परिवार को आर्थिक संकट में डाल सकती है, उसके लिए स्वतंत्रता केवल संविधान की किताब में लिखी हुई अवधारणा बनकर रह सकती है। इसलिए आज हमें यह पूछना होगा कि क्या देश की आर्थिक वृद्धि का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसी गति से पहुंच रहा है? आर्थिक विकास जरूरी है, लेकिन पर्याप्त नहीं। भारत ने पिछले दशकों में आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। डिजिटल भुगतान से लेकर अंतरिक्ष कार्यक्रम तक देश ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। लेकिन विकास का असली पैमाना केवल जीडीपी या बड़े निर्माण कार्य नहीं हो सकते। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार मानव विकास को केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं मापा जाना चाहिए। स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन स्तर भी विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। 2025 की मानव विकास रिपोर्ट में भारत का HDI 2023 में 0.685 रहा और भारत 193 देशों में 130वें स्थान पर था। यह प्रगति का संकेत है, लेकिन साथ ही यह भी बताती है कि मानव विकास की यात्रा अभी पूरी नहीं हुई है। यानी भारत आगे बढ़ रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हर भारतीय उसी गति से आगे बढ़ रहा है? शिक्षा: स्वतंत्रता की पहली सीढ़ी किसी भी समाज की वास्तविक स्वतंत्रता उसकी शिक्षा व्यवस्था से पहचानी जा सकती है। शिक्षित नागरिक अपने अधिकारों को समझता है, सवाल पूछता है, सत्ता से जवाब मांगता है और अपने भविष्य के निर्णय स्वयं लेने की क्षमता विकसित करता है। भारत में शिक्षा का विस्तार हुआ है। स्कूल और विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी है। डिजिटल शिक्षा ने नए अवसर खोले हैं। लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार से उसका संबंध और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच अभी भी गंभीर प्रश्न हैं। आज बड़ी संख्या में युवा डिग्री लेकर निकलते हैं और फिर रोजगार की तलाश में वर्षों भटकते हैं। यह स्थिति हमें सोचने के लिए मजबूर करती है कि क्या केवल डिग्री हासिल कर लेना ही स्वतंत्रता है? वास्तविक स्वतंत्रता तब होगी जब युवा अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार और उद्यम का अवसर हासिल कर सके। भूख से मजबूर व्यक्ति और बेरोजगारी से परेशान युवा के लिए राजनीतिक अधिकारों का महत्व कम नहीं होता, लेकिन उनकी प्राथमिकताएं अलग हो सकती हैं। एक युवा जब वर्षों की पढ़ाई के बाद भी स्थायी और सम्मानजनक रोजगार नहीं पा पाता तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति निराशा पैदा होती है। दूसरी ओर, असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की अनिश्चितता भी बड़ा प्रश्न है। इसलिए आजादी के 79वें वर्ष में रोजगार को केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और सम्मान का विषय मानना होगा। क्या हम भय से पूरी तरह मुक्त हैं? स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण अर्थ भय से मुक्ति भी है। एक लोकतांत्रिक समाज में नागरिक को अपनी बात कहने, सवाल पूछने और असहमति व्यक्त करने का अधिकार होना चाहिए। असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी ताकत है। लेकिन यह जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल हिंसा, नफरत या झूठ फैलाने के लिए न हो। आज सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का मंच दिया है, लेकिन इसी के साथ अफवाह, दुष्प्रचार और डिजिटल भीड़ की समस्या भी सामने आई है।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष**-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन कामकाज के लिहाज से उत्साह बढ़ाने वाला रह सकता है। जिन कार्यों को पूरा करने में लंबे समय से प्रयास चल रहा था, उनमें अपेक्षा से तेजी आ सकती है। विरोधियों की सक्रियता के बावजूद आप अपनी समझ और आत्मविश्वास के बल पर स्थिति संभालने में सफल रहेंगे।

**वृषभ** -वृषभ राशि के जातकों को आज कारोबार या पेशेवर क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। प्रतिस्पर्धियों की गतिविधियों को लेकर मन में चिंता रहेगी, लेकिन घबराने के बजाय अपनी रणनीति पर ध्यान देना अधिक लाभदायक होगा।

**मिथुन**-मिथुन राशि वालों के लिए आज सकारात्मक सोच बनाए रखना बेहद जरूरी रहेगा। दूसरों से आगे निकलने की होड़ में अपनी ऊर्जा खर्च करने के बजाय उपलब्ध साधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

**कर्क** -कर्क राशि के जातकों को आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतनी होगी। जल्दबाजी में लिया गया फैसला या छोटी-सी लापरवाही बाद में परेशानी का कारण बन सकती है।

**सिंह**-सिंह राशि वालों के लिए आज अपनी जिम्मेदारियों और अधिकारों का इस्तेमाल समझदारी के साथ करना जरूरी रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बावजूद आपका प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रह सकता है।

**कन्या**-कन्या राशि के लोगों को आज ऐसे कामों में भी रुकावट का सामना करना पड़ सकता है जिन्हें वे आसानी से पूरा होने वाला मान रहे थे। काम में देरी के कारण मानसिक दबाव बढ़ सकता है।

**तुला**-तुला राशि के जातकों के लिए कला, साहित्य और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े मामलों में सम्मान मिलने की संभावना है। आपकी प्रतिभा की सराहना हो सकती है और किसी महत्वपूर्ण मंच पर पहचान मिल सकती है।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि वालों को आज संपत्ति खरीदने या धन निवेश करने से जुड़े फैसलों में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। आकर्षक अवसर दिखाई देने के बावजूद उसके सभी पहलुओं की अच्छी तरह जांच करना जरूरी रहेगा।

**धनु**-धनु राशि के लिए आज अपने अधूरे संकल्पों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने का अच्छा अवसर हो सकता है। परिस्थितियों का सहयोग मिलने से लंबे समय से चले आ रहे विवादों को सुलझाने में सफलता मिल सकती है।

**मकर**-मकर राशि के जातकों को आज भावनात्मक मामलों में थोड़ा संवेदनशील रहना पड़ सकता है। करीबी व्यक्ति की कोई बात मन को ठेस पहुंचा सकती है, लेकिन तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय स्थिति को समझने की कोशिश करें।

**कुंभ**-कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता मजबूत करने वाला हो सकता है। कार्यस्थल या सामाजिक क्षेत्र में लोग आपकी सलाह और निर्णय क्षमता पर भरोसा कर सकते हैं।

**मीन**-मीन राशि के लोगों को आज अपेक्षित सहयोग हासिल करने में कुछ कठिनाई हो सकती है। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के बीच अनुशासन की कमी या काम को लेकर लापरवाही आपके लिए तनाव का कारण बन सकती है। ऐसी स्थिति में भावनाओं में आकर निर्णय लेने के बजाय जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से बांटना बेहतर रहेगा।

# शादी विवाह अनुदान योजना से पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवारों को मिला आर्थिक सहारा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का मंतव्य है कि समाज के हर व्यक्ति का शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास समान रूप से हो और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने अपने सभी विभागों में अनेक योजनाओं का संचालन किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से चलायी जा रही सभी योजनाएं केवल वित्तीय सहायता देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पिछड़े वर्ग के परिवारों को सम्मानजनक जीवन, बेहतर शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है। प्रदेश का पिछडा वर्ग कल्याण विभाग इस संकल्प को धरातल पर उतारने में सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है। किसी भी राज्य या राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तब तक अधूरी मानी जाती है, जब तक कि समाज का अंतिम व्यक्ति और सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग विकास की मुख्यधारा से न जुड़ जाए। उत्तर प्रदेश, जो अपनी विशाल आबादी और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में समावेशी विकास (Inclusive Growth) के एक अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात् करते हुए समाज के पिछड़े वर्गों (ओ0बी0सी0) के उत्थान के लिए योजनाबद्ध और पारदर्शी ढंग से शादी/विवाह योजना लागू की है। यह योजना वर्ष 2016-17 के बाद से पूर्णतया ऑनलाईन है, जिसमें शादी लिए आवेदक को वेबसाइट http:// shadianudan .upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 210 करोड़ रूपये बजट का प्राविधान किया गया है, जिसके अन्तर्गत योजना का वार्षिक लक्ष्य 1,05,000 को लाभान्वित करना है, जिसके सापेक्ष अब तक 64,584 आवेदन प्राप्त हुऐ हैं, जिसमें 5,032 लाभार्थियों को 10.064 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। वर्ष 2025-26 में 1,16,000 गरीब परिवार की पुत्रियों के विवाह हेतु सम्बन्धितों के खाते में 232 करोड़ रुपये हस्तान्तरित किये गये है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, जहाँ सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं में विवाह अनुदान योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर अन्य पिछडा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के गरीब परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है, जिससे परिवार पर आर्थिक बोझ कम हो सके। इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को प्रति विवाह रु0 20,000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को दिया जाता है जिनकी वार्षिक आय रु0 1,00,000 से अधिक नहीं है। विवाह के समय कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को ऑनलाइन जाति प्रमाण-पत्र का विवरण देना होता है। योजना में निराश्रित एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता देने का भी प्रावधान किया गया है। एक परिवार की अधिकतम दो पुत्रियों को इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने विवाह अनुदान योजना को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। लाभार्थी जन सेवा केंद्र, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे अथवा विभागीय पोर्टल के माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विवाह से 90 दिन पूर्व अथवा विवाह के 90 दिन बाद तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के साथ आधार, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, विवाह से संबंधित दस्तावेज तथा बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके बाद संबंधित अधिकारी द्वारा निर्धारित समय में सत्यापन किया जाता है। पारदर्शिता, तकनीक के कुशल प्रयोग (डी0बी0टी0 /पी0एफ0एम0एस0) और जन-केंद्रित शासन के चलते आज उत्तर प्रदेश का पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग देश के अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल बनकर उभरा है। यह यात्रा केवल योजनाओं का क्रियान्वयन ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के लाखों पिछड़े वर्ग के नागरिकों को स्वाभिमान, समानता और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। शादी अनुदान योजना के माध्यम से गरीब बेटियों की शादी बिना किसी आर्थिक मानसिक तनाव के संपन्न हो रही है। इस योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बहु-स्तरीय सत्यापन व्यवस्था विकसित की है। शहरी क्षेत्रों में नामित लेखपाल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारी अथवा ग्राम पंचायत अधिकारी दस्तावेजों का सत्यापन करते हैं। ऑनलाइन आवेदन की तिथि से 21 दिनों के भीतर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके पश्चात जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आवेदन का परीक्षण कर आगे की स्वीकृति प्रक्रिया पूरी करते हैं। योजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला स्तर पर निगरानी समिति गठित की गई है। जिलाधिकारी इसकी अध्यक्षता करते हैं तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी सदस्य होते हैं। समिति प्रत्येक माह बैठक कर योजना की प्रगति की समीक्षा करती है। इसके अतिरिक्त विवाह अनुदान स्वीकृति हेतु अलग जिला स्तरीय समिति भी गठित है, जिसमें जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सांसद, विधायक एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शामिल होते हैं।

**उार प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से चलायी जा रही सभी योजनाएं केवल विीय सहायता देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पिछड़े वर्ग के परिवारों को समानजनक जीवन, बेहतर शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है। प्रदेश का पिछडा वर्ग कल्याण विभाग इस संकल्प को धरातल पर उतारने में सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है। किसी भी राज्य या राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तब तक अधूरी मानी जाती है, जब तक कि समाज का अंतिम व्यति और सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग विकास की मुयधारा से न जुड़ जाए। उार प्रदेश, जो अपनी विशाल आबादी और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में समावेशी विकास (Inclusive Growth) के एक अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है। उार प्रदेश सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को आत्मसात् करते हुए समाज के पिछड़े वर्गों (ओ0बी0सी0) के उत्थान के लिए योजनाबद्ध और पारदर्शी ढंग से शादी/विवाह योजना लागू की है।**

**-मो0 इकबाल खाँ, सूचना अधिकारी**

# विकास की रफ्तार और पर्यावरण की सुरक्षा में संतुलन जरूरी

जम्मू-कश्मीर और उससे जुड़े हिमालयी क्षेत्रों में मौसम का बदलता मिजाज अब केवल प्राकृतिक बदलाव का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह गंभीर पर्यावरणीय संकट का संकेत बनता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने, अचानक बाढ़, भूस्खलन और मलबे के सैलाब जैसी घटनाओं ने पर्वतीय क्षेत्रों में जनजीवन को बार-बार प्रभावित किया है। किश्तवाड़ से लेकर अमरनाथ, कुपवाड़ा, डोडा और शोपियां तक बारिश के मौसम में होने वाली ऐसी घटनाएं जान-माल के भारी नुकसान का कारण बन रही हैं। इन घटनाओं को केवल मौसमी उतार-चढ़ाव मानकर नजरअंदाज करना भविष्य में और गंभीर साबित हो सकता है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा और हिमालयी क्षेत्र में बढ़ती मानवीय गतिविधियां मिलकर एक ऐसी परिस्थिति तैयार कर रही हैं, जिसमें प्राकृतिक आपदाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में विकास की जरूरत से इनकार किए बिना पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्र में चरम मौसमी घटनाओं की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 से 2022 के बीच जम्मू-कश्मीर में चरम मौसम से जुड़ी हजारों घटनाएं दर्ज की गई, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान गई। इसके बाद भी बादल फटने और अचानक बाढ़ की घटनाओं का सिलसिला थमा नहीं है। अमरनाथ यात्रा मार्ग पर वर्ष 2022 में बादल फटने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। अचानक आए सैलाब और मलबे ने यात्रा मार्ग तथा आसपास के शिविरों को भारी नुकसान पहुंचाया और कई लोगों की जान चली गई। इसके बाद भी रामबन, उधमपुर, किश्तवाड़ और अन्य पर्वतीय जिलों में ऐसी घटनाएं सामने आती रहीं। किश्तवाड़ जैसे दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में बादल फटने के बाद आने वाली बाढ़ विशेष रूप से खतरनाक होती है। तेज बहाव अपने साथ चट्टानें, पेड़, मिट्टी और भारी मात्रा में मलबा लेकर नीचे आता है, जिससे कुछ ही मिनटों में सड़कें, पुल, मकान और दूसरी आधारभूत संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में बदलते मौसम के पीछे वैश्विक तापमान में वृद्धि की भूमिका महत्वपूर्ण है। वातावरण के गर्म होने से उसमें अधिक नमी धारण करने की क्षमता बढ़ती है। जब नमी से भरी मानसूनी हवाएं पर्वतीय क्षेत्रों में पहुंचती हैं तो पहाड़ों से टकराने के बाद अत्यधिक वर्षा की स्थिति बन सकती है। हालांकि बादल फटने जैसी घटनाओं को किसी एक कारण से जोड़ना उचित नहीं होगा, लेकिन तापमान में वृद्धि, बदलते वर्षा पैटर्न और स्थानीय पारिस्थितिक बदलाव इनके खतरे को बढ़ा सकते हैं। हिमालयी क्षेत्र की भौगोलिक संवेदनशीलता के कारण यहां थोड़े समय में होने वाली अत्यधिक वर्षा का प्रभाव मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक विनाशकारी हो सकता है। प्राकृतिक कारणों के साथ मानवीय गतिविधियां भी हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता बढ़ा रही हैं। पिछले कुछ दशकों में सड़क निर्माण, पर्यटन, जलविद्युत परियोजनाओं, सुरंगों और शहरी विस्तार का दबाव लगातार बढ़ा है। विकास के लिए आधारभूत ढांचा जरूरी है, लेकिन यदि इसकी योजना स्थानीय भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों को नजरअंदाज करके बनाई जाए तो वही विकास भविष्य में आपदा का कारण बन सकता है। पर्वतीय ढलानों को काटकर सड़कें बनाना, नदी और नालों के प्राकृतिक मार्ग के करीब निर्माण करना तथा बिना पर्याप्त पर्यावरणीय अध्ययन के बड़े ढांचों का निर्माण करना जोखिम बढ़ा सकता है। पहाड़ों में निर्माण के दौरान होने वाली खुदाई और विस्फोट से भूगर्भीय संरचना प्रभावित होने की आशंका रहती है। ऐसे में विकास परियोजनाओं की योजना बनाते समय यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि प्रकृति की वहन क्षमता से अधिक दबाव न पड़े। वन पर्वतीय क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक सुरक्षा कवच का काम करते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधे रखती हैं और वर्षा के पानी को जमीन में पहुंचाने में मदद करती हैं। जंगलों के कम होने से बारिश का पानी तेजी से ढलानों से नीचे उतर सकता है। इससे मिट्टी का कटाव और भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। जब भारी बारिश होती है तो पेड़ों और वनस्पतियों से खाली ढलानों पर पानी को रोकने की प्राकृतिक क्षमता कम हो जाती है। नतीजतन बड़ी मात्रा में पानी, मिट्टी और पत्थर निचले क्षेत्रों की ओर तेजी से बढ़ते हैं। यही स्थिति अचानक आने वाली बाढ़ को और अधिक विनाशकारी बना सकती है। पर्वतीय नदियां और छोटे नाले केवल जलधारा नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनके प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव आपदा के समय गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। नदी किनारे अतिक्रमण, अत्यधिक निर्माण और जलधाराओं को संकरा करने से पानी के प्राकृतिक बहाव में बाधा उत्पन्न होती है। बादल फटने के बाद जब बड़ी मात्रा में पानी और मलबा नीचे आता है तो संकरे नाले और छोटी जलधाराएं जल्दी भर जाती हैं। यदि उनका प्राकृतिक रास्ता पहले से ही निर्माण या अतिक्रमण के कारण बाधित हो तो पानी आबादी वाले क्षेत्रों में फैल सकता है। इसलिए नदी-नालों के किनारे निर्माण पर सख्ती और प्राकृतिक जलधाराओं की नियमित निगरानी बेहद जरूरी है। जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु हर वर्ष घाटी तथा पर्वतीय क्षेत्रों में पहुंचते हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। लेकिन संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन की क्षमता का वैज्ञानिक आकलन भी जरूरी है। किसी क्षेत्र में उसकी क्षमता से अधिक पर्यटकों का पहुंचना, अनियोजित होटल और अन्य निर्माण, कचरा प्रबंधन की कमी तथा वाहनों का बढ़ता दबाव स्थानीय पर्यावरण को प्रभावित कर सकता है। इसलिए पर्यटन विकास को रोकने के बजाय उसे पर्यावरण के अनुकूल और नियंत्रित स्वरूप देना समय की जरूरत है। प्राकृतिक आपदाओं को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं है, लेकिन उनके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए मौसम की सटीक निगरानी, स्थानीय स्तर पर शुरुआती चेतावनी व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों का वैज्ञानिक मानचित्रण जरूरी है। बादल फटने और अचानक बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में समय रहते चेतावनी पहुंचाने की व्यवस्था होनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन दल और स्थानीय समुदायों के बीच बेहतर समन्वय भी जरूरी है। पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने और बचाव के प्राथमिक उपायों का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। हिमालयी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए ऐसी विशेष नीति की आवश्यकता है, जिसमें विकास परियोजनाओं के साथ पर्यावरणीय जोखिम का वैज्ञानिक मूल्यांकन अनिवार्य हो। पर्वतीय ढलानों की संवेदनशीलता, भूकंपीय स्थिति, जलधाराओं और स्थानीय वनस्पति को ध्यान में रखकर निर्माण की सीमा तय की जानी चाहिए।

# जल संकट से लें सीख, पानी के सही इस्तेमाल को बनाएं जीवन का संकल्प

जल जीवन का आधार है। कृषि हो, उद्योग हो या देश का समग्र विकास, हर क्षेत्र की गतिविधियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जल पर निर्भर हैं। पृथ्वी पर जीवन की कल्पना पानी के बिना नहीं की जा सकती। यही कारण है कि जलस्रोतों का संरक्षण और उपलब्ध पानी का विवेकपूर्ण उपयोग आज केवल पर्यावरण से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व और भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति और उसके विकास में पानी की केंद्रीय भूमिका रही है। वैज्ञानिक दृष्टि से पानी हाइड्रोजन के दो और ऑक्सीजन के एक परमाणु से मिलकर बना यौगिक है, जिसका रासायनिक सूत्र H2O है। इसकी विशेषता यह है कि यह प्रकृति में तीन अवस्थाओं–तरल जल, ठोस बर्फ और गैसीय जलवाष्प–में पाया जाता है। पृथ्वी पर जल का निरंतर चक्र चलता रहता है। समुद्र, नदियों और अन्य जलस्रोतों से पानी वाष्प बनकर वातावरण में पहुंचता है, बादल बनाता है और वर्षा के रूप में धरती पर वापस आता है। यही जल चक्र पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता का आधार है। मानव शरीर के साथ-साथ पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के लिए भी पानी अनिवार्य है। भोजन उत्पादन से लेकर पेयजल, स्वच्छता और उद्योगों तक हर क्षेत्र में जल की आवश्यकता होती है। कृषि क्षेत्र तो पूरी तरह जल की उपलब्धता से जुड़ा हुआ है। फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिले तो खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होता है और इसका सीधा असर देश की खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जल संकट का प्रभाव और भी व्यापक हो सकता है। देश के कई हिस्सों में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। दूसरी ओर वर्षा का वितरण समान नहीं है। कहीं अत्यधिक बारिश बाढ़ का कारण बनती है तो कहीं लंबे समय तक बारिश न होने से सूखे जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में वर्षा जल का संरक्षण और भूजल का पुनर्भरण बेहद जरूरी हो गया है। दुनिया की आबादी बढ़ने के साथ पानी की मांग भी तेजी से बढ़ी है। घरेलू उपयोग के अलावा कृषि, उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में भी बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है। बीते दशकों में पानी की खपत में हुई वृद्धि यह संकेत देती है कि आने वाले समय में जल संसाधनों पर दबाव और बढ़ सकता है। पानी की उपलब्धता और उसकी मांग के बीच बढ़ता अंतर कई देशों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। जहां आबादी अधिक है और प्राकृतिक जल संसाधन सीमित हैं, वहां स्थिति और गंभीर हो जाती है। जल संसाधनों के असमान वितरण के कारण कई क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होने के बावजूद लोगों को पीने और खेती के लिए पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। जल संकट को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि पानी केवल पीने के लिए ही नहीं, बल्कि भोजन उत्पादन के लिए भी बड़ी मात्रा में आवश्यक होता है। एक व्यक्ति को वर्ष भर भोजन उपलब्ध कराने के लिए कृषि क्षेत्र में बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है। अनाज, दाल, फल, सब्जियां, दूध और अन्य खाद्य पदार्थों के उत्पादन में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही वजह है कि बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की मांग बढ़ने पर कृषि क्षेत्र में पानी की खपत भी बढ़ती है। यदि सिंचाई के लिए भूजल का लगातार दोहन होता रहा और उसके मुकाबले भूजल का पुनर्भरण नहीं हुआ तो भविष्य में खेती के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। भारत में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूजल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। पेयजल से लेकर सिंचाई तक के लिए लाखों नलकूप और बोरवेल संचालित हैं। कई क्षेत्रों में भूजल का दोहन उसकी प्राकृतिक पुनर्भरण क्षमता से अधिक हो चुका है। भूजल स्तर गिरने का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ता है। पानी का स्तर नीचे जाने पर सिंचाई के लिए अधिक गहराई तक नलकूप लगाने पड़ते हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ती है। छोटे और सीमांत किसान इससे विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। इसलिए भूजल को असीमित संसाधन मानने की सोच बदलनी होगी। जितना पानी जमीन से निकाला जाए, उसके अनुपात में वर्षा जल को जमीन में पहुंचाने की व्यवस्था भी करनी होगी। भारत में हर वर्ष मानसून के दौरान बड़ी मात्रा में वर्षा होती है, लेकिन उसका एक बड़ा हिस्सा बहकर नदियों और समुद्र में चला जाता है। यदि वर्षा जल का स्थानीय स्तर पर संरक्षण किया जाए तो इससे जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। घर, विद्यालय, सरकारी भवन और औद्योगिक परिसरों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। गांवों में तालाब, पोखर, कुएं और पारंपरिक जलस्रोतों को पुनर्जीवित करना भी जरूरी है। खेतों के आसपास छोटे जलाशय और जल संचयन संरचनाएं बनाकर बारिश के पानी को रोका जा सकता है। कृषि क्षेत्र में पानी की बचत के लिए आधुनिक सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। टपक सिंचाई और फव्वारा सिंचाई जैसी तकनीकें पानी की बर्बादी कम कर सकती हैं। किसानों को ऐसी फसलों की ओर भी प्रोत्साहित किया जा सकता है जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है। कई क्षेत्रों में ऐसी फसलों की खेती की जाती है जिनके लिए बड़ी मात्रा में पानी चाहिए, जबकि वहां जल उपलब्धता सीमित होती है। स्थानीय जलवायु और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर फसल चयन की नीति बनाई जाए तो पानी की बचत के साथ किसानों की आय को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। जल संकट केवल गांवों या किसानों की समस्या नहीं है। शहरों में भी पानी की बर्बादी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। घरों में खुले नल छोड़ना, वाहनों की अनावश्यक धुलाई, रिसाव वाली पाइपलाइन और बिना उपचार के पानी का बह जाना ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें थोड़ी सावधानी से रोका जा सकता है। शहरी क्षेत्रों में इस्तेमाल किए गए पानी के पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। उपचारित पानी का इस्तेमाल बागवानी, निर्माण कार्य और अन्य गैर-पेय जरूरतों के लिए किया जा सकता है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कोतवाली पुलिस ने नष्ट किया 416 ली शराब

**रूद्रपुर, देवरिया।** न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद कोतवाली प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने आबकारी अधिनियम में विभिन्न मामलों में निरूद्ध कुल 416 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब को गुरुवार को नष्ट कराया। उक्त शराब काफी दिनों से कोतवाली के माल खाने में रखी गई थी। मामला निस्तारित होने के बाद न्यायालय से अनुमति मिलने के साथ ही पुलिस ने उक्त शराब को नष्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार कुल शराब में 80 लीटर अंग्रेजी और 336 ली देशी शराब थी।

## पुलिस ने 416 लीटर अवैध शराब का किया विनिष्टीकरण

**देवरिया।** माल निस्तारण अभियान के तहत थाना रुद्रपुर पुलिस ने आबकारी अधिनियम से संबंधित 43 मुकदमों में बरामद कुल 416 लीटर अवैध शराब का नियमानुसार विनिष्टीकरण किया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सत्येन्द्र राय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीज़न देवरिया के आदेश के अनुपालन में बरामद माल के निस्तारण की कार्रवाई संपन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर कल्याण सिंह सागर, अभियोजन अधिकारी, हेड मुहर्रिर मालखाना, न्यायालय के फौजदारी लिपिक एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों की मौजूदगी में नियमानुसार शराब का विनिष्टीकरण किया गया। विनिष्टीकरण किए गए माल में 336 लीटर अवैध कच्ची शराब और 80 लीटर अंग्रेजी शराब, कुल 416 लीटर अवैध शराब शामिल रही। जनपद पुलिस द्वारा माल निस्तारण की कार्रवाई पारदर्शी तरीके से लगातार की जा रही है।

## धान के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत समदपुर के राजस्व गांव जगदीशपुर में गुरुवार को धान के खेत में करीब 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खेत में शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी उरुवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उरुवा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आसपास के स्थानों की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है। शव किस परिस्थिति में खेत तक पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई, इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है। शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान अथवा अन्य परिस्थितियों के संबंध में पुलिस जांच कर रही है। इंस्पेक्टर उरुवा श्याम देव चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ करने के साथ ही अन्य माध्यमों से जानकारी जुटा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ठगी के मुकदमे के वादी ने आठवीं मंजिल से लगाई छलांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र में बड़ी रकम के कथित गबन और धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज कराने वाले वादी परमात्मा सिंह ने बुधवार को आठवीं मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, मृतक के पास से सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आई है, जिसमें मुकदमे में आरोपी गरिमा सिंह के संबंध में आरोप लिखे होने की जानकारी पुलिस ने दी है। जानकारी के अनुसार परमात्मा सिंह की तहरीर पर चार अगस्त को गोरखनाथ थाने में गरिमा सिंह और उनके पिता के खिलाफ कथित तौर पर बड़ी रकम के गबन और धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों




आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना चल ही रही थी कि बुधवार, 13 अगस्त को परमात्मा सिंह ने आठवीं मंजिल से छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर गोरखनाथ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार और आसपास के लोगों में भी चर्चा का माहौल है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मुकदमा दर्ज कराने के कुछ दिन बाद ही वादी ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया।

एसपी सिटी ने बताया कि मृतक परमात्मा सिंह के पास से सुसाइड नोट मिला है। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में गरिमा सिंह के खिलाफ आरोप लिखे होने की बात सामने आई है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जांच का हिस्सा बनाते हुए उसके तथ्यों और आरोपों की सत्यता की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। सुसाइड नोट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और मुकदमे से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। मृतक के परिजनों और मामले से जुड़े अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा सकती है। फिलहाल परमात्मा सिंह की मौत से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस यह जानने में जुटी है कि आखिर किन परिस्थितियों में मुकदमे के वादी ने यह कदम उठाया। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

## न्यायप्रिय शासक थीं अहिल्याबाई होलकर: चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होलकर के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि अहिल्याबाई खंडेराव होलकर एक न्यायप्रिय और जनप्रिय शासक थीं। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं से बाहर भी जनहित में अनेक कार्य कराए, जिसके कारण वे इतिहास में अमर हो गईं। उन्होंने कहा कि देश के प्रसिद्ध तीर्थस्थलों और अन्य स्थानों पर मंदिर, घाट, कुएं और बावड़ियों का निर्माण कराने के साथ ही जनसुविधा के लिए मार्ग बनवाए। काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग की स्थापना कराने के साथ भूखों के लिए अन्नसत्र और प्यासों के लिए प्याऊ की व्यवस्था कराई। मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति कर शास्त्रों के अध्ययन, चिंतन और प्रवचन को भी प्रोत्साहित किया।

पूर्व राज्यमंत्री एवं भदंत ज्ञानेश्वर बुद्ध विहार के विहाराधिपति भंते महेंद्र ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर, इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव होलकर की पत्नी थीं। उन्होंने महेश्वर को राजधानी बनाकर लगभग 28 वर्षों तक मालवा साम्राज्य का शासन संभाला और अनेक जनोपयोगी योजनाओं को क्रियान्वित किया। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त 1795 को स्मृति शेष हुईं न्यायप्रिय एवं जनप्रिय महारानी अहिल्याबाई होलकर को उनके स्मृति दिवस पर नमन है। कार्यक्रम में सुरेश नारायण सिंह, व्यास यादव, गोविंद यादव, दयानंद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, नारायण प्रसाद, बेलभद्र गोंड, शंकर गोंड, श्यामराज कन्नौजिया और सतेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत 14 अगस्त को जिला स्तरीय कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन

**रायबरेली,** क्रीडा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि खेल निदेशालय, उ.प्र. लखनऊ एवं शासन के अनुपालन में जिला खेल कार्यालय रायबरेली तथा जिला नेहरू युवा विभाग रायबरेली के समन्वय से हर घर तिरंगा अभियान-2026 के उपलक्ष्य में 14 अगस्त 2026 को जिला स्तरीय कबड्डी एवं रस्साकसी 18 वर्षीय बालक प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल कार्यालय रायबरेली में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 14 अगस्त को दोपहर 02:00 बजे से होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीमें आयोजन शुरू होने से एक घंटे पूर्व निःशुल्क प्रविष्टि करा सकती हैं। प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय रायबरेली से संपर्क कर सकते हैं।

# ऑनलाइन गेम में पैसा लगाने के लिए खुद के अपहरण का रचा नाटक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले के सिकरीगंज में ऑनलाइन गेम की लत में फंसे एक बालक ने गेम में पैसा लगाने के लिए अपने ही अपहरण की कहानी गढ़ दी। उसने एआई की मदद से तैयार की गई फोटो अपने पिता के मोबाइल पर भेजकर एक लाख रुपये की मांग कर परिवार में हड़कंप मचा दिया। सूचना मिलते ही सिकरीगंज पुलिस सक्रिय हुई और सीडीआर तथा सीसीटीवी फुटेज की मदद से महज दो घंटे के भीतर बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में सूचना दी कि उसका भांजा घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा है। इसी बीच बालक के मोबाइल से उसके पिता के मोबाइल पर कुछ फोटो भेजी गई। फोटो के साथ एक लाख रुपये की मांग की गई, जिससे परिजन घबरा




गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 219/2026 धारा 308(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने बालक के मोबाइल नंबर की सीडीआर खंगालने के साथ ही घटनास्थल और संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और पुलिस की सक्रियता के चलते टीम ने लगातार सुराग जुटाए और करीब दो घंटे के भीतर बालक को सकुशल

### एआई से बनाई फोटो भेजकर मांगे एक लाख रुपये

बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि बालक ऑनलाइन गेम खेलने का आदी है। गेम में पैसा लगाने के लिए उसने स्वयं को अपहृत बताए जाने की योजना बनाई। इसके बाद एआई से तैयार की गई फोटो अपने पिता के मोबाइल पर भेजी और एक लाख रुपये की मांग कर दी, ताकि रकम मिलने पर उसका इस्तेमाल ऑनलाइन गेम में किया जा सके। पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद करने के बाद नियमानुसार उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। घटना ने ऑनलाइन गेम की बढ़ती लत और उसके कारण बच्चों में पैदा हो रहे जोखिमों को भी उजागर किया है। पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों और मोबाइल इस्तेमाल पर नजर रखने की अपील की है।

# 'गुड मॉर्निंग देवरिया' से सुरक्षित हुई सुबह, यातायात नियम तोड़ने पर 254 वाहनों के चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में गुरुवार को जिले में सुरक्षा, महिला जागरूकता और यातायात व्यवस्था को लेकर एक साथ कई अभियान चलाए गए। 'गुड मॉर्निंग देवरिया', एंटी रोमियो, मिशन शक्ति फेज-5.0 और सघन यातायात चेकिंग अभियान के जरिए पुलिस ने पार्कों से लेकर स्कूलों और प्रमुख मार्गों तक सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की।

**मॉर्निंग वॉकर्स से संवाद, बुजुर्गों को सुरक्षा का भरोसा**

'गुड मॉर्निंग देवरिया' अभियान के तहत पुलिस टीमें सुबह पार्कों, स्टेडियम, प्रमुख मार्गों, मंदिरों और शिवालयों के आसपास सक्रिय रहीं। पुलिसकर्मियों ने मॉर्निंग वॉक करने वाले महिला-पुरुषों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। वहीं बुजुर्गों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहायता और सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी सघन चेकिंग की। अभियान का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संवाद बढ़ाने के साथ महिलाओं, बालिकाओं और बुजुर्गों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना रहा।



**स्कूल-कॉलेज के आसपास एंटी रोमियो टीम की निगरानी**

महिला एवं बालिका सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो टीमों ने स्कूल और कोचिंग जाने वाली छात्राओं से संवाद किया। उन्हें किसी भी परेशानी या असुरक्षा की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया। छात्राओं को 1090 वूमेन पावर लाइन और 112 आपातकालीन सेवा समेत महत्वपूर्ण हेल्पलाइन की जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को बांटे पंपलेट**


मिशन शक्ति फेज-5.0 के दूसरे चरण के तहत रुद्रपुर, बघौचघाट, बरहज, सलेमपुर समेत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया। पंपलेट वितरित कर 112, 181, 1090, 1098, 1076, 102, 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई।

**यातायात नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा**

इधर यातायात पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड, कसया मार्ग, कसया ओवरब्रिज और देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। सड़क पर अनधिकृत रूप से वाहन खड़ा करने, बिना हेलमेट, तीन सवारी, दोषपूर्ण नंबर प्लेट और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। अभियान में कुल 254 वाहनों का चालान किया गया, जबकि तीन वाहनों को सीज किया गया। देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर इंटरसेप्टर वाहन और स्पीड लेजर गन से तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे में ड्राइविंग न करने और सड़क पर वाहन खड़ा न करने की अपील की है। पुलिस ने साफ किया कि आमजन की सुरक्षा से जुड़े ये अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

एक ही दिन में सुरक्षा, महिला जागरूकता और यातायात पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से देवरिया में सुरक्षित सुबह, सशक्त नारी और सुरक्षित सड़क, पुलिस की प्राथमिकता का साफ सन्देश गया।

## क्षेत्रीय खेलकूद में देवरिया का दबदबा, खिलाड़ियों ने जीते सर्वाधिक स्वर्ण पदक



**देवरिया।** प्रयागराज के नैनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 में सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया खास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर देवरिया संकुल का नाम रोशन किया। कबड्डी, खो-खो, कुराश, जूडो और कुश्ती समेत विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा के साथ अनुशासन और खेल भावना का भी परिचय दिया। प्रतियोगिता से लौटे खिलाड़ियों का विद्यालय की वंदना सभा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय अध्यक्ष मुन्नीलाल शर्मा, प्रबंधक बैकुंठनाथ कुशवाहा, प्रधानाचार्य मान बहादुर सिंह और संभाग निरीक्षक अजय दुबे ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के क्रीड़ा विभागाध्यक्ष रामबली ने अतिथियों का साफा-पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि से विद्यालय में उत्साह और गर्व का माहौल रहा।

## अमर क्रांतिकारियों को नमन कर रही भाजपा: पवन

**देवरिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा की ओर से शहीद स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को देवरिया विधानसभा के नगर मंडल की नई कॉलोनी स्थित अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा की धुलाई कर सफाई की गई। इसके बाद माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद स्मारकों, वीर सपूतों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई के साथ माल्यार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य तिरंगे के सम्मान के साथ लोगों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखना केवल अभियान तक सीमित न रहकर प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बननी चाहिए। शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्वच्छता के माध्यम से युवा पीढ़ी को उनके त्याग और योगदान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अम्बिकेश पांडेय, मुकेश राय, रत्नेश्वर गर्ग, अरुण मिश्र, प्रमोद पांडेय, प्रभुनाथ पांडेय, वीरेंद्र पाठक और विजय कुशवाहा सहित किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशीली दवा के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार, जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बरगदवा पुलिस ने सरहद के समीप सघन चेकिंग के दौरान एक शातिर नेपाली दवा तस्कर के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद किया है। सीमा पर संदिग्धों की निगरानी के दौरान पुलिस टीम ने जब एक बाइक सवार को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से भारी मात्रा में नशीला दवा बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान 21 वर्षीय अमरनाथ केवट पुत्र मल्हार केवट निवासी सादौनी बाजार थाना रूपनदेही जिला रूपनदेही राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। अभियुक्त लंबे समय से सीमावर्ती इलाकों में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध सप्लाई में लिप्त था। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से ली गई तलाशी के दौरान तस्कर के कब्जे से प्रॉक्सीको स्पास के 145 कैप्सुल, प्रॉक्सीमेक स्पास के 233 कैप्सुल और नाइट्रावेट-10 के 10 पत्ते समेत कुल 528 नाजायज नशीली दवाएं बरामद की गई। पुलिस ने मौके से तस्करी के काम में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल जिसका पंजीकरण संख्या लु 8 प 116 को



भी जब्त कर लिया है। मामले में बरगदवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और आरोपी को जेल भेज दिया। साथ ही इस अवैध दवा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य स्थानीय व सीमा पार के अन्य तस्करों की कड़ियों को खंगालने के लिए आगे की विस्तृत कानूनी व विधिक कार्यवाही तेज कर दी है।

इस संबंध में नौतनवां क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने बताया कि एक नेपाली अभियुक्त के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद की गई है। आरोपी युवक के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# खजनी में भव्य तिरंगा यात्रा, विकासखंड परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी/गोरखपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास खंड खजनी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंशु सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का जोश भर दिया। हाथों में तिरंगा और दिल में राष्ट्रप्रेम का जज्बा लिए अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा विकास खंड परिसर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम् और देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए प्रतिभागियों ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंशु सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की



आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता हमें लंबे संघर्ष और असंख्य वीरों के बलिदान के बाद मिली है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित यात्रा में विकासखंड के अधिकारी और कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी और एकजुटता का प्रतीक है। सभी को राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लेना चाहिए। तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष खजनी अवध बिहारी मिश्र, ओर ख़जनी प्रमुखः प्रतिनिधि अंशुमाली धर द्विवेदी महामंत्री बृजेन्द्र चतुर्वेदी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, विकासखंड के समस्त सचिव, तकनीकी सहायक और सफाई कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

यात्रा के दौरान तिरंगे के प्रति सम्मान और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के उत्साह से पूरा विकासखंड परिसर देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को भी नई ऊर्जा दी और लोगों को राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा गौरव के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के समापन पर सभी ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा।

## घर-घर तिरंगा अभियान के तहत हरनहीं पीजी कॉलेज से निकली भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी/गोरखपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से वीर बहादुर सिंह पीजी कॉलेज हरनहीं-महुराव, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में गुरुवार को 'घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केपी चौरसिया ने तिरंगा लहराकर यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. केपी चौरसिया ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग में देशभक्ति की भावना को जागृत करने और नागरिकों को राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर हरनहीं चौराहा, तहसील चौराहा, पडियापार, गाजर, वंशमन और महुराव




समेत विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह के साथ चल रहे छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को 'घर-घर तिरंगा' अभियान की जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को याद करने की अपील की। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। यात्रा में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. इंद्रजीत सिंह, अरुण कुमार नायक, वीरेंद्र सिंह, राजन, शैलेंद्र कुमार अभिमन्यु, स्वर्णिमा सिंह, एकता सिंह, बबीता मौर्य, प्रतिभा दुबे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी के सहयोग से तिरंगा यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।


## तिरंगा देश की आन-बान और शान का प्रतीक, देश के विकास का लें संकल्प : अनुभा सिंह

**देवरिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकासखंड लार परिसर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा विकासखंड मुख्यालय से शुरू होकर लक्खु मोड़, चनुकी मोड़ और मठ लार महाविद्यालय होते हुए पुनः विकासखंड परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। हाथों में तिरंगा लिए बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा। ब्लॉक प्रमुख अनुभा सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए सभी को मिलकर संकल्प लेना चाहिए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह ने कहा कि राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देती है। युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। तिरंगा यात्रा में प्रधान संघ अध्यक्ष आसनारायण सिंह, खंड विकास अधिकारी जसवंत, उमेर, भोला सिंह, महबूब आलम, नागेंद्र कुशवाहा और सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़: तीन गो-तस्कर गिरफ्तार; एक के पैर में लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के बरियारपुर थाना क्षेत्र के मठिया के पास बुधवार देर रात पुलिस और गो-तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में एक आरोपित के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पिकअप में लदे तीन गोवंश और एक भैंस, साथ ही 315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार, बरियारपुर पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पिकअप से गोवंश को बिहार ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मठिया के पास बैरियर लगाकर वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक बैरियर तोड़कर भागने लगा। पीछा करने पर पिकअप मठिया चौराहे के पास रुक गई और उसमें सवार तीन लोग



भागने लगे।

पुलिस का दावा है कि भाग रहे आरोपितों में से एक ने झाड़ियों की आड़ से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में स्वयंवर यादव (45) निवासी सुरौली क्षेत्र के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मौके से हरिकेश यादव (37) निवासी सुरौली और पन्नेलाल यादव (56) निवासी एकौना को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार स्वयंवर यादव का पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में नाम सामने आया है। उसके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध बीएनएस, आर्म्स एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में बरियारपुर थानाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दुर्गेश शुक्ल, सत्य प्रकाश सिंह समेत पुलिस टीम शामिल रही। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह ने पुलिस कार्रवाई की जानकारी दी।

# राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388 वीं जयंती पर कोंच में निकली भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती राठौर समाज की ओर से गुरुवार को धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। राठौर समाज सेवा समिति कोंच के तत्वावधान में चंदकुआ स्थित श्री अवध बिहारी लाल महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। यात्रा स्टेट बैंक, भुंजरया चौराहा, नईबस्ती, रामगंज और सागर चौकी तिराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। यहां हवन-पूजन के बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्री अवध बिहारी लाल महाराज का विमान समाज के लोग कंधों पर लेकर चल रहे थे। मार्ग में लोगों ने अपने घरों के बाहर खड़े होकर महाराज को पुष्पमाला अर्पित की, तिलक लगाया और आरती उतारी। इसके पीछे राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा लेकर लोग चल रहे थे।

रानी लक्ष्मीबाई समेत विभिन्न महापुरुषों की वेशभूषा में सजे बच्चों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवा नृत्य करते हुए हाथों में पताकाएं लहरा रहे थे। शोभायात्रा के दौरान नगर का वातावरण उत्साह और देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। शोभायात्रा के समापन के बाद आयोजित गोष्ठी में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए बच्चों को शिक्षित करने के साथ उन्हें समाजसेवा के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार के माध्यम से ही परिवार, समाज और देश की प्रगति संभव है। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, बसपा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी आशीष पांडे, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सपा नेता हिमांशु ठाकुर, फूल सिंह राठौर और श्रीप्रकाश राठौर ने भी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के आदर्शों पर चलकर समाज और देश की सेवा करने का आह्वान किया। संचालन रोहित राठौर ने किया। अंत में भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष अनूप राठौर, राठौर समाज सेवा समिति अध्यक्ष राजेश राठौर, राठौर धर्मादा समिति अध्यक्ष रोहित राठौर, धर्मेंद्र राठौर, अंकुर राठौर, पत्रकार राहुल राठौर, दिलीप, शीलू, देवेंद्र, सेठ सौरभ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और जिलेभर से आए राठौर समाज के लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस शोभायात्रा के दौरान मुस्तैद रही। चंदकुआं में ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र बबेले, मंत्री रंजन गोस्वामी, राघवेंद्र तिवारी, भास्कर दुबे, गौरव तिवारी, गीतेश शर्मा, अमरेंद्र दुबे, मृदुल गौतम, रुचिर नायक और राजेंद्र दुबे सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का शीतल पेय और मिष्ठान्न से स्वागत किया।

# घाटमपुर में गर्भवती दलित युवती की हत्या, आम के बाग में मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना घाटमपुर क्षेत्र के पतारा में तीन से चार महीने की प्रेगनेंट एक दलित युवती की हत्या करने के बाद गांव किनारे शव फेक दिया गया,, सुबह शव मिला तों परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की हैं,, सूचना पर घाटमपुर थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड जांच करने पहुंचा, परिवार के लोगों ने प्रेमी पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है,, पुलिस की टीमें हत्या केस की जांच में जुटी है,, घाटमपुर के पतारा में रहने वाले राजेंद्र सोनकर राज मिस्त्री हैं,, राजेंद्र ने बताया कि घर में पत्नी सुमन अपने सात बच्चों के साथ रहतीं हैं,,सुमन ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी रेनू 24 वर्ष चार महीने पहले अपने प्रेमी के साथ घर से बग़ैर बताए चली गई थी,, दोनों के बीच झगड़ा हुआ, और एक महीने पहले वह वापस घर लौटी, तों तीन महीने की प्रेगनेंट थी, इसके बाद वह फिर किसी दूसरे युवक के साथ घर से चली गई आज गुरूवार सुबह गांव के बाहर युवती के घर से करीब 500मीटर दूर आम के बगीचे में युवती का शव पड़ा हुआ मिला, मुंह से झाग निकल रहा था,, गांव के लोगों की सूचना पर मां सुमन ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त की और परिवार में कोहराम मच गया,, सूचना पर घाटमपुर थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे,,युवती के बरामद मोबाइल फोन से पुलिस जांच में जुटी है,, थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि परिवार के लोग पहले प्रेमी और दूसरे प्रेमी का नाम व पहचान नहीं बता पा रहे हैं प्रेमी पर हत्या कर शव फेके जानें का आरोप लगाया है, मोबाइल को कब्जे में ले कर कॉल डिटेल निकाली जा रही है , जल्द ही हत्या का केस दर्ज कर जल्द ही खुलासा किया जाएगा, हत्या के आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद** – जिलाधिकारी ने कहा कि मैं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का ''हर घर तिरंगा'' अभियान में उनकी सहभागिता के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। स्वयं सहायता समूह की दीदीयो ने जिस समर्पण और देशभक्ति के साथ राष्ट्र ध्वज तिरंगे का निर्माण किया है, उससे संपूर्ण जिले में राष्ट्र प्रेम की नई अलख जगी है, यह न केवल आर्थिक स्वावलंबन की ओर बड़ा कदम है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का सबसे जीवंत उदाहरण भी है। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्षाबंधन एवं आगामी त्योहारों के इस पावन अवसर पर फिरोजाबाद पुलिस और जिला प्रशासन आप सभी बहनों को पूर्ण सुरक्षा, सम्मान और सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, आपके द्वारा पुलिस कर्मियों को बांधा गया रक्षा सूत्र केवल एक परंपरा नहीं बल्कि जन सेवा, कर्तव्य, निष्ठा और आम जनता की सुरक्षा के प्रति हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। आप सभी बहनों से अनुरोध है कि समाज में हर नागरिक को राष्ट्रध्वज फहराने और आजादी के महापर्व से गर्व से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि जब हमारी महिला शक्ति आत्मनिर्भर बनती है, तो पूरे समाज और राष्ट्र प्रगति की राह पर अग्रसर होता है, आपकी यह मेहनत और देशभक्ति हमारे लिए मिसाल है। इस संपूर्ण कार्यक्रम को सुव्यस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी और डी0 सी0 एन0 आर0 एल0 एम0 तूलिका श्रीवास्तव का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रविशंकर प्रसाद का विशेष योगदान रहा उनको भी धन्यवाद देता हूं।

## .रिछोला धाम में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**बरेली/** सतगुरु जी महाराज के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को अनन्त सुखराम जी ट्रस्ट शाखा, रिछोला धाम के तत्वावधान में ग्राम रिछोला ताराचंद से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा ग्राम रिछोला ताराचंद से रामद्वारे से प्रारंभ होकर ग्राम रिछोला ताराचंद में पूरे गांव में निकाली गई आसपुर होते हुए वापस रामद्वारे पर समाप्त हुई। बैंड-बाजों की मधुर धुनों और देशभक्ति गीतों के साथ बच्चे एवं सभी सहभागी राष्ट्रप्रेम और उत्साह से ओत-प्रोत होकर झूमते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। संपूर्ण यात्रा देशभक्ति, एकता और राष्ट्रगौरव की भावना के साथ अत्यंत धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य कार्यकर्ता रामलाल टाक , प्रताप सिंह , पातीराम , नारायण दास , ग्राम प्रधान मो.खुर्शीद, पूर्व प्रधान ओमकार सिंह , आचार्य ब्रजपाल , ग्राम प्रधान आसपुर एवं समस्त रामस्नेहीगण, मातृशक्ति, पुरुष, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के छात्र -छात्राएं , स्टाफ मौजूद रहा।

# राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के बी.ए.एम.एस प्रथम वर्ष का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/रिठौरा।** राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली के बी.ए.एम.एस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालयीय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल रहा। संस्थान के चैयरमेन राजेन्द्र अग्रवाल ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बी.ए.एम.एस प्रथम वर्ष में सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा एवं मेहनत का परिचय दिया। महाविद्यालय में छात्रा खुशनुमा ने 1194 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रेहाना खातुन ने 1193 अंक के साथ द्वितीय एवं श्रेष्ठा सिंह ने 1181 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र सिंह रावत ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के शिक्षक, डा. पुनीत शर्मा, डा. नीतू सिंह, डा. अंकित सक्सेना, डा. मुकेश सैनी, डा. अंकित चांडक, डा. संदीप रंधावा एवं नितिन कुमार ने भी विद्यार्थियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रबंधन निदेशक रोहन बंसल ने कहा छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों के सापेक्ष अच्छा रहा अतः छात्रों को और मेहनत करके आगे आना चाहिए तथा उन्होने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने संस्था के चैयरमेन राजेन्द्र अग्रवाल, डीन डाक्टर साकेत अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी के सतत प्रयास एवं सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में, एबीवीपी ने किया सरकार का पुतला दहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कानपुर महानगर द्वारा झारखंड में विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आज छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (कानपुर विश्वविद्यालय) के मुख्य द्वार पर झारखंड सरकार का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में परिषद के लगभग 250 कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए झारखंड सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की तथा दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखने वाले विद्यार्थियों पर बल प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं अस्वीकार्य है। इस अवसर पर प्रांत मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पिछले 78 वर्षों से राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। झारखंड में विद्यार्थियों पर किया गया लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। किसी भी सरकार का दायित्व विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करना होता है, न कि उनकी आवाज को लाठियों के बल पर दबाना। परिषद इस घटना की घोर निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित विद्यार्थियों को न्याय मिले।

# बिना जरूरी कागजों के चल रहा था अस्पताल, एसीएमओ ने छापा मारकर किया सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कोंच(जालौन)-** झोलाछाप डॉक्टरों और निजी स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अस्पताल चलाने वाले तथाकथित चिकित्सकों एवं अस्पतालों पर जिले का स्वास्थ्य विभाग तेजी से कार्रवाई करता हुआ नजर आ रहा है। वृहस्पतिवार को एसीएमओ ने नगर में बिना कागजों के चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया है जिससे नीम-हकीम टाइप के लोगों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। एसीएमओ डॉ. अरविंद भूषण ने वृहस्पतिवार को नगर में नदीगांव रोड पर स्थित एक कॉम्पलेक्स की दूसरी मंजिल पर खुले डॉ. पूनम अलीगढ़ वाली नाम के अस्पताल पर छापा मारा। छापे के दौरान अस्पताल खुला हुआ मिला और कथित महिला डॉक्टर भी मौके पर मौजूद मिली। एसीएमओ ने अस्पताल संचालन से जुड़े अभिलेख मांगे तो मौके पर कोई भी अभिलेख उक्त तथाकथित महिला डॉक्टर नहीं दिखा सकी। एसीएमओ ने इसे गंभीर मामला मानते हुए अस्पताल सील कर दिया। कार्रवाई को लेकर एसीएमओ ने बताया कि इससे पहले भी अस्पताल की जांच के लिए कई बार आया लेकिन हमेशा अस्पताल बंद मिला, आज अस्पताल खुला हुआ पाया गया। बगैर आवश्यक अभिलेखों के अस्पताल संचालन की जांच की जा रही है जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन की तिरंगा यात्रा ट्रेक्टर से लगे देशभक्ति के नारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/क्योलडिया।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आज किसानों ने विशाल ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली ट्रैक्टर यात्रा ब्लॉक परिसर से शुरू होकर मेन चौराहे होते हुए जावेद पुलिया से होते हुए ब्लाक परिसर में समाप्त हुई तिरंगा यात्रा में दो दर्जन ट्रैक्टर और सैकड़ो किसान देशभक्ति नारे लगाते चल रहे थे तिरंगा यात्रा के समापन के बाद किसानों ने प्रांतीय नेतृत्व की आह्वान पर 16 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के अनुपस्थिति में ए डी ओ समाज कल्याण को सौंपा। इस दौरान किसानों ने खंड विकास अधिकारी के मुख्यालय ना होने पर जोरदार हंगामा काटा किसानों का कहना था कि हमारा ज्ञापन बी डी ओ या ए डी ओ पंचायत में से कोई एक अधिकारी लेने आए हम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ज्ञापन नहीं देंगे इस दौरान किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष फतेहगंज गंगवार जिला प्रभारी चंद्रप्रकाश पप्पू भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष हीरालाल गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल वर्मा। किसान यूनियन के तहसील संयोजक हरदेव सिंह रंधावा सरदार करतार सिंह मुनीष पाल सूर्य प्रकाश पूरनलाल राम रतन मनोहर लाल गंगबार बेगराज नेता जयपाल सिंह प्यारेलाल ओमपाल समेत सैकड़ो किसान तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस फोर्स के साथ तिरंगा यात्रा में मुस्तैद रहे।

# जर्जर पुलिया और गड्ढों से बढ़ी परेशानी, बारिश में बंद होने के कगार पर नकटी-सिलरा मार्ग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/क्योलडिया।** नकटी नारायणपुर से सिलरा नवदिया गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बनी वर्षों पुरानी पुलिया अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। पुलिया के साथ ही खड़ंजे पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो जाने से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। छोटे वाहनों के साथ ही बाइक सवारों को भी आए दिन गिरकर चोटिल होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात शुरू होते ही पुलिया के पास पानी भर जाता है और गड्ढे दिखाई नहीं देते। इसी कारण कई बार बाइक सवार गिरकर घायल हो चुके हैं। स्कूली बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। अगर इस बार बारिश अधिक हुई तो यह रास्ता पूरी तरह बंद हो जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिया क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में सिलरा और नवदिया गांव के हजारों लोगों को आने-जाने के लिए करीब 6 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा। उन्हें सिठौरा होते हुए नकटी नारायणपुर पहुंचना होगा, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद होगा। मरीजों को अस्पताल ले जाने और आवश्यक सामान लाने में भी दिक्कतें बढ़ जाएंगी। ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पुलिया के मरम्मत और सड़क पर गिट्टी डालकर गड्ढे भरवाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन काम नहीं होता। गांवासियों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि बरसात से पहले पुलिया की मरम्मत कराई जाए और सड़क को गड्ढा मुक्त किया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। अन्यथा मजबूरन ग्रामीण आंदोलन करने को विवश होंगे।

## लखनऊ -आगरा एक्सप्रेस वे पर बस अनियंत्रित होकर पलटी, 6 घायल

**कानपुर।** थाना अरौल क्षेत्रांतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर KM 216.900 के पास जयपुर से गोरखपुर जा रही बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस में कुल 43 यात्री सवार थे, जिनमें 6 यात्रियों को हल्की चोटें आई। सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी बिल्हौर भेजा गया, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हैलेट हॉस्पिटल, कानपुर नगर रेफर किया गया। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई तथा यातायात सुचारू करा दिया गया है। मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## मेहंदी प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया



**बरेली/क्योलडिया।** नगर के गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग की -छात्राओं ने भाग लिया जूनियरवर्ग में मंतशा प्रथम आदिती प्रथम शिखा प्रथम आल मीन द्वितीय तूबा कुसुम द्वितीय शिवानी तृतीय शगुन तृतीय भावना तृतीय स्थान पर रही सीनियर वर्ग में पायल प्रथम तृप्ति प्रथम पूनम प्रथम द्वितीय अनम अंसारी। पूनम द्वितीय स्थान पर रहे विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य नजमुल हसन अंसारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस दौरान मुकेश कुमार मोहम्मद फुरकान महेश चंद्र तिलक राम सत्यभामा रजनी रोशनी मैनाज समेत समस्त स्टाफ मौजूदरहा।

# टूण्डला में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला–** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को नगर टूण्डला में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ दीपा के चौराहा से हुआ, जिसके बाद यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। युवाओं, जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर नगरवासियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के माहौल में सराबोर रहा। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल देश का ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष के कारण देश को आजादी मिली। उन्होंने नागरिकों से देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने तथा राष्ट्रहित में अपना योगदान देने का आह्वान किया। भव्य तिरंगा यात्रा के समापन पर सभी ने देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए संकल्प लिया। नगर में निकली इस यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा टूण्डला 'हर घर तिरंगा' तथा राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत नजर आया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि रजनीकांत माहेश्वरी, एमएलसी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह, जिला मंत्री दिनेश गुप्ता, आकाश शर्मा, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, अंकित शर्मा, दीपक चौधरी, नरेंद्र त्यागी, जुबिन भारद्वाज, योगेंद्र चौहान, दीपक ठेनुआ, हरीश चौधरी, सुनील पाठक, हनुमंत बघेल, सचिन जैन, सुशील चक, ब्लॉक प्रमुख नारखी, सतीश बघेल, ब्लॉक प्रमुख टूण्डला, जितेन्द्र शर्मा, अनिल चौधरी, नीलम दिवाकर, महेश बघेल एवं गिरबर निषाद, महेन्द्र झा, विजय सहित अनेक गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भदोही में 28 केंद्रों पर एक नवंबर से होगी धान खरीद

**सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति क्विंटल**

**भदोही।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से धान खरीद के लिए जनपद में 28 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। शासन के निर्देश पर इन केंद्रों पर एक नवंबर 2026 से धान खरीद शुरू होगी। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने किसानों से समय से पंजीकरण कराने की अपील की है। जिलाधिकारी के अनुसार, जिले में अनुमोदित 28 केंद्रों में खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 12 और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का एक केंद्र शामिल है। ज्ञानपुर तहसील में सात, औराई में छह तथा भदोही तहसील में 15 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये तथा ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 72 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। धान बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण अनिवार्य होगा। किसान मोबाइल, किसान मित्र ऐप अथवा साइबर कैफे के माध्यम से विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। धान खरीद के बाद भुगतान आधार लिंक्ड एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खाते में सीधे किया जाएगा। डीएम ने किसानों से निर्धारित क्रय केंद्रों पर ही धान बेचने तथा समय से पंजीकरण कराने की अपील की है। खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। धान खरीद के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है।

### विण्ढमगंज पुलिस ने किया 04 वारण्टियों को गिरफ्तार, भेजा न्यायालय



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है।उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विण्ढमगंज के नेतृत्व में दिनांक 13.08.2026 को थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगों में माननीय न्यायालय से जारी एनबीडब्ल्यू की तामील करते हुए कुल 04 वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया। उ0नि0 रामधनी सिंह मय पुलिस बल द्वारा वारण्टीगण 1. सहनवाज अहमद पुत्र नईम अहमद, उम्र करीब 33 वर्ष एवं 2. सरताज अहमद पुत्र नईम अहमद, उम्र करीब 36 वर्ष, निवासीगण ग्राम सलैयाडीह, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में उ0नि0 जयप्रकाश यादव मय पुलिस बल द्वारा वारण्टीगण 1. सईद हुसैन पुत्र रहमत अली, उम्र करीब 70 वर्ष एवं 2. अख्तर अली पुत्र सईद हुसैन, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासीगण ग्राम महुली, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टियों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में-उ0नि0 रामधनी सिंह, उ0नि0 जयप्रकाश यादव, हे0का0 महफूज अली, का0 अखण्ड प्रताप यादव शामिल रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में गुरुवार को 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री राम नारायण, रजिस्ट्रार,मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से प्रत्येक नागरिक को जागृत करना हमारा कर्तव्य है,इसमें स्वयंसेवकों की भूमिका बहुत प्रासंगिक है।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा स्वतंत्रता दिवस के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के रंगों, राष्ट्रीय प्रतीकों एवं देशभक्ति की भावनाओं को आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर कुसुमलता,डॉ. स्मिता एवं डॉ. रमेश चंद शामिल रहे। रंगोली प्रतियोगिता में समूह-3 की खुशबू यादव, लवली एवं स्नेहा ने प्रथम स्थान, समूह-4 की प्रतिमा, तरन्नुम एवं सुष्मिता ने द्वितीय स्थान तथा समूह-1 की सोनिया पाल एवं अर्पिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'हर घर तिरंगा अभियान', स्वतंत्रता संग्राम तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अवधेश सिंह यादव, डॉ. चन्दन द्विवेदी एवं डॉ. शिखा तिवारी शामिल रहे। भाषण प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप सिंह एवं संपदा उपाध्याय ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, रोशनी विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान तथा वैष्णवी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. माधवी शुक्ला ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने का अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रीता मिश्रा एवं सह- संयोजन डॉ. विद्या सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को अभियान के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के संबंध में जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई तथा सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। रंगोली कार्यक्रम के संयोजक एवं सह संयोजक क्रमशः डॉ शिव कुमार एवं डॉ शैलेंद्र कुमार थे। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा रैली को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी



**भदोही।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को राजेंद्र बरनवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, घोसिया औराई से तिरंगा रैली निकाली गई। उप जिलाधिकारी औराई शिवेंद्र कुमार वर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तिरंगा लेकर छात्राओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। रैली में केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी के सहायक निदेशक डॉ. लालजी, प्रधानाचार्या कुसुम लता एवं दिव्यांशु मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस दौरान त्रिलोकपुर स्थित संत रविदास मंदिर परिसर में विजय शंकर लोकगीत पार्टी ने स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के महत्व पर गीत-संगीत प्रस्तुत किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से 14 और 15 अगस्त को कॉलेज परिसर में एकीकृत संचार आउटरीच कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें फोटो प्रदर्शनी, गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।

# गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी और त्वरित विवेचना के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और गंभीर अपराधों में प्रभावी अभियोजन पर जोर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं को महिला अपराध, पॉक्सो, एनडीपीएस, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, दुष्कर्म व शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने के निर्देश दिए। न्यायालयों में लंबित मामलों, जमानत, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, अंतिम बहस, गवाहों की उपस्थिति और अभियोजन स्वीकृति की भी समीक्षा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कर समय से चार्जशीट न्यायालय में दाखिल करने को कहा। उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया। मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान आबकारी अधिकारी को स्कूलों, डिग्री कॉलेजों, ईट-भट्ठों, उद्योगों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में आबकारी, खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा हुई। अवैध खनन, अवैध मद्य कारोबार, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण, संपत्ति जब्ती और जिलाबदर की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अभियोजन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, शासकीय अधिवक्ता समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूली वाहनों की नियमित जांच का एडीएम ने दिया निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा व्यवस्था और स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र और परमिट वैध होना अनिवार्य है। उन्होंने स्कूली वाहनों की नियमित जांच करने तथा मानकों के विपरीत पाए जाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि बच्चों के बाइक से स्कूल आने पर रोक लगाने के लिए अभिभावकों और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में दुर्घटना संभावित स्थानों, यातायात व्यवस्था और सड़कों की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को आवश्यक संकेतक, सुरक्षा उपाय और अन्य व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में लापरवाही न बरतने और यातायात नियमों के पालन के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, परिवहन, आबकारी, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विद्यालय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# पेट्रोल की महंगाई से जिले में बढ़ी ईवी की मांग, मिर्जापुर में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



डायरेक्टरः अभय मिश्रा



सहयोगीः पियूष शुक्ला

**मिर्जापुर।** पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की लगातार बढ़ती कीमतों का असर अब लोगों की वाहन खरीदारी की पसंद पर साफ दिखाई देने लगा है। ईंधन के बढ़ते खर्च से परेशान लोग अब तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। जनपद मिर्जापुर में इन दिनों इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्थिति यह है कि शोरूम में वाहन आते ही कुछ ही दिनों में स्टॉक समाप्त हो जा रहा है और कई ग्राहकों को अग्रिम बुकिंग कर वाहन लेना पड़ रहा है। शोरूम संचालकों के अनुसार पहले जहां एक माह में पांच से छह इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री होती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर दस से बारह तक पहुंच गई है। बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनियां लगातार नए मॉडल बाजार में उतार रही हैं, लेकिन ग्राहकों की संख्या इतनी अधिक है कि कई बार उपलब्ध स्टॉक कम पड़ जाता है। विशेष रूप से युवाओं और नौकरीपेशा लोगों में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। शोरूम संचालकों का कहना है कि बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को वाहन की डिलीवरी मिलने में लगभग तीन से चार दिन का समय लग रहा है, जबकि नकद भुगतान करने वाले ग्राहकों को उपलब्धता के आधार पर तत्काल वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। लोगों का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहन न केवल ईंधन खर्च को कम करते हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डायरेक्टर अभय मिश्रा ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोगों का रुझान तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ग्राहक ईंधन पर होने वाले खर्च को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक विकल्प को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं शोरूम सहयोगी पियूष शुक्ला ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में बिक्री में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है और ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त स्टॉक मंगाया जा रहा है।

# निकली भव्य तिरंगा रैली, देशभक्ति से सराबोर हुआ माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत गुरुवार को ज्ञानपुर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रोडवेज ज्ञानपुर से चित्रांगन लॉन तक निकली रैली में विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार समेत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले बच्चों और लोगों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। चित्रांगन लॉन पहुंचने के बाद तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां तिरंगा मेला एवं प्रदर्शनी के साथ तिरंगा थीम पर रंगोली, कलाकृतियां, सजावट और अन्य कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की राष्ट्रीय अस्मिता, स्वतंत्रता संघर्ष और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ रहा है। बच्चों और युवाओं की भागीदारी से राष्ट्रभक्ति का संदेश गांव-गांव और घर-घर पहुंच रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के गौरव, एकता और देशप्रेम का प्रतीक है। उन्होंने जनपदवासियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बताया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में तिरंगे के महत्व से लोगों को अवगत कराना और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। सभी नागरिक अभियान से जुड़कर अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और राष्ट्रीय एकता व अखंडता को मजबूत करने में योगदान दें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रविंद्रनाथ त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हौसला पाठक व विनय श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय समेत जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत सड़क पर उतरे स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि और अधिकारी**

# सिविल सर्विसेज ट्रायल में नौ खिलाड़ी चयनित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय की ओर से बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम मूंसीलाटपुर में जिला स्तरीय सिविल सर्विसेज चयन एवं ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अलग-अलग खेलों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुल नौ खिलाड़ियों का चयन मंडलीय स्तर के चयन एवं ट्रायल के लिए किया गया। चयनित खिलाड़ियों में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के बाल गोविंद शुक्ल का बैडमिंटन, वरिष्ठ कोषाधिकारी ब्रिजेश सिंह का शतरंज, विजय प्रकाश मौर्य, अवनीश कुमार, धीरंजन कुमार, संतोष कुमार मौर्य एवं पूजा कुमारी का एथलेटिक्स, अनिरुद्ध कुमार का बैडमिंटन तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ज्ञानपुर की आस्था सिंह का योग में चयन हुआ है।

चयनित खिलाड़ी 18 एवं 19 अगस्त को क्षेत्रीय खेल कार्यालय, विंध्याचल मंडल मिर्जापुर में होने वाले मंडलीय चयन एवं ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि पर आवश्यक अभिलेख और खेल सामग्री के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खेल कार्यालय के अनुसार सिविल सर्विसेज खेल प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सरकारी सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी प्रतिभा को उचित मंच उपलब्ध कराना है। चयन प्रक्रिया जिला स्तरीय चयन समिति एवं प्रशिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुई।

**18 और 19 अगस्त को मिर्जापुर में होने वाले मंडलीय ट्रायल में लेंगे हिस्सा**

## पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी द्वारा पंचायत रिसोर्स सेंटर, विकास भवन, सोनभद्र में पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जागृति अवस्थी, आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र रहीं। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक वी.के. राणा एवं राजेश कुमार चौधरी सहित संबंधित अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। तकनीकी सत्र में डॉ. मनीष अरोड़ा, बीएचयू द्वारा पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग, संजय रस्तोगी द्वारा उद्यमिता विकास तथा मोहम्मद तफाशीर खान, शाखा प्रबंधक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, सोनभद्र द्वारा डिजिटल मार्केटिंग एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को उत्पादों की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग तथा बाजार तक पहुंच बढ़ाने के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की समस्याओं एवं सुझावों पर खुली चर्चा की गई।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# गांधी धाम में नि:शुल्क शिक्षा केंद्र की शुरआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद्र-** समृद्धि जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता के नेतृत्व एवं उपाध्यक्ष जावेद अहमद के दिशानिर्देशन में गांधी धाम में निःशुल्क शिक्षा केंद्र की शुरुआत की गई। केंद्र का शुभारंभ थाना प्रभारी राजेश सिंह ने फीता काटकर किया। इस पहल से गांधी धाम एवं आसपास के जरूरतमंद बच्चों को स्कूल के बाद नियमित रूप से निःशुल्क शिक्षा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के महामंत्री महावीर सिंह गोंड ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। शिक्षा केंद्र में बच्चों को शाम के समय पढ़ाया जाएगा, जहां अध्यापक सूरज कुमार बच्चों को शिक्षा प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा जल्द ही नेमना, पिंडारी, बीजपुर और डोडहर में भी निःशुल्क शिक्षा केंद्र शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पढ़ाई का अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनकी शैक्षणिक क्षमता को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव का सबसे मजबूत माध्यम है। संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने क्षेत्रवासियों, समाजसेवियों एवं सहयोगियों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में मनीष यादव, जय सिंह, विजय कुमार, अमित कुमार, अध्यापक सूरज कुमार सहित स्थानीय निवासी राकेश कुमार एवं शशि कुमार मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांधी धाम में निःशुल्क शिक्षा केंद्र शुरू होने से क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ मिलेगा।

**समृद्धि जन कल्याण संस्थान की पहल, जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा मुफ्त शिक्षा का अवसर**

## पुलिस ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, गूंजे जय हिंद और वंदे मातरम के नारे

**भदोही।**'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत गुरुवार को भदोही पुलिस ने दुर्गागंज तिराहा ज्ञानपुर से पुलिस लाइन तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में निकली यात्रा में करीब 250 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर मार्च किया। देशभक्ति गीतों के बीच 'जय हिंद' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। यात्रा के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश दिया। यात्रा में क्षेत्राधिकारी कार्यालय के अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, प्रभारी निरीक्षक यातायात, थाना ज्ञानपुर के पुलिसकर्मी समेत पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय में तैनात अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# हर घर हर घाट तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, शपथ एवं तिरंगा यात्रा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-**'हर घर हर घाट तिरंगा' अभियान 2026 के अंतर्गत जिला गंगा समिति, सोनभद्र द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशन में जनभागीदारी, राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजकीय पॉलिटेक्निक, रॉबर्ट्सगंज में जिला गंगा समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रगीत गायन एवं 'हर घर हर घाट तिरंगा' शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा समूह गायन, एकल गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। समूह गायन में श्रेया व अन्य विद्यार्थियों तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रियंका चौहान, सूरज, श्वेता पाठक, निशिता, श्वेता एवं अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के साथ-साथ जल संरक्षण, नदियों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को 'हर घर हर घाट तिरंगा' अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने तथा अपने आसपास स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रमोद, श्याम नारायण कुशवाहा, श्वेता, प्रदीप पटेल, अरुण कुशवाहा, प्रियतेश जैन, वैभव यादव सहित अन्य अध्यापकगण एवं शिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी कविता यादव, प्रमोद (पर्यावरण समिति), अभिषेक यादव (गंगा वॉलेंटियर) भी उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी महेंद्र गौतम द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रध्वज के सम्मान के साथ जल, नदी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज में दैनिक जागरण, सोनभद्र एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश के नेतृत्व में यात्रा विद्यालय से मुख्य बाजार, शीतला मंदिर चौराहा होते हुए रामलीला मैदान तक गई तथा पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील सहित जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी महेंद्र गौतम, ब्लॉक प्रमुख रॉबर्ट्सगंज, सीओ सिटी, दैनिक जागरण ब्यूरो चीफ एवं उनकी टीम व अन्य गणमान्यजन ने सहभागिता की। जिला गंगा समिति, सोनभद्र द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा नदियों एवं पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार में 52 बन्दियों को निःशुल्क चश्मा का किया वितरण



प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने गुरुवार को जिला कारागार प्रतापगढ़ पहुंचकर 52 बंदियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बंदियों की दृष्टि संबंधी समस्या से राहत दिलाना और उनके स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन को सुगम बनाना रहा। इस अवसर पर जिला कारागार अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, राज्य महिला आयोग सदस्य के व्यक्तिगत सहायक विनय कुमार शुक्लाए प्रोबेशन विभाग से अभय शुक्ला तथा डिप्टी जेलर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा कुशवाहा ने बंदियों से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बंदियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना मानवीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है। निःशुल्क चश्मा मिलने से दृष्टि संबंधी परेशानी से जूझ रहे बंदियों को राहत मिलेगी और वे अपने दैनिक कार्य अधिक सुगमता से कर सकेंगे।

## अधिवक्ता के पिता का निधन, हुई शोकसभा

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के नेताजी पुरम निवासी रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक राम अभिलाष गौड़ ( 75 ) का गुरुवार की सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। वह तहसील के अधिवक्ता ललित गौड़ के पिता भी थे। रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक के निधन क़ी जानकारी पर तहसील में वकीलो व कर्मचारियों में शोक छा गया। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्वश राम अभिलाष के निधन पर परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुः ख जताया। वहीं चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, सभासद पन्नेलाल पाल, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज, राम लोचन त्रिपाठी, राम चंद्र तिवारी, आशुतोष सिंह रज्जन, मो अकरम आदि ने भी शोकसभा के जरिये संवेदना प्रकट की है।

## श्री रामलीला समिति ने तिरंगा यात्रा का किया भव्य स्वागत




प्रतापगढ़। तुलसी सदन हादीहाल से शुभारंभ विशाल तिरंगा यात्रा श्री राम तिराहा पहुंचने पर श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और यात्रा में शामिल सभी नगरवासियों, बच्चों आदि को माजा, लीची, पेप्सी आदि ठंडा देकर जय हिंद, वंदे मातरम् आदि के नारे लगाए गए। यह व्यवस्था श्री रामलीला समिति के संरक्षक रवि अग्रवाल के सौजन्य से हुई थी। इस अवसर पर श्री रामलीला समिति के संरक्षक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश प्रताप सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, बंटी नेता, आदर्श कुमार, विवेक यादव आदि पदाधिकारी व नगरवासी उपस्थित होकर विशाल तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

# उन्नाव में गंगा ने मचाया हाहाकार 112.16 मीटर पर पहुंचा जलस्तर गलियों में चल रही नावें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


लोग छतों पर शरण लेने को मजबूर

उन्नाव। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण उन्नाव में गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ गया है। गुरुवार सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 112.16 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु से ऊपर बह रहा है। बढ़ते जलस्तर की वजह से तटवर्ती इलाकों में नए क्षेत्रों में पानी फैलने लगा है। इससे पहले से बाढ़ से जूझ रहे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कई मोहल्लों में पानी घरों में घुस गया है, जिसके चलते लोग अपनी छतों पर रहने को मजबूर हैं।

**शुक्लागंज और गोताखोर मोहल्ला सबसे ज्यादा प्रभावित** जलस्तर बढ़ने से शुक्लागंज के गोताखोर मोहल्ला समेत कई तटवर्ती इलाकों में लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। गलियों में नाव चल रही हैं और घर पानी से घिर गए हैं। प्रशासन ने आवागमन के लिए नावें लगाई हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि नावों की संख्या पर्याप्त नहीं है। गोताखोर मोहल्ले के निवासी जुबैर खान ने बताया कि कुछ नाविक लोगों को नियमित रूप से घर तक पहुंचा रहे हैं। हालांकि उन्होंने एक नाव चालक के व्यवहार पर नाराजगी जताई। उनके अनुसार कई बार यात्रियों को बीच रास्ते में ही उतार दिया जाता है, जिससे उन्हें दूसरी नाव का इंतजार करना पड़ता है। नावों की कमी के कारण बच्चों को स्कूल और कोचिंग भेजने में भी काफी परेशानी हो रही है।

**पिछले 24 घंटे में 5 सेमी की बढ़ोतरी**

एक सप्ताह पहले गंगा का जलस्तर 112.07 मीटर तक पहुंचा था, जिसके बाद इसमें धीमी गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार को जलस्तर 112.02 मीटर और मंगलवार दोपहर तक 112.04 मीटर रहा। मंगलवार शाम 6 बजे तक यह 112.08 मीटर और बुधवार सुबह 112.11 मीटर दर्ज किया गया। गुरुवार सुबह तक यह बढ़कर 112.16 मीटर पर पहुंच गया। यानी पिछले 24 घंटों में जलस्तर में लगभग 5 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है।

**छत ही बनी आशियाना** बाढ़ के पानी से घिरे मकानों में लोग सीढ़ी और कुर्सी के सहारे छतों पर शरण लिए हुए हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि महिलाएं और बच्चे सामान के साथ ऊपरी हिस्से में बैठे हैं, जबकि पुरुष नाव के सहारे जरूरी सामान ला-ले जा रहे हैं। फिलहाल प्रशासन ने तटवर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। लोगों से नदी किनारे न जाने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की जा रही है।

## बहला-फुसलाकर भगाने के प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना उदयपुर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, नाबालिग बालिकाओं को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने के प्रकरण में वांछित 02 अभियुक्त मंगल उर्फ भुल्लर एवं मोहम्मद सोहेल गिरफ्तार किया गया।वादी निवासी ग्राम बड़ा भड़पुरवा मजरे मुस्तफाबाद, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ की तहरीर के आधार पर थाना उदयपुर पर मु0अ0सं0 153/2026, धारा 137(2)/ 87 बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग में आरोप है कि नामजद अभियुक्तगण द्वारा वादी के परिवार की नाबालिग बालिकाओं को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाया गया था। थाना उदयपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित वांछित अभियुक्त मंगल उर्फ भुल्लर पुत्र शोभनाथ एवं मोहम्मद सोहेल पुत्र मोहम्मद इसरार, निवासीगण ग्राम बड़ा भड़पुरवा मजरे मुस्तफाबाद, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को थाना उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत मुस्तफाबाद-राहाटीकर मार्ग पर रांकी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही नियमानुसार चल रही है।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेसियों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर संघर्ष की भरी हुंकार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लालगंज, प्रतापगढ़। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत गुरुवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के रामपुर संग्रामगढ़ एवं सांगीपुर ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय मंथन हुआ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर हुई इन बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय किये जाने का संकल्प लिया गया। कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में पार्टी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया। एआईसीसी के पर्यवेक्षक प्रमोद सहवाग ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष की धार तेज बनाए रखने का आह्वान किया।उन्होंने रामपुरखास को लगातार कांग्रेस गढ़ बनाए रखने के लिए सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना के द्वारा जारी विकास कार्यक्रमों को सफलता का सराहना किया।पीसीसी कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी ने भी बैठकों में संगठन सृजन अभियान की रूपरेखा से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कार्यकर्ताओं की ओर से अतिथियों का स्वागत किया। बैठक का संचालन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने संगठन की सफलताओं व संघर्ष पर प्रकाश डाला। संचालन प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल ने किया। इस मौके पर लालजी पटेल, रविशंकर शुक्ल, माता प्रसाद पाण्डेय, माताफेर पाल, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, जिपसं रघुनाथ सरोज, रामबोध शुक्ला, अरविंद मिश्रा, शिवकुमार साहू, राजकुमार तिवारी, आनंद सिंह, कृष्ण त्रिपाठी, राधा उपाध्याय, अनिल तिवारी, दिलीप मिश्रा, आचार्य विद्याधर पटेल, निसार अहमद, राजू मिश्र आदि रहे।

# मंडल स्तर की कुश्ती में आसपुर देवसरा के चार खिलाड़ियों ने बढ़ाया मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जनपद स्टेडियम में गुरुवार को आयोजित मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र आसपुर देवसरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया।प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आसपुर देवसरा के तीन बालक और एक बालिका का चयन स्टेट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। सफलता से खिलाड़ियों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता के बाद चयनित खिलाड़ियों का सम्मान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़ द्वारा शील्ड प्रदान कर किया गया। इस उपलब्धि में उच्च प्राथमिक विद्यालय रूर के अंश सिंह और मानसिंह, यूपीएस गौरा माफी के लकी तथा बालिका वर्ग में गरिमा ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं पीएम श्री विद्यालय आमापुर के नलिन सिंह ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रूर के कोच जंग बहादुर यादव के मार्गदर्शन में अंश सिंह और मानसिंह ने कुश्ती की बारीकियों, अनुशासन और नियमित अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया।

यूपीएस गौरा माफी के खिलाड़ियों को कोच शौकत अली ने प्रशिक्षण दिया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विजय प्रताप सिंह ने भी खिलाड़ियों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। कोच जंग बहादुर यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस उपलब्धि के लिए विकास क्षेत्र आसपुर देवसरा के खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंडल स्तर पर सफलता के बाद अब इन खिलाड़ियों की निगाहें स्टेट चैंपियनशिप पर टिकी हैं।

## जिलाधिकारी ने यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल अजगरा रानीगंज व संग्राहलय का किया निरीक्षण



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने गुरुवार को यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल अजगरा रानीगंज का निरीक्षण कर आयोजित होने वाले अजगरा महोत्सव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और कहा कि इस वर्ष अजगरा महोत्सव को बड़ी भव्यता के साथ मनाया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होने तालाब का निरीक्षण कर उसके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। पर्यटन विभाग द्वारा निर्माण कराये गये शौचालय व अन्य कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने संग्राहलय का निरीक्षण कर वहां पर रखे गये पुरातत्व के अवशेषों का बारीकी से अवलोकन कर मौके पर उपस्थित निर्झर प्रतापगढ़ी से अवशेषों के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

# शहीद सुबेदार सुधाकर सिंह के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री, व्यक्त की संवेदना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने गुरुवार को ग्राम गोड़े पहुंचकर शहीद सुबेदार सुधाकर सिंह के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शहीद के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रभारी मंत्री ने शहीद सुबेदार सुधाकर सिंह के परिजनों से मिलकर उनका हालचाल जाना और शहीद के राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।शहीद के परिजनों के प्रति समाज और सरकार की जिम्मेदारी हमेशा बनी रहेगी। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने शहीद सुबेदार सुधाकर सिंह की पत्नी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

इसके उपरान्त जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम महुली में जर्जर मकान गिरने से हुई हृदयविदारक दुर्घटना को लेकर महुली गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। प्रभारी मंत्री ने हादसे में प्रभावित परिवार के सदस्य अमन श्रीवास्तव एवं अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दुर्घटना में दिवंगत सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।उन्होंने कहा कि महुली की घटना अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भी पीड़ित परिवार की आवश्यकताओं एवं उपलब्ध कराई जा रही सहायता के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिरंगे के रंग में रंगा प्रतापगढ़, शहीद उद्यान में हुआ तिरंगा यात्रा का भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रतापगढ़। जनपद में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ तुलसी सदन हादीहाल से हुआ, जो घंटाघर चौक, श्रीराम चौराहा, राजापाल चौराहा, अंबेडकर चौराहा होते हुए शहीद उद्यान पहुंची, जहां यात्रा का भव्य समापन हुआ।तिरंगा यात्रा में प्रदेश सरकार के मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं आमजन ने भारत माता के जयकारे लगाए। पूरे मार्ग पर राष्ट्रभक्ति का उत्साह और तिरंगे की शान दिखाई दी। मुख्य अतिथि राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, देश के प्रति समर्पण और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का भाव मजबूत होता है।जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण का संकल्प है। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।तिरंगा हमें उनके त्याग और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की निरंतर याद दिलाता है।पूर्व विधायक अभय कुमार 'धीरज ओझा' ने कहा कि देश की युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। तिरंगा यात्रा युवाओं में राष्ट्र के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करती है।पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को राष्ट्रहित के लिए एकजुट होने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा ने कहा कि तिरंगे के सम्मान और देश की एकता-अखंडता की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।सदस्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। तिरंगा यात्रा के संयोजक जिला अध्यक्ष भाजयुमो अंशुमान सिंह रहे।

तिरंगा यात्रा में कार्यक्रम संयोजक/जिला महामंत्री अजय वर्मा, जिला महामंत्री राजेश सिंह एवं राजेश मिश्र 'राजन', जिला उपाध्यक्ष रामजी मिश्र, अनुराग मिश्र, अजय सिंह, अशोक सरोज, अशोक श्रीवास्तव, जिला मंत्री मुदित सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह, अरुण मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ल, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, पूर्णाशु ओझा,ओमप्रकाश पांडे, सुरेश सिंह, संतोष मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, गिरधारी सिंह, आशीष त्रिपाठी, विशाल सिंह, ज्योतिमा सिंह चौहान, पिंकी दयाल,विशाल विक्रम सिंह, नीतीश श्रीवास्तव, आलोक गर्ग, पंकज मिश्र, अनिल शुक्ल, मनोज ब्रह्मचारी, साधु दुबे, मनीष सिंह, शिवम त्रिपाठी सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बिस्कोहर में पूर्व मंत्री की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा



बिस्कोहर(सिद्धार्थनगर)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को बिस्कोहर मंडल में 15 अगस्त के उपलक्ष्य में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा की शुरुआत सुबह 9:30 बजे कस्बे के ऐतिहासिक परशुराम तिराहा से शुरू हुई।इसके बाद देशभक्ति के गगनभेदी नारों के बीच यात्रा मंगल बाजार रोड, मुख्य कस्बा, चौक रोड व उत्तर यादव डीह मार्ग से होते हुए दोपहर 11:15 बजे अटल नगर बेलवा स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस भव्य राष्ट्रीय उत्सव में नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अखिलेश दीक्षित, फतेहबहादुर सिंह उर्फ पप्पू सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष कुंवर मिश्रा, जय प्रकाश पाण्डेय, बलराम मिश्रा, हर्षित श्रीवास्तव, अमन चौरसिया, सहित पूर्व माध्यमिक विद्यालय व बीआईसीटी के शिक्षक और बच्चे भारी संख्या में शामिल रहे। सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी हरेकृष्ण उपाध्याय त्रिलोकपुर, चौकी बिस्कोहर अमित कुमार शाही, पुलिस टीम पूरी यात्रा में मुस्तैद रही।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा मेला, संगीत समारोह और प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

» सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर किया गया सम्मानित

रायबरेली- स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में 'तिरंगा मेला, तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट एवं तिरंगा प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान लोक गायक राहुल मिश्रा व विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम में देशभक्ति का वातावरण सृजित किया।

सदर विधायक अदिति सिंह ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया तथा प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हैं। इसके साथ ही मीना मंच की शिक्षिकाओं को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति करने हेतु सम्मानित किया गया। तिरंगा प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय ध्वज के महत्व तथा देश की गौरवशाली विरासत से संबंधित विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया। वहीं, तिरंगा मेले एवं म्यूजिकल कॉन्सर्ट ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण बनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आमजन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को बढ़ावा देना तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करना रहा। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0 वी0 सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्र रहमान सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इटवा में जयवर्धन तिवारी की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत गुरुवार को इटवा मंडल में 15 अगस्त के उपलक्ष्य में एक भव्य विशाल तिरंगा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जयवर्धन तिवारी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर में भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत लगभग 11 बजे डाक बंगले से विशाल विशाल जनसमूह के साथ शुभारंभ हुआ।

देशभक्ति के गगनभेदी नारों के बीच यात्रा मुख्य चौराहा रोड से बलरामपुर मार्ग वाले सड़क से होते हुए दोपहर 12 बजे महादेव घुरहू चौराहा पर पेट्रोल पम्प के सामने अग्रहरि के घर के पास मंच पर पहुंचते हुए जयवर्धन तिवारी ने सभी साथियों के साथ मंच पर खड़े होकर क्षेत्र से आए हुए सभी कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बारिश में सभी लोग आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हुए है इसके लिए उन्होंने ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुधीर तिवारी, अखंड पाल सिंह,संजय सिंह, मार्कण्डेय पाण्डेय, रामतेज शुक्ला, राजेश अवस्थी उर्फ कालिया बाबा, सुनील पाण्डेय, माधव यादव, हरि यादव, राम सागर चौधरी, रामनिवास उपाध्याय, लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, जमींदार अग्रहरि, गिरीश चतुर्वेदी, शिव सागर मिश्रा, जोगिंदर दुबे, आज़ाद सिंह, अभय सिंह, मोना पाण्डेय, रोहन सोनी, द्वारपाल चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों की मांगों को लेकर भाकियू ने ज्ञापन सौंपा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बांसी (सिद्धार्थनगर) । किसानों और मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट के कार्यकर्ताओं ने तहसील अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा की अगुवाई में तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव को सौंपा। दर्जनों ट्रैक्टरों के साथ तहसील परिसर पहुंचे किसानों ने किसान यूनियन जिंदाबाद के नारे लगाए। ज्ञापन में सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, किसानों की कर्जमाफी, खेतिहर मजदूरों की समस्याओं का समाधान, भूमिहीन परिवारों को मुआवजा और मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग की गई। किसान यूनियन ने मनरेगा में रोजगार की गारंटी, बिजली के निजीकरण से संबंधित प्रावधान वापस लेने तथा बीज विधेयक और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेने की भी मांग उठाई। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा, वनाधिकार कानून और पंचायतों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग रखी गई।

# अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

चंदापुर/रायबरेली: उमस भरी गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती और बढ़ते विद्युत लोड ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी है। आए दिन लाइनों में फाल्ट और घंटों होने वाली 33 केवी रोस्टिंग के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार रात मऊ शर्की गांव में ट्रांसफार्मर के समीप लगे कनेक्शन बॉक्स में स्पार्किंग के बाद आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इससे करीब एक हजार की आबादी प्रभावित रही और ग्रामीणों को उमस भरी गर्मी में रातभर बिजली के इंतजार में परेशान होना पड़ा। आपको बता दें कि, जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 10 बजे मऊ शर्की गांव में ट्रांसफार्मर के बगल में लगे कनेक्शन बॉक्स में अचानक स्पार्किंग हुई और आग लग गई। सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फाल्ट दुरुस्त करने का प्रयास किया, लेकिन घना अंधेरा होने के कारण रात में मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो सका। सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित लाइन को डिस्कनेक्ट कर अन्य लाइनों को चालू किया गया। इसके बाद करीब रात 12 बजे चंदापुर फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

सुबह विभागीय लाइनमैन चंद्रभान और विजय कुमार ने मौके पर पहुंचकर विद्युत लीड को बदलने का कार्य किया और फाल्ट को दुरुस्त किया। इसके बाद ग्रामीणों को राहत मिली। हालांकि, रातभर बिजली गुल रहने के कारण उमस और मच्छरों से परेशान ग्रामीणों ने किसी तरह हाथ के पंखे के सहारे रात गुजारी। 33 केवी रोस्टिंग और फाल्ट ने बढ़ाई परेशानीः क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का कहना है कि, एक ओर गर्मी और उमस लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली कटौती का कोई निर्धारित समय नहीं रह गया है। प्रतिदिन 33 केवी की रोस्टिंग कई बार तो दो से चार घंटे तक होने के कारण घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही छोटे कारोबारियों और किसानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ रहे विद्युत लोड के बीच फाल्ट की घटनाओं ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।

मऊ शर्की निवासी अमरेश प्रताप, वीरेंद्र कुमार और बजरंगी तथा मुरैनी निवासी रणविजय सिंह और कल्पेश शुक्ला ने विद्युत विभाग से लाइनों के समयबद्ध मेंटीनेंस, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, जर्जर विद्युत लाइनों को बदलने और आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि, बारिश और उमस भरी गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद यदि विद्युत ढांचे को उसी अनुपात में मजबूत नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में समस्या और विकराल हो सकती है।'बिजली कब आएगी और कब जाएगी, पता ही नहीं': ग्रामीणों का आरोप है कि, क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का कोई स्पष्ट शेड्यूल दिखाई नहीं देता। कब बिजली आएगी और कब चली जाएगी, इसका उपभोक्ताओं को पहले से पता नहीं रहता। अचानक होने वाली कटौती और फाल्ट के कारण घरेलू कामकाज से लेकर पेयजल आपूर्ति तक प्रभावित होती है।

कुछ ग्रामीणों ने विद्युत अव्यवस्था को लेकर राजनीतिक नाराजगी भी जताई। उनका कहना है कि, क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को लेकर जनता को लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि, राजनीतिक आरोपों पर विभागीय स्तर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मेंटीनेंस और क्षमता वृद्धि की उठी मांगः उपभोक्ताओं का कहना है कि, बढ़ते विद्युत लोड को देखते हुए विभाग को पहले से तैयारी करनी चाहिए। ट्रांसफार्मरों की क्षमता की समीक्षा, जर्जर तारों और विद्युत उपकरणों का रखरखाव तथा संवेदनशील स्थानों पर समय रहते मरम्मत होने से फाल्ट और आग जैसी घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। ग्रामीणों ने शासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में निर्बाध एवं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि, गर्मी के इस दौर में बिजली महज सुविधा नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जरूरत बन चुकी है। ऐसे में लगातार होने वाली कटौती और फाल्ट से जनता को राहत दिलाना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# प्रायोगिक परीक्षा में कथित वसूली को लेकर छात्रों का हंगामा, कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप

## प्रत्येक परीक्षार्थी से 300 रुपये मांगने का आरोप, प्राचार्य ने कहा—बदनाम करने की साजिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**त्रिवेणीगंज-** अनुपलाल यादव कॉलेज में गुरुवार को स्नातक के चौथे सेमेस्टर का प्रेक्टिकल परीक्षा देने पहुंचे छात्र-छात्राओं ने कथित अवैध वसूली को लेकर हंगामा किया। साथ ही प्राचार्य कक्ष में बैठकर विरोध भी जताया। हालांकि बाद में हंगामा बढ़ते देख प्राचार्य के हस्तक्षेप के बाद छात्रों शांत हुए। छात्र छात्राओं ने कॉलेज के शिक्षकों पर प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर रुपये मांगने और राशि नहीं देने पर परीक्षा एवं अंक कम करने की धमकी देने का आरोप लगाया। हंगामे के दौरान छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए बीएनएमयू प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। वही प्रेक्टिकल देने आई उजमा प्रवीण,नेहा कुमारी,मौसम कुमारी,रितु कुमारी, अंकू कुमारी,सपना कुमारी,इशू राज,अशफाक आलम और शशिकांत कुमार आदि परीक्षार्थियों का आरोप हैं कि प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर प्रत्येक परीक्षार्थी से 300 रुपये की मांग किए जा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि नामांकन के समय 600 रुपये तथा ट्यूशन फी के नाम पर भी 600 रुपये लिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर अलग से राशि मांगी जा रही है। परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि गुरुवार सुबह 10 बजे परीक्षा देने कॉलेज पहुंचने पर उनसे कहा गया कि जब तक रुपये नहीं दोगे,तब तक परीक्षा नहीं देने दी जाएगी। छात्रों का आरोप था कि रुपये नहीं देने पर कम अंक देने,फेल करने की धमकी शिक्षकों के द्वारा कही गई। छात्रों का कहना है कि जब वे मामले को लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे तो उन्होंने ऐसी किसी राशि की मांग से इनकार किया। इसके बाद छात्रों को दोपहर दो बजे से परीक्षा देने की बात कही गई। कई छात्राओं का आरोप है कि परीक्षा के दौरान शिक्षकों की ओर से उन पर दबाव बनाया जाता है तथा रुपये नहीं देने पर डांट-फटकार की जाती है। छात्रों का आरोप हैं कि होम साइंस विभाग के प्रायोगिक परीक्षा में खाना बनाने सहित अन्य कार्य का थीम के आधार पर अंक देने की बात कही गई। परिक्षार्थियों का कहना था कि एक तो नामांकन के समय सभी शुल्क प्रैक्टिकल,ट्यूशन फीस सब कुछ जमा लेने के बाद कॉलेज में क्लास नहीं होती है। आइसा छात्र नेता संतोष कुमार सियोटा ने कॉलेज प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नामांकन और परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान लिए जाने वाले शुल्क के अलावा छात्रों से सीआईए परीक्षा के नाम पर कथित रूप से एक हजार रुपये,प्रैक्टिकल के नाम पर 300 से 400 रुपये तथा इंटर्नशिप के नाम पर भी अवैध राशि ली जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि छात्रों से किसी मद में अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है तो कॉलेज उसकी रसीद नहीं देती है।



### कहते है प्राचार्य

लगाए गए आरोप निराधार है, कुछ बच्चे हैं जो चाहते हैं कि किसी तरह से कॉलेज का माहौल कुछ खराब हो, अगर कहीं से भी इस तरह की दिक्कत परेशानी हुई होगी तो उसमें हम कोशिश किए हैं कि उसका निदान हो जाए,कॉलेज के हित को देखते हुए अगर किसी तरह की बात हुई है तो उसका हमने निदान किया है, जो भी कुछ निराधार बातें बताई जा रही है उसमें सच्चाई नहीं है।

# डीएम के निरीक्षण में खुली स्कूल की व्यवस्था की पोल, हेडमास्टर व शिक्षिका निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**त्रिवेणीगंज।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय दपरखा में बुधवार को जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई गंभीर अनियमितताओं के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार और सहायक शिक्षिका सरिता कुमारी को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया है। बताया गया कि जिलाधिकारी सावन कुमार ने बुधवार को मध्य विद्यालय दपरखा का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षिका सरिता कुमारी के 17 जुलाई 2026 से अनधिकृत रूप से विद्यालय से अनुपस्थित रहने की जानकारी सामने आई। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर उनकी उपस्थिति की समीक्षा में भी कई तिथियों पर अनुपस्थिति पाई गई। साथ ही जनवरी से मार्च 2026 के बीच कई दिनों में सुबह 10 बजे के बाद विलंब से उपस्थिति दर्ज किए जाने की बात सामने आई। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रथम दृष्टया शिक्षिका का कृत्य कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेने, स्वेच्छाचारिता तथा उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना से संबंधित प्रतीत होता है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध सरकारी आवंटन के विरुद्ध कराए गए कार्य भी असंतोषजनक पाए गए। विद्यालय की पठन-पाठन व्यवस्था अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिली, जबकि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इन आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्य पाए जाने के बाद बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9 के तहत शिक्षिका सरिता कुमारी को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, पिपरा निर्धारित किया गया है। वहीं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार के विरुद्ध भी कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, मध्याह्न भोजन योजना में अनियमितता, विद्यालय संचालन में विभागीय नियमों एवं मानकों का पालन नहीं करने, स्वेच्छाचारिता तथा उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना जैसे आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद उन्हें भी निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन किया गया है। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में दोनों शिक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र अलग से जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के बाद शिक्षा विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र के विद्यालयों में हड़कंप मचा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### अभियान के तहत सड़क किनारे खड़े 202 वाहनों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 202 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### कक्षा 6 की छात्रा ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र, बच्चों के साथ कभी भी हो सकता है हादसा

**कानपुर।** हीरालाल पटेल इंटरनेशनल स्कूल जरौली फेस 2 की छात्रा अंशिका सोनी ने नगर आयुक्त कानपुर को पत्र लिखकर जरौली मैन रोड पर जहां पर कई स्कूल हैं उनके छात्रों की रोड सेफ्टी के लिए कदम उठाने की मांग की है। अंशिका सोनी ने नगर आयुक्त को व्हाट्सएप पर पत्र भेजा है जिसमें बताया गया है कि हीरालाल पटेल इंटरनेशनल स्कूल जरौली फेस 2 में जब छात्र जाते हैं और जब छुट्टी होती है तब अत्यधिक भीड़ रहती है और उस रोड पर वाहन बड़ी तेज गति से निकलते हैं ऐसे में हादसा होने का खतरा बना रहता है। स्कूल के पास न तो कोई स्पीड ब्रेकर है और न ही कोई साइन बोर्ड लगा है जिससे वाहनों की गति धीमी हो सके। छात्रा अंशिका सोनी ने नगर आयुक्त से प्रार्थना करते हुए मांग की है कि हमारे स्कूल के 100 मीटर पहले और बाद में: स्कूल का साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर व जेब्रा क्रॉसिंग लगवाई जाए ताकि बच्चों की सुरक्षा हो सके। लेकिन छात्रा को अभी तक नगर आयुक्त का जवाब नहीं मिला है न ही कोई आश्वासन मिला है।

### साइबर हेल्प डेस्क ने लौटाए 12,435 रुपये

**भदोही।** साइबर हेल्प डेस्क थाना चौरी की त्वरित कार्रवाई से साइबर ठगी के दो पीड़ितों की कुल 12,435 रुपये की धनराशि वापस कराई गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल और संबंधित बैंकिंग संस्थानों से समन्वय कर कार्रवाई की। चौरी थाना क्षेत्र के जोगीपुर निवासी चंद्रभूषण अभयराज सिंह के 9,857 रुपये और वेदमनपुर निवासी रोशीलाकांत दुबे के 2,578 रुपये साइबर ठगी के जरिए खातों से निकल गए थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों की पूरी धनराशि वापस करा दी।

# हजारीबाग युवा कांग्रेस का हुंकार, वकीलों, पत्रकारों व आम नागरिकों से अभद्र व्यवहार का जताया विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग बंद के दौरान वकीलों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो जबीर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा लोकतंत्र, संविधान और आम नागरिकों के सम्मान की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति व्यक्त करने का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी भी नागरिक, पत्रकार या अधिवक्ता के साथ अपमानजनक व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिला अध्यक्ष मो जबीर ने कहा कि बंद के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वकीलों, पत्रकारों एवं आम नागरिकों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा और नागरिकों के सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। युवा कांग्रेस हजारीबाग इस तरह के व्यवहार का पुरजोर विरोध करती है और भाजपा से अपने कार्यकर्ताओं के आचरण को लेकर जवाब मांगती है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह हजारीबाग जिला सह प्रभारी गुलाम मुन्तक़ा ने कहा कि भाजपा के बंद के दौरान जिस तरह वकीलों, पत्रकारों और आम नागरिकों के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस किसी भी तरह की गुंडागर्दी, दबाव और अभद्रता को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को मजबूती से उठाना और नागरिकों के सम्मान की रक्षा करना युवा कांग्रेस की प्राथमिकता है। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है और राजनीतिक दलों को भी विरोध के दौरान संयम एवं मर्यादा का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिला महासचिव दानिश अहमद, जिला मीडिया प्रभारी सह सदर प्रखंड अध्यक्ष मो. शाबान रज़ा, सदर विधानसभा अध्यक्ष माशूक रज़ा, जिला महासचिव तथागत विजित, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष आसिफ रज़ा, शिबू, अनश, बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष संगीता कुमारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोलाजोड़ा पंचायत में AIMIM का जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के पूर्व विधायक सह संथाल परगना प्रभारी जनाब अकिल अख्तर के निर्देशानुसार, पाकुड़ जिला अध्यक्ष शमसाद आलम के नेतृत्व में कोलाजोड़ा पंचायत में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला अध्यक्ष ने पंचायत क्षेत्र के लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और स्थानीय मुद्दों की जानकारी ली। साथ ही पार्टी की विचारधारा, नीतियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में लोगों से संवाद किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष याफोस अली एवं जिला सचिव एनी रोज मुर्मू भी मौजूद रहीं। नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को पंचायत स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, नए लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा सदस्यता अभियान एवं जनसंपर्क कार्यक्रम को तेज करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिला अध्यक्ष मो. शम्साद आलम ने कहा कि ढ्ढस्ढ्ढरू का उद्देश्य संगठन को केवल कागजों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि गांव-गांव और पंचायत-पंचायत तक सक्रिय संगठन तैयार करना है। इसके लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा और उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पाकुड़ जिले के विभिन्न पंचायतों में इसी तरह जनसंपर्क अभियान, सदस्यता अभियान एवं संगठन विस्तार का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। अधिक से अधिक सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़कर AIMIM को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा। AIMIM पाकुड़ जिला कमेटी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ संगठन के विस्तार में अपनी भूमिका निभाएं तथा आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों एवं विचारों को पहुंचाएं।

### नारायणपुर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व गुरुवार को भाजपा प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में अग्रसेन भवन नारायणपुर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा अग्रसेन भवन नारायणपुर से आरंभ होकर नारायणपुर बाजार, बस स्टैंड मोड होते हुए पबिया तक गई। इस अवसर पर भारत माता की जय, इनकलाब जिंदाबाद आदि के उद्घोष भी लगाए जा रहे थे। मौके पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता तरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली गई है। यह यात्रा आपसी भाईचारगी को मजबूत करने के लिए और देश के वीर सपूतों को नमन करने के लिए निकल गई है। देश को आजादी दिलाने में शहीद हुए भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर जिला महामंत्री कमलेश मंडल,मंडल अध्यक्ष बलदेव हांसदा, आनंद पोद्दार, जावेद अंसारी, संजय मंडल, शुक्र राय, दिनेश पांडे आदि उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा साथी झारखंड लगाएगा रक्तदान शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर सामाजिक एवं जनसेवा संस्था युवा साथी झारखंड की ओर से 15 अगस्त 2026 को बरही प्रखंड परिसर में 7वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम लोगों को नियमित रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन, प्रसव अथवा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध होना किसी व्यक्ति के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह जनसेवा अभियान आयोजित किया जा रहा है। युवा साथी झारखंड ने आम नागरिकों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा सभी स्वस्थ एवं योग्य व्यक्तियों से इस शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। संस्था के सदस्यों ने कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन देने का अवसर भी है।

स्वतंत्रता दिवस देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर है। ऐसे में रक्तदान जैसे मानवीय कार्य के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई जा सकती है। संस्था ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के साथ मानवता की सेवा का संकल्प लें और रक्तदान कर किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में अपना योगदान दें। युवा साथी झारखंड ने सभी योग्य रक्तदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने और इस जनसेवा अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है। रक्तदान शिविर 15 अगस्त 2026 स्थान पूर्वी पंचायत भवन, बरही प्रखंड परिसर, बरही, हजारीबाग में लगेगा।

### एसआइआर को लेकर अधिकारियों की हुई बैठक

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** एसआइआर को लेकर गुरुवार को नारायणपुर सीओ देवराज गुप्ता के कार्यालय कक्ष में पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ कमलेश कुमार दास भी उपस्थित थे। बैठक में कहा गया कि प्रथम फेज में गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन हुआ। दूसरे फेज में दावा आपती, नो वेटिंग पर चर्चा हुई। कहा गया कि वोटरों विसंगती के अनुसार डोकोमेंट देना है। कई वोटरों के नाम भी अलग अलग है, एक अभिभावक के साथ नाम है, मां बाप एक है परंतु उम्र का अंतर दिख रहा है। आगे कैसे कार्य करना है इस पर चर्चा हुई। बैठक में बीडीओ सीओ ने कहा कि मिलकर कार्य करना है, ताकि समय रहते मामलों का निपटारा हो सके। इस अवसर पर एजीएम जयदेव मुर्मू, अमरेंद्र झा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुचिता मरांडी, बादल मंडल, लखीराम भंडारी, पूजा माझी, प्रदीप रजक आदि उपस्थित थे।

# श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी में देशभक्ति के रंग में रंगा BSF का भव्य बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमिः** असम के हर जिले के साथ-साथ श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी में भीः 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने और आम लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पाथारकांदी में सीमा सुरक्षा बल ब्वस्न की ओर से भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित लक्ष्मीपुर बीएसएफ कैंप और दोहालीया 15वीं बटालियन बीएसएफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में 50 से अधिक बीएसएफ जवानों ने हिस्सा लिया। दोहालीया बीएसएफ कैंप से तिरंगा झंडे से सजी बाइकों के साथ रैली शुरू हुई। देशभक्ति गीतों से गूंजते वातावरण में जवानों ने करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली दोहालीया कैंप से निकलकर पाथारकांदी शहर के विभिन्न इलाकों से होते हुए लक्ष्मीपुर स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा के बीएसएफ बीओपी कैंप पहुंची। रैली को देखते हुए पाथारकांदी प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की गई। प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से रैली शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, 8 से 16 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इस बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली के समापन के बाद बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थानीय छात्र-छात्राओं के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। साथ ही आम लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएसएफ जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस अवसर पर सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के साथ बीएसएफ के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने का संदेश दिया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ। इस अवसर पर आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाने के लिए आम लोगों से आह्वान किया गया।

# सराहनीय पहल : हर घर तिरंगा अभियान के तहत हजारीबाग यूथ विंग ने किया तिरंगा वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत 151 तिरंगा झंडों का निःशुल्क वितरण किया। अभियान की शुरुआत महेश सोनी चौक से की गई, जहां संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साह के साथ लोगों के बीच तिरंगा वितरित किया और स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। हजारीबाग यूथ विंग पिछले पांच वर्षों से धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर जनसेवा, सामाजिक जागरूकता एवं देशभक्ति से जुड़े अभियानों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने का प्रयास किया जाता रहा है। हर घर तिरंगा अभियान भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव, सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर पर तिरंगा फहराना देश के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम है।

ऐसे अभियानों से समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत होती है और युवा पीढ़ी को देश की स्वतंत्रता के महत्व एवं उसके लिए दिए गए बलिदानों से परिचित होने का अवसर मिलता है। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की आजादी के साथ-साथ एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। हर घर में तिरंगा फहराने का उद्देश्य केवल ध्वज को घर तक पहुंचाना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति गौरव और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करना है। स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाते हुए प्रत्येक नागरिक को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने भी हजारीबाग यूथ विंग की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से स्वतंत्रता दिवस की भावना घर-घर तक पहुंचती है। अभियान के माध्यम से संस्था ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, संस्था के मार्गदर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन, राजेश जैन, समाजसेवी बजरंग अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हज़ारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, विभागीय कार्रवाई, सेवा संपुष्टि, स्थानांतरण, पाठ्यपुस्तकों के वितरण सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षकों के सेवा संपुष्टि से संबंधित सभी लंबित मामलों को शीघ्र प्रेषित करने, सर्विस बुक का अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने तथा विभागीय कार्रवाई से जुड़े मामलों का तय समय-सीमा के भीतर निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने परीक्ष्यमान समाहर्ता सुश्री पूर्वा अग्रवाल को किसी भी प्रखंड का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था के सभी पहलुओं की जांच करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी उच्च विद्यालयों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने तथा विद्यार्थियों की नियमित टेस्ट परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्यान्ह भोजन की नियमित जांच एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों में धारा प्रवाह पढ़ने-लिखने की क्षमता तथा बुनियादी विषयों की समझ विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 8 तक में 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत एवं कक्षा 9 से 12 तक में 6 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया नियमानुसार प्रारंभ की जाए। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की स्थापना शाखा से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। आरोप-पत्र विधिवत प्रेषित नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने कटकमसांडी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही स्थापना विभाग को शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को आरोप-पत्र तैयार करने की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित नियमों की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जब तक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को यह प्रमाणित नहीं किया जाता कि शिक्षकों की सेवा संपुष्टि से संबंधित कोई मामला शेष नहीं है, तब तक किसी भी शिक्षक की सेवा संपुष्टि पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने 25 अगस्त 2026 तक सेवा संपुष्टि के सभी शेष मामलों को प्रेषित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी निर्धारित स्कूल ड्रेस में ही विद्यालय आएं तथा शिक्षक भी ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करें। बैठक में उपायुक्त हेमन्त सती उपस्थित थे।

# अरुणाचली उपद्रवियों की 48 घंटे में गिरफ्तारी की मांग, टीएमपीके ने मंत्री के साथ बैठक में उठाया मुद्दा

## 48 घंटे की अंदर अरुणाचली उपद्रवियों को गिरफ्तारी के मांग टीएमपीके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**असम धेमाजी।** गत 10 तारीख कोअसम-अरुणाचल बॉर्डर पर धेमाजी जिले के गोगामुख के मिंगमांग बदती में बॉर्डर के मुद्दे पर अरुणाचल के उपद्रवियों ने कई असमी लोगों को गोली मार दी, जिसमें वे गंभीर रूप से 11लोग घायल हो गई थी। इस कांड के खिलाफ़ असम के धेमाजी जिला एक्य मंच सहित टीमपिके ने 12 अगस्त को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे धेमाजी जिला बंद एवं अरुणाचली उपद्रवियों को गिरफ्तारी के मांग में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ आर्थिक अवरुद्ध किया था। घटनाओं को मद्दनजर रखते हुए असम के मुख्यमंत्री डॉ हीमंता बिस्वा शर्मा ने माहौल का जायजा लेने ओर परिस्थितियों को शांत के लिए धेमाजी जिला के विधायक एवं मंत्री रणुज पेगू ओर जिला के अभिभावक मंत्री अतुल बोरा को धेमाजी में टी एम पी के के साथ बैठक कर परिस्थितियों को नियंत्रण में लाने लिए के निर्देश दिया था। आज जिला आयुक कार्यालय में दोपहर को एक बैठक किया गया बैठक में टी एम पी के की तरफ से कई मांगे रखे गए जिसमें मुख्यत जिन आरोपों पर मुक़दमा दर्ज कराया गया है उन चार उपद्रवियों को 48 घंटे की अंदर गिरफ्तार की मांग किया। बैठक में टी एम पी के की तरफ से इए स्पष्ट किया कि अरुणाचल के लोगों के खिलाफ टी एम पी के की कोई दुश्मनी या हिंसा नहीं है, जिन लोगों ने असम के लोगों के उपर हमला किया उन के लिए इए प्रदर्शन। दूसरी ओर मंत्री अतुल बोरा ने बैठक के बाद मीडिया को दिए अपनी ब्यान में कहा बैठक सफल रहा दोनों राज्य के सचिव स्तर पर चर्चा चल रही है जितने जल्दी हो सके परिस्थितियों को हम नियंत्रण में लाने की प्रयास करेंगे। इंटर-स्टेट बॉर्डर इलाकों में शांति, सद्भाव और आपसी सम्मान बनाए रखने और यह पक्का करने के लिए,ꣳ से सक्रिय सहयोग की कामना की असम और अरुणाचल प्रदेश के लोगों के बीच दोस्ताना रिश्ते किसी भी हालत में खराब न हों इस पर लोगों को ध्यान देने की भी अपील किया। बैठक में सीसीबरगांव के विधायक जीवन गोगोई, धेमाजी जिला आयुक्त जावीर राहुल सुरेश, डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस सुधाकर सिंह, सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस शप्रकाश सोनवाल के साथ जिला प्रशासन को अधिकारियों ने भाग लिया।

# लिकाबाली में पत्थरबाजी TMPK के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने चलाई गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिलापथार।** असम-अरुणाचल बॉर्डर पर धेमाजी जिले के गोगामुख जिले के मिंगमांग बदती में बॉर्डर के मुद्दे पर 10 अगस्त को अरुणाचल के उपद्रवियों ने लोगों मरने पर कई असमिया लोगों सेगंभीर रूप से घायल हो गई थी । इस घटना के बाद पूरे राज्य में प्रतिक्रिया हो रही थी। लोगों के बीच सवाल उठ रहे हैं। असम-अरुणाचल बॉर्डर का मुद्दा कब सुलझेगा जो पिछले कई सालों से नहीं सुलझ पाया किसी भी सरकार ने दोनों सरकारें असम की सीमा पर लोगों की जान और रोजी-रोटी पर ध्यान देकर सुरक्षा कब पक्की करेंगी TMPK ने मिंगमांग बदती घटना के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर आर्थिक रोड ब्लॉकेड भी किया है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से भी आश्वासन दिया गया था। इस घटना की उचित जांच और समाधान के लिए विशेष कदम उठाने का। टीएमपीके आज दोपहर 12 बजे असम के मंत्रियों अतुल बोरा और रानोज़ पेगु के साथ बातचीत करने वाला था। इस दौरान टीएमपीके के सदस्यों ने आज सुबह लिकाबाली में आर्थिक सड़क को अवरुद्ध कर रहे थे। उसी समय अरुणाचल प्रदेश के निवासियों ने आर्थिक सड़क अवरोध में शामिल लोगों पर बार-बार पत्थर फेंके। अरुणाचल पुलिस ने पीड़ितों पर गोलियां भी चलाई। इस मुद्दे को लेकर काफी विवाद हुए । विरोध प्रदर्शन लिकाबाली में 12वीं असम बटालियन कैंप के सामने किया गया। यहां तक कि प्रदर्शनकारियों की ओर से असम पुलिस पर भी हमला किया गया। कई प्रदर्शनकारियों के घायल होने की खबर है। अबतक सीमांत लिकाबली में तनाव की माहौल है। हालांकि दोनों सरकारों ने इस मुद्दे पर भरोसा और बातचीत से ज़ोर दिया है, लेकिन यह ज़रूर चिंता की बात है कि अरुणाचल के लोगों की हिंसा के बाद यह मुद्दा फिर से कैसे आगे बढ़ेगा।

# मतदान जागरूकता कार्यक्रम में भाषण, प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रतियोगिता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बठिंडा-** डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर-कम-डिप्टी कमिश्नर बठिंडा राजेश धीमान के गाइडलाइंस और स्ठरूबठिंडा एस. अमनदीप सिंह मावी की लीडरशिप में, SWEEP टीम बठिंडा (अर्बन)-92 ने DAV कॉलेज बठिंडा में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम किया। इस मौके पर गुरबख्श लाल ने वोटिंग की इंपॉर्टेंस, नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म-6 और वोटर डिटेल्स में अमेंडमेंट के लिए फॉर्म-8 के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये फॉर्म घर बैठे मोबाइल फोन से ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी भरे जा सकते हैं। स्टूडेंट्स में डेमोक्रेसी के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए, 'डेमोक्रेसी में वोटिंग की इंपॉर्टेंस' टॉपिक पर क्विज़ कॉम्पिटिशन के अलावा, SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) सब्जेक्ट पर एक पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन भी किया गया। अलग-अलग कॉम्पिटिशन के विनर्स को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन और मेडल देकर भी सम्मानित किया गया। इस दौरान जॉनी सिंगला और सुभाष चंद ने स्टूडेंट्स को ECINET ऐप के इस्तेमाल और उसकी अहमियत के बारे में डिटेल में जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल हेड-कम-ELC इंचार्ज पवनदीप जी का खास सपोर्ट रहा, ताकि यह इवेंट सफल हो सके। इस मौके पर SWEEP टीम के मेंबर दीपक कुमार, राम उजागर मौजूद थे।

## वार्ड 34 में 25 एचपी के नए ट्यूबवेल का उद्घाटन, पेयजल संकट से मिलेगी राहत

**लुधियाना।** ग्यासपुर के वार्ड नंबर 34 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को दूर करने के लिए मोहल्ला गगन नगर में 25 एचपी क्षमता के नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय पार्षद राजेश मिश्रा ने ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता निर्मल सिंह एसएस भी मौजूद रहे। पार्षद राजेश मिश्रा ने कहा कि गर्मी और बिजली संकट के बीच क्षेत्र के लोग लंबे समय से पेयजल की समस्या से परेशान थे। लोगों की समस्या को देखते हुए नए ट्यूबवेल की स्थापना कराई गई है। इसके शुरू होने से गगन नगर, न्यू गगन नगर, पाखर कॉलोनी, अजीत सिंह कॉलोनी और गुरु नानक नगर के निवासियों को पेयजल संकट से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। पानी की समस्या को देखते हुए क्षेत्र में दो और नए ट्यूबवेल प्रस्तावित हैं, जिनका जल्द शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को हरसंभव पूरा किया जाएगा। पेयजल, सड़क, सीवरेज और सफाई उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा को लेकर डीजीपी गौरव यादव ने फिरोजपुर, फरीदकोट व बठिंडा रेंज का लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बठिंडा/फिरोजपुर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस-2026 की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने लगातार तीसरे दिन फिरोजपुर और बठिंडा रेंज का दौरा किया। उन्होंने दोनों रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। डीजीपी ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने, निवारक कार्रवाई करने, भीड़ प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसी भी चुनौती से निपटने के लिए त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए। फिरोजपुर में डीजीपी ने फिरोजपुर और फरीदकोट रेंज की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान फिरोजपुर, तरनतारन, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर साहिब और मोगा जिलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने तलवंडी भाई स्थित उच्च तकनीक जांच चौकी का भी निरीक्षण किया। इसके बाद बठिंडा पहुंचकर डीजीपी ने बठिंडा रेंज के अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पुलिस व्यवस्था, बल की तैनाती, समारोह स्थलों और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों पर चर्चा की गई।

**2.75 करोड़ से बने नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन**

तकनीकी पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए डीजीपी गौरव यादव ने बठिंडा पुलिस के 2.75 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि केंद्र में 112 आपातकालीन सेवा के माध्यम से त्वरित प्रतिक्रिया, शहर के 59 प्रमुख स्थानों पर लगे 282 कैमरों से निगरानी, वायरलेस संपर्क, वीडियो विश्लेषण और अपराध की वास्तविक समय में निगरानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि नया नियंत्रण केंद्र बठिंडा पुलिस की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने के साथ अपराध नियंत्रण और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय और जनकेंद्रित पुलिसिंग पर जोर दिया, ताकि लोग पूरे आत्मविश्वास और गर्व के साथ राष्ट्रीय पर्व मना सकें। बैठक में आईजी फरीदकोट रेंज नीलांबरी जगदाले, डीआईजी बठिंडा रेंज हरजीत सिंह, डीआईजी फिरोजपुर रेंज स्नेहदीप शर्मा समेत संबंधित जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## सलिल विश्नोई ने किया व डॉ महेंद्र सिंह ने किया क्रिकेट बाक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कानपुर।** आज विधायक सलिल विश्नोई की विधायक विकास निधि से फूलबाग में निर्मित अत्याधुनिक क्रिकेट बाक्स में 13 से 15 अगस्त तक आयोजित आर्यनगर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेन्ट का उद्घाटन उ0प्र0 के पूर्व कैबिनेट मंत्री एव भाजपा म0प्र0 के प्रभारी डा0 महेन्द्र सिंह ने किया तथा बाक्स में क्रिकेट खेलकर आनन्द भी उठाया। इस अवसर पर विधायक सलिल विश्नोई के साथ विधायक सुरेन्द्र मैथानी, क्रिकेट टीमों सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# श्रीभूमि के दुल्लभछड़ा में वीर टिकेंद्रजीत का 135 वां शहीद दिवस श्रद्धा से मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**श्रीभूमिः** स्वतंत्रता सेनानी वीर टिकेंद्रजीत का 135वां शहीद दिवस 13 अगस्त गुरुवार को श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा के समीप दरगारबंद में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। दरगारबंद डेवलपमेंट कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में संगोष्ठी, कविता पाठ, साहित्यिक प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दरगारबंद गांव स्थित वीर टिकेंद्रजीत की स्थायी प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद स्थानीय मणिपुरी समुदाय के बुजुर्गों और युवाओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ दुल्लभछड़ा की प्रमुख सड़कों पर मार्च निकाला। 13 अगस्त 1891 को ब्रिटिश शासन के खिलाफ मणिपुर के प्रतिरोध आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर टिकेंद्रजीत और जनरल थांगल को फांसी दी गई थी। उनके बलिदान की स्मृति में हर वर्ष 13 अगस्त को मणिपुर सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाला मणिपुरी समुदाय इस दिन को 'पैट्रियट्स डे' यानी देशभक्त दिवस के रूप में मनाता है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीर टिकेंद्रजीत के देशप्रेम, साहस और बलिदान की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वीर टिकेंद्रजीत का संघर्ष और बलिदान मणिपुरी समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनकी विचारधारा और देशभक्ति की भावना को नई पीढ़ी में आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मणिपुरी साहित्य परिषद, असम के उपाध्यक्ष कोयजम स्वपन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी तथा दरगारबंद डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष फानजौबम खाम्बातोल ने की। इस अवसर पर AAMSU केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष फानजौबम साबिकुमार भी उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथियों में मणिपुरी साहित्य परिषद, श्रीभूमि जिला के अध्यक्ष लामाबम बीरेंद्र, आइबा अपुनबा लूप जरीबन के अध्यक्ष पुखाम्बम ननी तथा WMC करीमगंज जिला समिति के अध्यक्ष बीर लैश्रम शामिल थे। कार्यक्रम के समग्र आयोजन की जिम्मेदारी दरगारबंद डेवलपमेंट कमेटी के सचिव मैत्रम बिजेन सिंह ने संभाली। कार्यक्रम में मणिपुरी समुदाय के बुजुर्गों एवं युवाओं के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एसआईआर-2026 की तैयारियों की सीईओ ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब अनिंदिता मित्रा, आईएएस ने राज्यभर के बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर)- 2026 के आगामी चरण की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को पुनरीक्षण के अगले चरण में अपनाई जाने वाली प्रमुख प्रक्रियाओं, कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्तर पर होने वाली सभी गतिविधियां निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सही और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जाएं। बैठक में बीएलओ ने क्षेत्र स्तर पर सामने आ रही समस्याओं और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से जुड़ी अपनी चिंताओं को भी साझा किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जमीनी स्तर पर बेहतर समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई पर जोर दिया। अनिंदिता मित्रा ने बीएलओ से आगामी चरण के लिए पूरी तरह तैयार रहने तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक पात्र मतदाता को आवश्यक सहायता मिले। उन्होंने कहा कि बीएलओ क्षेत्र स्तर पर निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि हैं और मतदाता सूची को व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित बनाने में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग का उद्देश्य पूरे पंजाब में एसआईआर-2026 की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करना है। आगामी चरण को देखते हुए बीएलओ को सतर्क और तत्पर रहते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस लाइन मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल, डीसी और एसएसपी ने लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**होशियारपुर।**15 अगस्त को स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। उपायुक्त आशिका जैन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मलिक ने रिहर्सल का जायजा लिया। समारोह के दौरान पंजाब के कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। रिहर्सल के दौरान उपायुक्त आशिका जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर डीएसपी कुलवंत सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस, पीआरटीसी जहानखेलां महिला पुलिस, जिला महिला पुलिस, पंजाब होमगार्ड, 12 पंजाब बटालियन एनसीसी, गर्ल्स गाइड, सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे मंडी, स्काउट्स, स्कूल ऑफ एमिनेंस खवासपुरहिरां, पीआरटीसी जहानखेलां और पुलिस लाइन के संयुक्त बैंड ने सलामी दी। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सामूहिक पीटी प्रदर्शन, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने गिद्दा और भांगड़ा की शानदार प्रस्तुति भी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति का जज्बा साफ दिखाई दिया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। उपायुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिवारों, विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित करेंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां पूरी लगन और गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के लोगों से स्वतंत्रता दिवस समारोह में पूरे उत्साह के साथ शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 79 वर्ष पूरे होना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। इस राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (विकास) राकेश कुमार मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) निधि कुमुद बंबाह, नगर निगम आयुक्त ज्योति बाला मट्टू, सहायक आयुक्त (सामान्य) सुमित मुध, एसडीएम परमप्रीत सिंह, आरटीओ अमनदीप कौर घुमन, एसपी नवनीत कौर, एसपी मनप्रीत शिमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने बठिंडा में कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बठिंडा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने बठिंडा जिले का दौरा कर जिला प्रशासनिक परिसर में अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में युवाओं के रोजगार एवं कौशल विकास, बुजुर्गों के कल्याण, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा योजना, पॉक्सो मामलों, नमस्ते योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कानूनगो ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी या असहजता का सामना न करना पड़े। अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग देश के प्रत्येक नागरिक के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए विभिन्न जिलों का दौरा किया जा रहा है। इससे पहले कानूनगो ने भुच्चो और रामपुरा फूल का दौरा किया। भुच्चो में उन्होंने करीब 100 परिवारों से मुलाकात की और जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन परिवारों के लिए आवास निर्माण की स्थिति पर 10 दिन के भीतर आयोग को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। रामपुरा फूल में मृत पशुओं के संग्रह की व्यवस्था के संबंध में भी उन्होंने जिला प्रशासन को एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) कंचन, अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) गुरप्रीत सिंह थिंड, नगर निगम आयुक्त लवजीत कलसी, सहायक आयुक्त गुरजिंदर पाल सिंह, एसडीएम बठिंडा अमनदीप सिंह मावी, जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी अभिनव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू टिकैत गुट ने निकाला तिरंगा ट्रैक्टर मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) गुट ने वृहस्पतिवार को सिरसा चौराहे से तिरंगा ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। तिरंगा यात्रा सिरसा चौराहे से शुरू होकर मोहल्ला कायस्थान, एलआईसी चौराहा, तिरंगा चौराहा, पुलिस चौकी से स्टेशन रोड होते हुए वापस सिरसा चौराहे पर पहुंची। यहां किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान जल्द कराने, यूरिया व डीएपी समेत खाद निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने और कालाबाजारी रोकने की मांग की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती बंद कर सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली देने, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा तथा अतिवृष्टि और जलभराव से हुई फसल क्षति का निष्पक्ष सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा खतौनी, वरासत, नामांतरण व सीमांकन जैसी राजस्व समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, नहरों व सरकारी नलकूपों की मरम्मत, सरकारी खरीद केंद्रों पर निष्पक्ष तौल एवं खरीद तथा कृषि योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से दिलाने की मांग की गई। संगठन ने तहसील स्तर पर किसान समस्या समाधान शिविर लगाने की भी मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भाकियू लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने को बाध्य होगी।

129, विधानसभा पूरनपुर शहर में किसान यूनियन टिकैत द्वारा 15 अगस्त के शुभ अवसर पर 13 अगस्त को शहर पूरनपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा पूर्व लॉक प्रमुख अजय भारती, अवधेश भारती आदि ने स्टेशन चौराहे पट किसान संगठन पदाधिकारियों का स्वागतः अभिनंदन किया गया। साथ ही ट्रेटर और गाड़ियों से आये तिरंगा यात्रियों को जलपान व्यवस्था भी करा गई। इस दौरान हरजीत सिंह सिद्धू प्रदेश प्रवता, हरजिंदर सिंह कहलों, मंडल अध्यक्ष, नागेंद्र सिंह प्रदेश सचिव, कमलजीत सिंह मुकेश भारती, सुख लाल, सुमित कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, कालीचरण वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष राजाराम वर्मा, राम, सौरव ससेना, सुन्दरलाल, लाला राम, अखिलेश, राहुल ससेना, प्रमोद पंडित, अजयपाल पंडित आदि मौजूद रहे।

# हाइवे पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवकों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** हाईवे पर सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है बाइक सवार युवकों को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिसके बाद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी बाद में मौत हो गयी। घायलों के शवों को पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहन के यहां दावत खाकर लौटकर घूमने निकले बाइक सवार युवकों की पूरनपुर-पीलीभीत हाईवे पर गढ़ा जंगल के पास मौत हो गई। हादसा 11-12 अगस्त की रात करीब पौने दो बजे हुआ। सूचना पर पहुंची गजरौला पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।बताया गया कि जमुनिया निवासी विकास (23) पुत्र जसवंत और विशाल (26) पुत्र शंभूदयाल हाल निवास नवदिया सुखदासपुर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। गढ़ा जंगल के पास उनकी बाइक को पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी नगर अमरनाथ वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटनास्थल पर सुपर स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी 26 जेड 7350 आगे से क्षतिग्रस्त हालत में मिली। वहीं मौके से यूपी 22 बीटी 2336 नंबर की टूटी हुई नंबर प्लेट भी बरामद हुई।पुलिस ने नंबर प्लेट का नंबर वाहन चालान एप पर जांचा तो वह ट्रक का निकला। प्रथम दृष्टया पुलिस को इसी ट्रक से हादसा होने की आशंका है। पुलिस ने टोल प्लाजा से ट्रक की आवाजाही की डिटेल निकलवाई, जिसमें ट्रक के पीलीभीत से पूरनपुर की ओर जाने की जानकारी सामने आई है।

# आजादी के 78 साल बाद भी बच्चों के हिस्से में कीचड़, पक्की सड़क का इंतजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** आजादी के 78 साल बाद भी ग्राम पंचायत कुम्हेड़ी के बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी है। विद्यालय तक जाने वाला मार्ग दलदल और कीचड़ से भरा होने के कारण छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान रास्ते की स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे बच्चों को जोखिम उठाकर स्कूल जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार मार्ग में सिंचाई विभाग की नहर होने के कारण विभाग पक्का निर्माण नहीं होने दे रहा है, जिसके चलते सड़क निर्माण लंबे समय से अटका हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मामले का संज्ञान लेकर विद्यालय मार्ग को शीघ्र पक्का कराने तथा समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। साथ ही जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर बच्चों को कीचड़ और दलदल से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

# तीज के पावन पर्व पर बिखरे मेहंदी के रंग इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने आयोजित की मेहंदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पूरनपुर (पीलीभीत)।** इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी एवं नगर पालिका परिषद द्वारा संयुक्त रूप से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन में महिलाओं और बच्चों ने मेहंदी के रंग बिखरते हुए सबका मन मोह लिया। सफल प्रतियोगियो को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के कर कमलों से पुरस्कृत भी कराया गया। बृहस्पतिवार को पूरनपुर की नगर पालिका सभागार में नगर पालिका परिषद पूरनपुर एवं सहयोगी संस्था इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी द्वारा हरियाली तीज के शुभ अवसर पर एक भव्य मेहंदी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों और महिलाओं ने अपनी कलात्मकता से हर किसी का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के गौरवशाली विजेता सीनियर वर्ग प्रथम कोमल प्रजापति, द्वितीय प्रिया एवं महिमा प्रजापति, तृतीय माही एवं रोशनी रहीं। जूनियर वर्ग में प्रथम अंशिका, द्वितीय फलक एवं नैंसी, तृतीय रिद्धि एवं मुस्कान रहे। निर्णायक मंडल कार्यक्रम में निष्पक्ष और सटीक निर्णय की भूमिका सलोनी गुप्ता एवं संगीता सिंघल द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम का अत्यंत सफल और ऊर्जावान संचालन डॉ0 सुगंध अग्रवाल द्वारा किया गया। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया एवं इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई। इस अवसर पर इन्नरव्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की सदस्य सलोनी गुप्ता, कल्पना गुप्ता, रिंकी गुप्ता, सुधा गुप्ता, मोनिका गुप्ता, खुशबू गुप्ता, सीमा गुप्ता, मिताली गुप्ता, सोनम गर्ग, विनीता प्रधान, प्रगति गुप्ता, पूनम गुप्ता, पूनम कपूर, मधुरिमा गुप्ता, मीना रस्तोगी मौजूद रहे।

# सोलर प्लेट चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली पुलिस ने सोलर प्लेट चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 10 सोलर प्लेटें और वारदात में प्रयुक्त आपे/टेंपो बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ जनपद ललितपुर और झांसी के विभिन्न थानों में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 11 अगस्त को कड़ेसरा कलां निवासी अमर सिंह बुंदेला और रानीपुरा खांदी निवासी रामसिंह यादव ने अपने-अपने सोलर पैनल चोरी होने की सूचना दी थी। इस पर थाना तालबेहट में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने गुरुवार सुबह करीब 5:05 बजे ग्राम खांदी की पुलिया के पास से आबिद पुत्र अब्दुल खान निवासी चौबयाना और राहुल रैकवार पुत्र विरजू रैकवार निवासी चौबयाना को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर 10 चोरी की सोलर प्लेटें बरामद हुई। चोरी में प्रयुक्त आपे/टेंपो संख्या यूपी 94 एटी 4583 को भी पुलिस ने सीज कर दिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों कमलेश रजक और रवि रैकवार के साथ मिलकर तालबेहट, बार, ललितपुर कोतवाली और बबीना क्षेत्र में सोलर प्लेट चोरी करने की बात स्वीकार की। बरामदगी के आधार पर मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना तालबेहट में दो, थाना बार, कोतवाली ललितपुर और थाना बबीना झांसी में एक-एक मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक विकास कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत थाना तालबेहट पुलिस बल शामिल रहा।

# पिछड़ा-दलित वर्ग महासंघ ने आरक्षण सहित कई मांगें उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पिछड़ा दलित वर्ग महासंघ (अराजनैतिक/सामाजिक संगठन) के प्रतिनिधिमंडल ने पिछड़े वर्ग तथा एससी-एसटी वर्ग के हितों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के संयोजक एडवोकेट दामोदर प्रसाद यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा, रोजगार, किसान और अधिवक्ताओं से संबंधित मांगें प्रमुखता से उठाई।ज्ञापन में मांग की गई कि पिछड़े वर्ग तथा एससी-एसटी के छात्र-छात्राओं को आईटीआई, नीट, जेईई, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, आईसीएस समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में कम से कम 45 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। साथ ही कक्षा एक से उच्च शिक्षा तक इन वर्गों के विद्यार्थियों की पढ़ाई का खर्च केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाने की मांग की गई।संगठन ने शिक्षा मित्रों का वेतनमान सरकारी शिक्षकों के समान करने, अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने की मांग रखी। इसके अलावा किसानों व अन्य लोगों को पर्याप्त रसोई गैस उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।ज्ञापन देने वालों में सह संयोजक एडवोकेट नरेश पाल गौतम, वरिष्ठ पथ प्रदर्शक एडवोकेट हरीराम गौतम, ओमप्रकाश यादव, रामेश्वर दयाल कुशवाहा, नवल किशोर वर्मा, सत्य प्रकाश यादव, भगवान शरण यादव, हरीओम कुशवाहा, सूरज प्रकाश गौतम, लालाराम, अभिषेक यादव, महेश यादव, छविनाथ वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सार्वजनिक रास्ता बंद होने से ग्रामीणों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** सार्वजनिक रास्ता बंद होने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गड्ढा भरकर रास्ता बनवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के गाँव अमरैया कलां गोटिया गांव में सार्वजनिक रास्ता बंद किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से रास्ता खुलवाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रास्ते में गड्ढा खोदने के साथ ही गोबर-घूरा डाल दिया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग का इस्तेमाल लंबे समय से ग्रामीण आवागमन के लिए करते आ रहे हैं। ग्राम पंचायत की ओर से पूर्व में कई बार रास्ते पर मिट्टी और रोड़ा डलवाकर उसे चलने योग्य बनाया जा चुका है। ग्रामीणों के मुताबिक रास्ते पर बिजली के खंभे भी लगे हुए हैं। इसके अलावा इंटरलॉक सड़क और नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजे जाने के साथ धनराशि भी स्वीकृत होने का दावा किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर मौके की जांच कराने, रास्ते में खोदे गए गड्ढे को भरवाने और आवागमन सुचारु कराने की मांग की। छात्रा निकुंज सिंह ने कहा कि रास्ता बंद होने के कारण स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से जल्द रास्ता बनवाने की गुहार लगाई।प्रदर्शन में बलराम सिंह, शिवशंकर सिंह, दीपक सिंह, डल्लू देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं दूसरे पक्ष के पूरन सिंह का कहना है कि उक्त स्थान पहले बाग था और वहां कोई सार्वजनिक रास्ता नहीं है। मामले को लेकर दोनों पक्षों के दावों के बीच प्रशासनिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# अवैध खनन का बेखौफ कारोबार हाईवे पर बोल्डर गिराकर भागी ट्रैक्टर-ट्रॉली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार देर रात अवैध खनन कर ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा किए जाने के दौरान चालक ने एनएच-44 पर ग्राम कड़ेसराकलां के पास बीच हाईवे पर बोल्डर गिरा दिए और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग निकला। सड़क पर भारी पत्थर गिरने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि अवैध खनन की सूचना पर वन विभाग अथवा खनन विभाग की टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा किया जा रहा था। टीम से बचने के प्रयास में चालक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से बोल्डर सड़क पर गिरा दिए। इसके बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। अचानक सड़क पर पत्थर आने से हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर बिखरे बोल्डरों को हटाने का काम शुरू कराया। काफी मशक्कत के बाद सड़क से पत्थर हटाए जा सके। इसके बाद मध्यरात्रि में हाईवे पर यातायात सुचारू हो सका। घटना ने क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन और परिवहन पर निगरानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय खनन सामग्री से भरे वाहन बेखौफ होकर निकलते हैं।

# राजकीय पालीटेक्निक में ओरिएंटेशन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद के दिशानिर्देशानुसार राजकीय पालीटेक्निक पूरनपुर में सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम का 13 अगस्त 2026 को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 अगस्त से प्रारंभ हुए इस 13-दिवसीय कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न व्यावहारिक विषयों से अवगत कराया गया। ओरिएंटेशन के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षिक रूपरेखा, संस्थान व तकनीकी विभागों का परिचय, छात्र सहायता सेवाएं, स्वास्थ्य कल्याण व योग, व्यक्तित्व विकास, डिजिटल लर्निंग (यू-राइज पोर्टल), रोजगार के अवसर तथा ओडीओपी एवं उद्यमिता विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। समापन अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य विल्सन एवं समस्त स्टाफ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा शिक्षा और करियर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। तत्पश्चात प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं विभिन्न रचनात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के टीपीओ व हेड लेक्चरर (इलेक्ट्रिकल) अजय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन के दौरान मंच का सफल संचालन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों–सौरभ, अशोक, गरिमा और स्वाति ने किया। इस दौरान संस्थान के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी के बाहर खड़ी बाइक से सिलेंडर चोरी

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** गैस एजेंसी के पास खड़ी बाइक से सिलेंडर चोरी करता हुआ चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। सिलेंडर चोरी मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। तहसील कलीनगर क्षेत्र के ग्राम टांडा छत्रपति निवासी विनोद कुमार मंगलवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए शिव सत्य गैस एजेंसी पहुंचे थे। विनोद कुमार के मुताबिक वह कार्यालय के अंदर जाकर ओटीपी नंबर दिखाने की प्रक्रिया पूरी करने लगे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल एजेंसी कार्यालय बाहर खड़ी थी। कुछ देर बाद जब विनोद कुमार बाहर आए तो बाइक पर रखा गैस सिलेंडर गायब मिला। उन्होंने आस-पास तलाश की, लेकिन सिलेंडर का कोई पता नहीं चला। इसके बाद गैस एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। फुटेज में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से गैस सिलेंडर उठाकर टुकटुक में रखते हुए दिखाई दिया और इसके बाद वहां से निकल गया। सीसीटीवी फुटेज में घटना सामने आने के बाद विनोद कुमार ने मामले की सूचना पुलिस को दी और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

पूरनपुर (पीलीभीत)। स्वतंत्रता दिवस एवं शासन की मंशा के अनुरूप स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया।

गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवांतापुर से स्कूली बच्चों और शिक्षकों द्वारा गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा रैली में इं0 शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार, मुकेश बाबू, प्रधान सतीश गिरि, शिक्षिका नूपर पाण्डेय, रिंकी कुमारी आदि ने गांव में घूमकर तिरंगा यात्रा रैली निकाली। तिरंगा यात्रा में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राएं शामिल हुए। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रहित में कार्य करने और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# लापता किशोरी के पिता ने अनहोनी की आशंका जताकर पांच के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** किशोरी के लापता होने के मामले में पिता ने करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध किशोरी को पहले फुला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। किशोरी के पिता ने नामजद आरोपियों पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। साथ ही बेटी के संबंध में जानकारी मांगने पर उनके साथ मारपीट किए जाने की बात भी तहरीर में कही गई है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में किशोरी के पिता ने बताया कि 12 अगस्त की सुबह उनकी नाबालिग बेटी घर पर मौजूद थी। आरोप है कि ग्राम कढ़ेर चौरा निवासी कीरत पुत्र नन्हें लाल उसे अपने साथ ले गया। कुछ समय बाद परिजनों को किशोरी के घर पर न होने की जानकारी हुई। इसके बाद पिता ने बेटी के बारे में पूछताछ शुरू की। आरोप है कि इस दौरान नामजद लोगों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट का प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अभी नाबालिग है, इसलिए उसे लेकर वह काफी चिंतित हैं। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द किशोरी को तलाशकर बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# ग्वाला डिफेंस फिजिकल एकेडमी की भव्य तिरंगा यात्रा में दिखा राष्ट्रप्रेम का जोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत संदेश देते हुए ग्वाला डिफेंस फिजिकल एकेडमी, ललितपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में लहराता तिरंगा, जुबां पर भारत माता के जयकारे और दिल में देश के लिए सम्मान–ऐसे उत्साहपूर्ण माहौल के बीच निकली तिरंगा यात्रा ने पूरे शहर में देशभक्ति का रंग भर दिया। ग्वाला डिफेंस फिजिकल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने पूरे अनुशासन और जोश के साथ इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा में शामिल युवाओं के हाथों में तिरंगे झंडे देखते ही बन रहे थे। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, लोगों का उत्साह भी बढ़ता गया। सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों ने तिरंगा यात्रा को देखकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया और देशभक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन की सराहना की। भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ घुसयाना बस स्टैंड से हुआ। यहां से छात्र-छात्राएं कतारबद्ध एवं अनुशासित तरीके से तिरंगा हाथों में लेकर आगे बढ़े। यात्रा में देशभक्ति का ऐसा उत्साह देखने को मिला कि पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर नजर आया। तिरंगा यात्रा पानी की टंकी, सदर कांटा होते हुए वर्णी चौराहा पहुंची। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने तिरंगे के सम्मान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। युवाओं के चेहरे पर देश के प्रति गौरव और उत्साह साफ नजर आया। तिरंगा यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नारे लगाए। भारत माता की जय और राष्ट्रप्रेम के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा ने न केवल स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को और भव्य बनाया, बल्कि समाज में देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और युवाओं की सकारात्मक भूमिका का संदेश भी दिया। ग्वाला डिफेंस फिजिकल एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपने जोश और अनुशासन के माध्यम से यह संदेश दिया कि देश का युवा केवल अपने भविष्य को संवारने के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी सदैव तत्पर है। भव्य तिरंगा यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए वर्णी चौराहा पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ यात्रा का गरिमामय एवं भव्य समापन किया गया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति और सम्मान की भावना से भर उठा। सभी ने तिरंगे के सम्मान में एकजुट होकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं निष्ठा व्यक्त की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, और शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी सहित पुलिस प्रशासन के सिपाही मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं गरिमामय तरीके से संपन्न हुई। ग्वाला डिफेंस फिजिकल एकेडमी ललितपुर द्वारा आयोजित इस आयोजन ने ललितपुर में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को एक नई ऊर्जा प्रदान की। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि देश का भविष्य कहे जाने वाले युवा राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। तिरंगा यात्रा के दौरान जिस प्रकार छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, एकजुटता और देशभक्ति का परिचय दिया, वह निश्चित रूप से प्रेरणादायी रहा। यह आयोजन केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि तिरंगे के सम्मान, देश के प्रति समर्पण और राष्ट्र की एकता-अखंडता के संकल्प का प्रतीक बनकर सामने आया। ग्वाला डिफेंस फिजिकल एकेडमी ललितपुर के संचालक बिल्ला सर ने इस भव्य तिरंगा यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ललितपुर वासियों के बीच देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया तथा युवाओं को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया।

# भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था ध्वस्त, ओवरलोड और केबल जलने के पीछे कौन जिम्मेदार?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

.खीरी टाउन गर्मी अपने चरम पर है और खीरी टाउन की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। कभी ओवरलोड का बहाना बनाया जाता है तो कभी केबल जलने की बात कहकर घंटों आपूर्ति ठप कर दी जाती है। आखिर सवाल यह है कि यदि शुरुआत से ही अच्छी गुणवत्ता की केबल डाली जाए और लोड के अनुसार व्यवस्था मजबूत की जाए, तो बार-बार यही समस्या क्यों सामने आती है? सबसे बड़ा सवाल बिजली चोरी को लेकर उठ रहा है। कस्बे में चर्चा है कि बड़े पैमाने पर बिजली चोरी हो रही है और इसमें पावर हाउस खीरी के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि बिना विभागीय मिलीभगत के लंबे समय तक भारी विद्युत उपकरण, एसी और अन्य लोड वाले कनेक्शन नियमों के विपरीत चलना आसान नहीं है। यदि वास्तव में विभाग ईमानदारी से स्थिति स्पष्ट करना चाहता है, तो विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को इस मामले का तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। अधिकारियों को चाहिए



कि वे युद्ध स्तर पर एक विशेष और गुप्त चेकिंग अभियान चलाएं, जिसमें विद्युत उपकेंद्र खीरी टाउन के कर्मचारियों को पूर्व सूचना न दी जाए। ऐसी कार्रवाई से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन-कौन से कनेक्शन अनियमित रूप से चल रहे हैं, किन उपभोक्ताओं को संरक्षण दिया जा रहा है और किस तरीके से एक से अधिक भारी उपकरण नियमों के विपरीत चलवाए जा रहे हैं। जनता का कहना है कि यदि जांच में कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ केवल औपचारिक कार्रवाई न हो, बल्कि विभाग एक तरफा और कठोर निर्णय लेते हुए उसे सेवा से हटाने तक की कार्रवाई करे। बिजली व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों और जनता को अंधेरे में रखने वालों पर सख्त कार्रवाई ही व्यवस्था में सुधार ला सकती है। अब देखना यह है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

**आखिर सवाल यह है कि यदि शुरुआत से ही अच्छी गुणवाा की केबल डाली जाए और लोड के अनुसार व्यवस्था मजबूत की जाए, तो बार-बार यही समस्या यों सामने आती है? सबसे बड़ा सवाल बिजली चोरी को लेकर उठ रहा है। कस्बे में चर्चा है कि बड़े पैमाने पर बिजली चोरी हो रही है और इसमें पावर हाउस खीरी के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि बिना विभागीय मिलीभगत के लंबे समय तक भारी विद्युत उपकरण, एसी और अन्य लोड वाले कनेशन नियमों के विपरीत चलना आसान नहीं है।**

# अखिल भारतीय धोबी महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन नासिक में संपन्न

## कृष्ण कुमार कनौजिया निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नासिक (महाराष्ट्र)।** नासिक शहर के गंगापुर रोड स्थित सोमेश्वर मंदिर के सामने, बालाजी रिसॉर्ट के लक्ष्मी नारायण बैंक्विट हॉल में 'अखिल भारतीय धोबी महासंघ' का राष्ट्रीय अधिवेशन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में संगठन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की सर्वसम्मति से कृष्ण कुमार कनौजिया को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। ?कार्यक्रम का भव्य आयोजन बालाजी रिसॉर्ट के प्रबंधन एवं संचालक राजेंद्र अहेर द्वारा किया गया। ?इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संगठन के सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का पगड़ी, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभिना स्वागत व सम्मान किया गया। ?प्रमुख हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और सामाजिक नेता उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथियों में आनंद अहेर, दिल्ली




से लेखा राम, अयोध्या से प्रदेश अध्यक्ष राकेश आर्या, तथा वरिष्ठ सामाजिक नेता हरीश धोबी वाला अपने पूरे दलबल के साथ शामिल हुए। ?इसके अलावा मीडिया प्रभारी अशोक कुमार कनौजिया (पत्रकार), दिनेश कनौजिया, गौरव कनौजिया (अधिवक्ता)राजा कनौजिया, रवि कनौजिया, बस्ती से राजू कनौजिया, सालिगराम, बाबूलाल, सुंदरी देवी, मीना कनौजिया, सुभाषनी, सावित्री, कमला, सीता कनौजिया, झांसी से लोको पायलट ए.पी. सिंह बुंदेला, झांसी से ही अशोक कुमार कनौजिया, अलवर से कन्हैया लाल चौहान, केरल से ए. पीएमपना, आंध्र प्रदेश से जिल्ला श्रीमुलू तथा फरीदाबाद से धनीराम सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ?अधिवेशन के दौरान समाज के उत्थान, अधिकारों की रक्षा और संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कस्ता विधानसभा में उमड़ा जनसैलाब, विधायक सौरभ सिंह सोनू की तिरंगा यात्रा बनी चर्चा का केंद्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली/खीरी।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कस्ता विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा ने राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर अपनी अलग छाप छोड़ी। बेहजम-खीरी विधायक सौरभ सिंह सोनू के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं और क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बेहजम स्थित गौरीशंकर मंदिर से हुआ। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और राष्ट्रभक्ति के नारों के बीच यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, लोगों का उत्साह भी बढ़ता गया। कस्ता, मितौली और मैगलगंज तक पूरे मार्ग पर तिरंगे लहराते दिखाई दिए और देशभक्ति का माहौल बना रहा। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी ने इसे शक्ति प्रदर्शन का रूप दे दिया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और विधायक सौरभ सिंह सोनू का अभिनंदन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के वर्षों में क्षेत्र में इतनी बड़ी तिरंगा यात्रा कम ही देखने को मिली है। हालांकि, यात्रा की भव्यता के बीच एक चर्चा यह भी रही कि शुरुआत में बड़ी संख्या में मौजूद कुछ कार्यकर्ता बाद में रास्ते में दिखाई नहीं दिए। राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। बावजूद इसके, यात्रा का समापन राष्ट्रभक्ति और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। क्षेत्रीय राजनीति के जानकारों का मानना है कि कस्ता विधानसभा में निकली यह तिरंगा यात्रा आने वाले समय में राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण संदेश देने वाली साबित हो सकती है। आयोजन में उमड़ी भीड़ ने विधायक सौरभ सिंह सोनू की क्षेत्र में सक्रियता और जनसंपर्क की झलक भी प्रस्तुत की।

# सीएमआईएस समीक्षा में डीएम का सख्त रुख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज विकास परियोजनाओं तथा आकांक्षात्मक विकासखंड मड़ावरा में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं विकास परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विकास कार्यों में धीमी प्रगति पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को एक माह का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगले माह तक प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि इस माह सीएमआईएस पोर्टल पर जनपद की कुल 240 विकास परियोजनाओं में से 157 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष परियोजनाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण होने की स्थिति में हैं। समीक्षा में 15 परियोजनाएं लाल श्रेणी में पाई गई, जिनकी जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से परियोजनावार प्रगति की जानकारी ली। जननी सुरक्षा योजना की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए




एनएचएम के डा.अमित तिवारी का स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं डीएएम का इस माह का वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब किया गया तथा एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ के अधिकांश विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि इस माह कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं आता है तो संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में समयाभाव अथवा अन्य कारणों से प्रगति प्रभावित हो रही है और वह लाल श्रेणी में पहुंच रही हैं, उनके संबंध में शासन स्तर पर पत्राचार कर आवश्यकतानुसार समयावधि बढ़वाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, बल्कि परियोजनाओं को धरातल पर समय से पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि अगले माह तक जिन परियोजनाओं की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, उनमें संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पूर्ण होने की स्थिति में पहुंच चुकी परियोजनाओं के लिए हैंडओवर समिति का गठन तत्काल करने के निर्देश भी दिए गए। कृषि विभाग एवं उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि समूहों को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जोडने़ पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने जिले की बानपुर, जखौरा, बिजरौठा, बड़ौदाडांग और गंगचारी गौशालाओं तक पहुंच मार्ग नहीं होने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इनके लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में संस्कृति विभाग के कार्यों की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए। वहीं गिन्नौट बाग में पर्यटन विकास परियोजना का टेंडर न हो पाने के मामले में पर्यटक अधिकारी को प्रमुख सचिव से पत्राचार करने के निर्देश दिए। जल निगम की अमृत योजना के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए इसी माह तिथि निर्धारित कर विकासखंडवार कार्यक्रम आयोजित कराने को कहा। समीक्षा के दौरान सड़कों के अनुरक्षण, डे-एनआरएलएम, फैमिली आईडी, आईसीडीएस, 15वां वित्त आयोग, 5वां वित्त आयोग, राज्य योजना, निर्माण कार्य तथा नई सड़कों के निर्माण की प्रगति अपेक्षाकृत खराब पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को अगले माह तक प्रगति सुधारने का स्पष्ट अल्टीमेटम दिया।

# एसजीपीजीआई में एससी-एसटी कर्मचारी कल्याण समिति का त्रिवर्षीय चुनाव संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (SGPGI) में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति का त्रिवर्षीय चुनाव 12 अगस्त 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया स्त्रक्कढ्ढ की लाइब्रेरी बिल्डिंग के बेसमेंट में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुरूप कराई गई। निर्वाचन प्रक्रिया में मुख्य चुनाव अधिकारी शशांक शेंडे के साथ चुनाव अधिकारियों अजय कुमार सोनकर, सुनील कुमार, हरिवीर सिंह, राम सागर जायसवाल, पवन कुमार, रीमा चौधरी एवं मनीषा कनौजिया सहित अन्य सहयोगियों ने



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चुनाव अधिकारी सुनील कुमार ने अंतिम परिणाम घोषित किए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर राज कुमार, महामंत्री पद पर सविता वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर पवन कुमार तथा संयुक्त मंत्री पद पर अरविंद कुमार एवं शिवानी रावत निर्वाचित हुए। इसके अलावा संगठन मंत्री सीमा, कार्यालय मंत्री कन्या कुमारी, कोषाध्यक्ष वंदना, प्रचार मंत्री वीरबली तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुमारी जूली और सुभाष कुमार सहित अन्य सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की गई कि नई कार्यकारिणी कर्मचारी हितों, संगठन की एकता और समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेगी। चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने वाले सभी चुनाव अधिकारियों, सहयोगियों एवं कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया गया।

# स्मारक परिसर में लगी सोलर स्ट्रीट लाइट, प्रधान ने किया लोकार्पण

## ........निगोहां में शहीद अमरेंद्र बहादुर सिंह स्मारक को मिली रोशनी, ग्रामीणों ने पहल की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां स्थित शहीद अमरेंद्र बहादुर सिंह स्मारक अब रात में भी रोशन रहेगा। ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित के प्रयास से स्मारक परिसर में सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है। गुरुवार को ग्राम प्रधान ने स्मारक पहुंचकर सोलर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण किया। ग्राम प्रधान अभय कांत दीक्षित ने कहा कि शहीदों की स्मृति को सम्मान देने के साथ ही ग्रामीणों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्मारक परिसर में सोलर लाइट लगवाई गई है। इससे शाम के समय स्मारक पर



श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों और राहगीरों को सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि स्मारक परिसर में रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। अब सोलर स्ट्रीट लाइट लगने से परिसर रोशन रहेगा और शहीद की स्मृति में होने वाले कार्यक्रमों में भी सुविधा होगी। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की पहल की सराहना करते हुए आभार जताया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सालों से रुके कार्य आखिरकार पूरे राजघाट बांध परियोजना में अधिकारियों की मुस्तैदी से बढ़ी पर्यटन की राह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राजघाट बांध परियोजना के अंतर्गत लंबे समय से लंबित पड़े विकास कार्यों को आखिरकार अधिकारियों के कुशल प्रबंधन और तत्परता से पूरा कर लिया गया है। सिंचाई विभाग और परियोजना से जुड़े उच्च अधिकारियों के विशेष प्रयासों से अब इस क्षेत्र में पर्यटन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। राजघाट बांध परियोजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए हैं, जिनमें मेसनरी बांध का कायाकल्प भी शामिल है। लगभग 26 वर्षों से लंबित पड़े मेसनरी बांध के गेटों और पीयर्स की पुताई का कार्य अधिकारियों ने अपनी देखरेख में प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया। बांध की कार्यप्रणाली को आधुनिक और सुचारू बनाने के लिए स्काडा सिस्टम का कार्य सफलतापूर्वक स्थापित कराया गया। मेसनरी बांध के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में पैरापिट व मरम्मत के साथ-साथ पुताई का कार्य पूरा किया गया, जिससे बांध की सुरक्षा और सुंदरता दोनों बढ़ी है। अर्थ डैम के आउट फाल ड्रेन, टो ड्रेन एवं पैरापिट की आवश्यक मरम्मत और पुताई का कार्य संपन्न कराया गया। कई वर्षों से उपेक्षित पड़े चन्देरी नाले की व्यापक साफ-सफाई का कार्य अधिकारियों ने योजनाबद्ध तरीके से पूरा कराया, जिससे जलभराव की समस्या का अंत हुआ। यू.आर.सी., एल.आर.सी. एवं एल.बी.सी. नहरों की विशेष मरम्मत के साथ-साथ उनके गेटों की पुताई आदि का कार्य पूरा कर पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। संबंधित अधिकारियों के अनुसार, इन सभी कार्यों के पूरे होने से न केवल बांध की तकनीकी क्षमता मजबूत हुई है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी यह क्षेत्र अब और अधिक आकर्षक और सुरक्षित बन गया है। सालों से अटके इन कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा कराने के लिए विभाग के शीर्ष अधिकारियों की कार्यशैली की हर तरफ सराहना हो रही है।

# मानदेय बढ़ाने और लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग को लेकर आशा कार्यकर्तियों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मानदेय बढ़ाने, लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को जनपद की आशा कार्यकर्तियों ने प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन से संबद्ध आशा कार्यकत्री कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कार्यकर्तियों ने जिलाध्यक्ष आशा यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आशा कार्यकर्तियों ने कहा कि 6 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री और यूनियन पदाधिकारियों के बीच हुई वार्ता में 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद मांगों को धरातल पर लागू नहीं किया गया। इससे आशा कार्यकर्तियों में रोष




व्याप्त है। आशा कार्यकर्तियों ने वर्तमान मानदेय 1500 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की। इसके साथ ही मातृत्व अवकाश की सुविधा देने, जीवन बीमा की राशि दो लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने तथा स्वास्थ्य बीमा का लाभ उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। कार्यकर्तियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए कार्यों के अलावा आयुष्मान भारत, टीबी, कुष्ठ रोग, पोलियो एवं अन्य स्वास्थ्य अभियानों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन कार्यों से संबंधित कई प्रोत्साहन राशियां अभी तक लंबित हैं। कार्यकर्त्रियों ने सभी बकाया प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की। ज्ञापन में जनवरी 2023 से मानदेय भुगतान से संबंधित समस्या भी उठाई गई। कार्यकर्त्रियों का कहना है कि जनवरी 2023 से मानदेय और उसी के अनुसार भुगतान का आदेश होने के बावजूद कई स्थानों पर वर्ष 2023 का भुगतान नहीं किया गया, जबकि वर्ष 2024 का भी अधूरा भुगतान हुआ है। उन्होंने बकाया मानदेय का पूर्ण भुगतान कराने और भुगतान संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग की। इसके अलावा गर्भपात के मामलों में 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि, प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थिएटर में ड्यूटी के दौरान मिलने वाले प्रोत्साहन का भुगतान तथा 45/46 के अंतर्गत बंद सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने सहित अन्य मांगें भी उठाई गईं। इस दौरान जिलाध्यक्ष आशा यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजना चौबे, कोषाध्यक्ष गीता, जिला महामंत्री ममता झा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष मालती यादव, संयुक्त मंत्री लक्ष्मी सेन, ऑडिटर सुमन कौंते, प्रचार मंत्री कविता और जिला सचिव सरोज राजपूत सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्तियां मौजूद रहीं। विभिन्न ब्लॉकों से नीतू रानी, किरन सिंह, देवी राजा, सुषमा राजा, शिरोमणि और संगीता दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्तियां भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।